Page 11



खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश

## अमन सहरावत का शानदार प्रदर्शन, सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण

## इसरो छोड़ रहे हैं अनुभवी वैज्ञानिक, एक साल में 100 से ज्यादा का इस्तीफा, सरकार ने कड़े किए...


शुक्ल पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 17 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 225 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,31,350 | ₹ 2,35,000 |



### आज का इतिहास

**1947 :** भारतीय यात्री जहाज एसएस रामदास को मुंबई के एक तूफान ने तबाह कर दिया, जिसमें 625 लोग मारे गए।

**1948 :** देश में महिलाओं को भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा समेत किसी भी तरह की नागरिक सेवाओं में पात्र घोषित किया गया।

### न्यूज बाइट्स

#### बिहार प्री-मैट्रिक छात्रवृत्तिः 9वीं-10वीं के विद्यार्थियों के लिए ओटीआर अनिवार्य

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के इच्छुक कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के छात्र-छात्राओं को 31 जुलाई 2026 तक यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ओटीआर के बिना छात्रवृत्ति के लिए आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) निशांत गुंजन ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों का प्राथमिकता के आधार पर एनएसपी पोर्टल पर ओटीआर कराया जाए। इसके बाद विद्यार्थियों से प्राप्त ओटीआर संख्या को ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। शिक्षा विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल और ई-शिक्षाकोष पोर्टल का एकीकरण कर दिया गया है। इसी कारण ई-शिक्षाकोष में भी ओटीआर का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिससे छात्रवृत्ति प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम हो सके। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या या संशय की स्थिति में विद्यालय प्रबंधन ई-शिक्षाकोष के तकनीकी कर्मियों से समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया पूरी कराएं।

# सीएम ने की बिहार के 150 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत

## कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को मिलेगी लाइव डिजिटल पढ़ाई, जेईई-नीट और सीयूईटी की तैयारी भी होगी, पहले चरण में पटना के 150 स्कूल शामिल

• योजना का विस्तार जुलाई के अंत तक पटना के 422 हाई स्कूलों और बाद में पूरे बिहार में किया जाएगा

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए गुरुवार से पटना के 150 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास (बिहार स्कूल लाइव क्लासेज) की शुरुआत कर दी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शास्त्री नगर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय से इस योजना का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों के साथ कक्षा में बैठकर स्मार्ट क्लास का अनुभव लिया।

मुख्यमंत्री ने कक्षा में विद्यार्थियों के साथ बैठकर कोशिका विषय पर चल रही डिजिटल कक्षा को देखा। इस दौरान छात्रों ने विषय से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका शिक्षकों ने उत्तर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे, जहां विद्यार्थियों ने उन्हें अपने प्रोजेक्ट और प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने करीब 30 मिनट तक सात से आठ कक्षाओं का भ्रमण कर विद्यार्थियों से बातचीत की और उनसे सवाल भी पूछे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी भी मौजूद रहे। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों से कोई प्रश्न नहीं पूछा और न ही किसी प्रेजेंटेशन पर चर्चा की। सरकार के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों के समान आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए लाइव एवं इंटरैक्टिव ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिनमें विशेषज्ञ शिक्षक सीधे छात्रों को पढ़ाएंगे और उनकी शंकाओं का समाधान करेंगे।



योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को डिजिटल स्टडी मैटेरियल, रिकॉर्डेड लेक्चर, नोट्स तथा नियमित मॉक टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ विद्यार्थियों को जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी स्कूल स्तर पर ही कराई जाएगी। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए पटना के 10 मॉडल स्कूलों में जेईई और नीट की निःशुल्क कोचिंग शुरू करने की भी घोषणा की है। भविष्य में इस सुविधा का विस्तार राज्य के 146 मॉडल स्कूलों तक किए जाने की योजना है। फिलहाल इस योजना का पहला चरण पटना के 150 सरकारी स्कूलों में शुरू किया गया है। सरकार का लक्ष्य जुलाई के अंत तक इसे पटना के सभी 422 हाई स्कूलों तक पहुंचाने का है। इसके बाद इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे बिहार के सरकारी विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

### अमृत 2.0 मिशन

## चार शहरों में जलापूर्ति व सीवरेज व्यवस्था होगी सुदृढ़

**पटना(नि.सं.)।** बिहार सरकार ने शहरी आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अमृत 2.0 मिशन के तहत राज्य के चार शहरों—समस्तीपुर, सीतामढ़ी, खगड़िया और हाजीपुर—के लिए करीब 829 करोड़ रुपये की चार प्रमुख पेयजल एवं सीवरेज परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार इन परियोजनाओं से हजारों परिवारों को शुद्ध पेयजल, बेहतर जल निकासी और स्वच्छता की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। समस्तीपुर शहर के लिए 228.45 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है। इसके तहत 17,899 घरों तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। परियोजना में 80 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र (वाटर ट्रीटमेंट प्लांट), एक इंटेक वेल, 7 नई जलमीनारें, 546.88 किलोमीटर लंबा जल वितरण नेटवर्क तथा आधुनिक एससीएडीए प्रणाली स्थापित की जाएगी।

# संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने के लिए सभी जिलों को अलर्ट रहने का निर्देश

• आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने तैयारियों की समीक्षा की, राहत शिविर, नाव, मोटरबोट, दवाएं और कंट्रोल सिस्टम को दुरुस्त रखने पर दिया जोर

• जिला आपातकालीन संचालन केंद्रों को 24×7 संचालित रखने के निर्देश।

• आपदा में मृतकों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर।



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी जिलों को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया है। गुरुवार को आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल सहित सभी जिलों के सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता (आपदा) एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ को लेकर जिलों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बाढ़ राहत सामग्री के दर निर्धारण, पॉलिथीन शीट की उपलब्धता एवं खरीद, नावों की व्यवस्था एवं नाव मालिकों के साथ एकरारनामा, राहत शिविरों एवं सामुदायिक रसोई की तैयारी, जिला आपातकालीन संचालन केंद्रों के 24×7 संचालन, बाढ़ आश्रय स्थलों के रखरखाव, मानव एवं पशु स्वास्थ्य सेवाओं, पशु चारा, फसल की स्थिति तथा प्राकृतिक आपदाओं में मृतकों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान के भुगतान सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में विभाग के अपर सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ के मद्देनजर जिलों द्वारा की गई तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं एसडीआरएफ (एसडीआरएफ) के संयुक्त प्रयासों से आपदा के प्रभाव को न्यूनतम किया जाएगा। उन्होंने अक्रियाशील मोटरबोटों को हटाकर नए मोटरबोट उपलब्ध कराने तथा सभी बाढ़ आश्रय स्थलों का नियमित भौतिक निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी आपदा में मृत व्यक्तियों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी प्रविष्टि संबंधित पोर्टल पर तत्काल की जाए। वर्ष 2026 से पूर्व के लंबित भुगतान मामलों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाकर अगस्त के अंत तक सभी मामलों का निपटारा करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने कहा कि सभी अधिकारी आपदा प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एसडीआरएफ को आवश्यकता के अनुसार शीघ्र वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। बैठक में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव वारिस खान, एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेश कुमार, कार्यवाहक कमांडेंट अश्विनी कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

## होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों की नई तैनाती पर रोक



• ईरान ने हालिया अमेरिकी हमलों में 35 से अधिक लोगों के मारे जाने का दावा किया है।

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में लगातार बिगड़ते सुरक्षा हालात और होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते हमलों के बीच भारत सरकार ने बड़ा एहतियाती कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने अगले आदेश तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) की नई तैनाती पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया है। यह आदेश जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधन कंपनियों और रिक्रूटमेंट एंड प्लेसमेंट सर्विस लाइसेंस कंपनियों पर लागू होगा। सरकार ने सभी समुद्री कंपनियों को अरब की खाड़ी, होर्मुज स्ट्रेट और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में अत्यधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नौवहन संबंधी सभी सुरक्षा चेतावनियों पर लगातार नजर रखने और इंटरनेशनल शिप एंड पोर्ट फैसिलिटी सिक्योरिटी कोड का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है, जब हाल के दिनों में होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास हुए हमलों में भारतीय नाविकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

इसी सप्ताह हुए हमलों में दो भारतीय नाविकों की मौत हुई, जबकि कई अन्य घायल हुए। विभिन्न हमलों में 28 फरवरी से अब तक कम से कम 14 भारतीय नाविकों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह प्रतिबंध भारत से होने वाली नई तैनाती पर लागू होगा। यदि कोई विदेशी शिपिंग कंपनी भारत के बाहर से नाविकों की भर्ती करती है, तो उस पर यह आदेश सीधे लागू नहीं होगा।

## आईएएस अधिकारियों का तबादला, कई विभागों को मिले नए सचिव

**पटना(नि.सं.)।** बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला किया है। 16 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना के तहत कई विभागों के सचिवों का स्थानांतरण किया गया है, जबकि कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को अतिरिक्त विभागों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इस प्रशासनिक फेरबदल का असर ग्रामीण कार्य, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण सहित कई महत्वपूर्ण विभागों पर पड़ेगा। जारी अधिसूचना के अनुसार, 2004 बैच के आईएएस अधिकारी अभय कुमार सिंह, जो अब तक सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव थे, उन्हें स्थानांतरित कर ग्रामीण कार्य विभाग का सचिव बनाया गया है। उन्हें अगले आदेश तक सूचना प्रावैधिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं, 2005 बैच के आईएएस अधिकारी दिवेश सेहरा, जो अब तक ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत थे, उन्हें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

पशुपालन निदेशालय, बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी

बिहार सरकार

बिहार पशु प्रजनन विनियमन अधिनियम, 2025

बेहतर नस्ल ★ अधिक उत्पादन ★ सुरक्षित भविष्य



पशुपालकों एवं कृत्रिम गर्भाधान (AI) से जुड़े सभी व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

बिहार सरकार द्वारा ''बिहार पशु प्रजनन विनियमन अधिनियम, अगस्त 2025'' से लागू किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य में गुणवत्तापूर्ण पशु प्रजनन सेवाएँ सुनिश्चित करना तथा पशुधन की नस्ल एवं उत्पादकता में सुधार करना है।

मुख्य प्रावधान

केवल पंजीकृत Artificial Insemination Technician (AIT) ही AI सेवा प्रदान करेंगे।

केवल प्रमाणित एवं अधिकृत सीमेन/सेक्स–सॉर्टेड सीमेन का ही उपयोग एवं वितरण किया जाएगा।

सीमेन बैंक, AI सेवा प्रदाता, AI प्रशिक्षण संस्थान एवं IVF-ET प्रयोगशालाओं का पंजीकरण अनिवार्य होगा।

अपंजीकृत अथवा अवैध रूप से पशु प्रजनन संबंधी गतिविधियाँ करना दण्डनीय अपराध होगा।

पशुपालकों से अपील

✓ कृत्रिम गर्भाधान केवल अधिकृत तकनीशियन से ही कराएँ।

✓ AI कराने से पहले तकनीशियन का पंजीकरण/पहचान अवश्य देखें।

✓ अधिक दूध उत्पादन, स्वस्थ बछड़े तथा बेहतर नस्ल के लिए प्रमाणित सीमेन का ही उपयोग कराएँ।



AI तकनीशियन, निजी संस्थान एवं सीमेन विक्रेताओं हेतु

यदि आप कृत्रिम गर्भाधान सेवा, सीमेन वितरण, सीमेन बैंक, प्रशिक्षण संस्थान अथवा अन्य पशु प्रजनन गतिविधियों से जुड़े हैं, तो अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक पंजीकरण एवं अनुज्ञप्ति प्राप्त करें।

नोटः अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना एवं अन्य दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें

अपने जिला के जिला पशुपालन पदाधिकारी

या

बिहार लाइवस्टॉक डेवलपमेंट एजेंसी, बिहार, पटना

ईमेलः pdblda.pat@gmail.com

PR No.- 007947 (Animal)D. 2026-27

सशक्त नस्ल – समृद्ध पशुपालक – विकसित बिहार

पशुपालन निदेशालय

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

PR. No.- 3

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती की

# पटना में श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने खींची रथ की डोरी

**निज संवाददाता | पटना**

राजधानी पटना में गुरुवार को भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में निकाली गई। इस्कॉन मंदिर से प्रारंभ हुई इस दिव्य यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग पर 'हरे राम, हरे कृष्ण' और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर रथ की डोरी खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। रथयात्रा के शुभारंभ से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती की। परंपरा का पालन करते हुए उन्होंने रथ के आगे की सड़क पर झाड़ू लगाई और उसके बाद रथ की डोरी खींचकर यात्रा का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



इस वर्ष भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा 40 फीट ऊंचे आधुनिक हाइड्रोलिक रथ पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देने निकले। जैसे ही रथ आगे बढ़ा, भक्तों की भारी भीड़ जयघोष करते हुए उसके साथ चल पड़ी। श्रद्धालुओं में रथ की डोरी खींचने और महाप्रभु के दर्शन करने की विशेष उत्सुकता देखने को मिली। रथयात्रा मार्ग को रंग-बिरंगी रंगोलियों, पुष्प सज्जा और आकर्षक तोरण द्वारों से भव्य रूप दिया गया था। रंगोली तैयार करने के लिए पटना के अलावा देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से भी कलाकार पहुंचे थे। यात्रा के दौरान भगवान के रथ और श्रद्धालुओं पर लगातार पुष्पवर्षा की गई। विशेष आकर्षण का केंद्र हेलिकॉप्टर से की गई फूलों की वर्षा रही, जिसने पूरे आयोजन को और भी दिव्य एवं अलौकिक बना दिया। रथयात्रा के साथ-साथ दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक मंदिर परिसर और पूरे यात्रा मार्ग पर अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्ति गीतों और संकीर्तन के बीच श्रद्धालु नृत्य करते हुए महाप्रभु का गुणगान करते रहे। पूरे दिन राजधानी का वातावरण आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग छात्राओं के अपहरण के प्रयास मामले में दो आरोपित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में दो नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ कर उनका अपहरण करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जमुई जिले के गरही थाना क्षेत्र के देवलाटांड़ गांव निवासी मोहम्मद अजहर उद्दीन (पिता- मोहम्मद अमानत मियां) एवं मो. दिलशाद अंसारी (पिता- मो. हारून अंसारी) के रूप में हुई है। दोनों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया गया। वहीं ऑटो चालक मो. हारून अंसारी (पिता- मो. अयूब) ऑटो लेकर फरार हो गया, जबकि उसके साथ लाइनर के रूप में काम कर रहा एक अन्य युवक भी बाइक छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने उसकी बाइक जब्त कर थाना ले आई है। पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, बुधवार को हाई स्कूल से पढ़ाई पढ़ कर लौट रही दो छात्राएं कौआकोल बाजार से एक ऑटो पर सवार हुईं। ऑटो में पहले से दो युवक बैठे थे। मधुरापुर गांव के पास दोनों युवकों ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी, जबकि ऑटो चालक वाहन को तेज गति से जंगल की ओर ले जाने लगा। छात्राओं ने विरोध करते हुए गुआघोघरा गांव के पास शोर मचाया, जिस पर स्थानीय ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों छात्राओं को आरोपितों के चंगुल से मुक्त कराया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। हालांकि ऑटो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद एक लाइनर बाइक से वहां पहुंचा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे खदेड़ दिया। वह अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की गई। मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### कौआकोल पीएचसी में दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर आयोजित, 30 लाभार्थियों का बना प्रमाण पत्र

**कौआकोल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में गुरुवार को दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए विशेष दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता से संबंधित जांच के बाद कुल 30 लोगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। इनमें 9 फाइलेरिया (हाथीपांव) से पीड़ित मरीज भी शामिल रहे,जिन्हें जांच के उपरांत प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल के नेतृत्व में डॉ. सुमाया प्रवीण ने लाभार्थियों की चिकित्सीय जांच की। वहीं सीएफएआर के आशीष कुमार सिन्हा एवं पीरामल के गौतम कुमार राम ने शिविर के संचालन और लाभार्थियों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया। शिविर के सफल आयोजन में कौआकोल के पीएसपी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पीएसपी की सक्रिय भागीदारी से दिव्यांगजनों का पंजीकरण,जांच और प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई।

### बाइक की डिक्की से महुआ शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, जांच में वाहन भी निकला चोरी का

### रजौली थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बहादुरपुर के युवक को दबोचा,न्यायालय में किया गया पेश

**रजौली।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को कड़ाई से लागू करने की दिशा में रजौली थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, जिसके तहत प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार के कुशल निर्देशन में दिवा गश्त के दौरान अवैध देशी शराब के साथ एक शातिर तस्कर को धर-दबोचा गया। प्रभारी थानाध्यक्ष के अनुसार, रजौली थाना के सहायक अवर निरीक्षक बीरेंद्र ओझा थाने के सशस्त्र बल के साथ बुधवार को क्षेत्र में गश्त पर तैनात थे,इसी क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमावां मोड़ के पास घेराबंदी कर दी। इसी बीच तेजी से आ रही एक ग्लैमर मोटरसाइकिल को जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो चालक वाहन पटककर भागने लगा, जिसे मुस्तैद जवानों ने चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी राज कुमार, पिता कृष्णा चौधरी के रूप में हुई है, जिसके पास मौजूद लाल व काले रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल निबंधन संख्या बीआर27डी/ 1955 की डिक्की की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की पन्नियों में बंद कुल 10 लीटर अवैध देशी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने बरामद शराब और वाहन को विधिवत जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और जब थाने लाकर पाउस मशीन से वाहन की जांच की गई, तो पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल नारदीगंज थाना कांड संख्या 02/26 के तहत चोरी की है। इस पूरे मामले को लेकर रजौली थाना कांड संख्या 376/26 दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू की गई और गिरफ्तार प्राथमिक अभियुक्त राज कुमार को गुरुवार को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय नवादा के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### संत जॉन्स पब्लिक स्कूल में 'मोबाइल की लत' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज स्थित संत जॉन्स पब्लिक स्कूल जो सीबीएसई नई दिल्ली से संबद्ध है, के प्रांगण में आज 'मोबाइल एडिक्शनः एक वरदान या अभिशाप' विषय पर एक भव्य हिंदी और अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल युग में मोबाइल के सही उपयोग के प्रति जागरूक करना और उनमें तार्किक सोच विकसित करना था। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक महोदय बिपिन कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं ने 'मोबाइल एडिक्शन' के सामाजिक, मानसिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं पर अपने विचार अत्यंत ओजस्वी शैली में प्रस्तुत किए। पक्ष और विपक्ष में बोलते हुए विद्यार्थियों ने डेटा और तर्कों के माध्यम से अपनी बात रखी, जिसे सुनकर उपस्थित शिक्षक और निर्णायक मंडल भी प्रभावित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने इस अवसर पर कहा, "आज का युग तकनीक का है, लेकिन तकनीक का इस्तेमाल हमें करना चाहिए, न कि तकनीक को हमारा इस्तेमाल। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की शक्ति को बढ़ाती हैं।" प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को कल पुरस्कृत किया जायेगा और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया जायेगा कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक कंचन कुमार सी. के. पाण्डेय सतेन्द्र सिंह और सांस्कृतिक समिति का विशेष योगदान रहा।

### बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर प्रशिक्षण, आपदा से बचाव के बताए व्यावहारिक उपाय

**कटिहार।** कुरसेला प्रखंड सभागार में गुरुवार को बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की नागरिक सुरक्षा इकाई के मास्टर ट्रेनर ने आपदा मित्रों, जनप्रतिनिधियों तथा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण में बताया गया कि गंगा और कोसी नदी से घिरा होने के कारण कुरसेला प्रखंड बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है। जलस्तर बढ़ने पर कई पंचायतें के वार्ड प्रभावित हो जाते हैं। ऐसे समय में घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वयं एवं अन्य लोगों की जान बचाई जा सकती है।मास्टर ट्रेनर ने बाढ़, आग एवं अन्य आपदाओं के दौरान सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, राहत एवं बचाव कार्य तथा घरेलू सामान की सहायता से आपात स्थिति से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लोगों को आपदा के प्रति जागरूक, सतर्क और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जन-धन की क्षति को न्यूनतम किया जा सके।

# हरदिया मोड़ के पास नेशनल हाईवे-20 पर यू-टर्न नहीं, स्कूली छात्राओं को होती है परेशानी

## अंतिम संस्कार के लिए भी लोग 3 किमी की दूरी तय करने को मजबूर, रॉन्ग साइड में हादसे का खतरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय से सटे हरदिया मोड़ के पास नेशनल हाईवे-20 पर यू-टर्न नहीं होने से आम लोगों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को हरदिया मोड़ पर डिवाइडर पार करके सड़क पार करना पड़ता है। यदि छात्र छात्राएं यातायात नियमों का पालन करें, तो उन्हें गांव के सामने स्थित विद्यालय जाने के लिए लगभग 2 किमी दूर बने यू-टर्न का प्रयोग करना पड़ता है। यही हाल बीमार पड़े मरीजों के साथ होता है, हरदिया मोड़ के उस पार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर है। स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने के लिए मरीजों को भी अधिक दूरी अथवा डिवाइडर फान कर जाना पड़ रहा है। घनी आबादी और सड़क पार तीन सरकारी विद्यालय और अस्पताल के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम अबतक नहीं उठाया गया है। यही हाल शव यात्रा में शामिल लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डिवाइडर बनने के बाद से यहां कोई वैध कट नहीं दिया गया है, जिसकी वजह से लोग मजबूरी में रॉन्ग साइड गाड़ी दौड़ा रहे हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं।

**3 KM का लंबा चक्कर, अंतिम यात्रा भी बनी मुसीबत** :- हरदिया मोड़ NH-20 पर एक व्यस्त चौराहा है। यहां से हरदिया, भानेखाप, सिंगर, धमनी समेत दर्जनों गांवों के लोग आते-जाते हैं। लेकिन डिवाइडर बनने के बाद प्रशासन ने यहां यू-टर्न की व्यवस्था नहीं की। अब अगर किसी को



डिवाइडर को पार करती छात्राएं

हाईवे पार कर दूसरी तरफ जाना है तो उसे महादेव मोड़ या सेक्टर-A तक जाकर करीब 3 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी अंतिम संस्कार के दौरान होती है। शव वाहन को लेकर लोग घंटों भटकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि "जब कोई अपना दुनिया छोड़कर जाता है तो उस समय भी हमें 3 KM घूमकर जाना पड़ता है। ये इंसानियत के खिलाफ है।"

**रॉन्ग साइड बना मौत का रास्ता** :- यू-टर्न नहीं होने की वजह से ई-रिक्शा, बाइक, ट्रैक्टर और कार चालक डिवाइडर तोड़कर सीधे गलत दिशा से निकल रहे हैं। NH-20 पर तेज रफ्तार ट्रक और बसें चलती हैं। ऐसे में रॉन्ग साइड से आने वाले वाहन सीधे उनकी चपेट में आ जाते हैं। स्थानीय लोगों अनुज कुमार, करण कुमार,राधाकांत मिश्रा, किशोर साव,राजू कुमार,सनोज कुमार समेत दर्जनों लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में यहां आधा दर्जन से ज्यादा छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। नियम से चलने वाले वाहन चालक भी इन लापरवाह ड्राइवरों के कारण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

**डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर भी गायब, रात में अंधेरा** :- हाईवे की सुरक्षा के लिए डिवाइडर पर जो हरे प्लास्टिक बार और रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए थे वो रखरखाव के अभाव में टूटकर गायब हो चुके हैं। रात के समय डिवाइडर दिखाई नहीं देता, जिससे कई वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा जाते हैं।

**ग्रामीणों की मांगः तुरंत बने यू-टर्न** :- स्थानीय ग्रामीणों ने NHAI और जिला प्रशासन से मांग की है कि हरदिया मोड़ के पास अविलंब एक वैज्ञानिक यू-टर्न बनाया जाए। साथ ही डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। ग्रामीण अमृत कुमार ने कहा कि "यहां रोज सैकड़ों छात्र, मरीज, मजदूर और व्यापारी गुजरते हैं। अगर समय रहते यू-टर्न नहीं बना तो एक दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो जाएगी।" फिलहाल प्रशासन की उदासीनता के कारण हरदिया मोड़ मौत को दावत देता हुआ एक ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा बीते कुछ माह पहले निरीक्षण किया गया था,फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

# जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना अंतर्गत संचालित सोलर पावर प्लांट का किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने रोह प्रखंड के मडरा पंचायत अंतर्गत रतोई गांव में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत संचालित सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, विद्युत उत्पादन, संचालन व्यवस्था, अनुरक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि 7.50 एकड़ भूमि पर स्थापित इस सोलर पावर प्लांट की क्षमता 1.47 मेगावाट है तथा यहां से नियमित रूप से विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। यह परियोजना स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ अक्षय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है।

जिला पदाधिकारी ने कार्यदायी संस्था रिस्पांस रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड द्वारा प्लांट के संचालन एवं रखरखाव की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि प्लांट का संचालन निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाए। उन्होंने नियमित अनुरक्षण, सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत उत्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान गोपनीय शाखा प्रभारी, कार्यपालक अभियंता (विद्युत), संबंधित विभाग के पदाधिकारी, रिस्पांस रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (DLCC) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (DLRC) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी बैंक अधिकारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों, विशेषकर भारतीय स्टेट बैंक (SBI), को ऋण वितरण (Lending) में वृद्धि करने तथा प्राथमिकता वाले लाभुकों को समयबद्ध एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला अग्रणी प्रबंधक श्री संजय कुमार ने जिला पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि सभी बैंक संयुक्त रूप से जिले के सीडी रेशियो (CD Ratio) में वृद्धि करने तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा



के भीतर प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बैठक में कार्यपालक अभियंता (विद्युत) द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता तथा बैंक ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया से सभी बैंक अधिकारियों को अवगत कराया एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग का अनुरोध किया। इस अवसर पर योजना के क्रियान्वयन से जुड़े अधिकृत एजेंसियों एवं वेंडरों के प्रतिनिधियों से जिला पदाधिकारी ने कार्य निष्पादन के दौरान आ रही समस्याओं एवं चुनौतियों के संबंध में विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागीय एवं बैंक अधिकारियों को एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक समय पर पहुँचाया जा सके। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बैंक अधिकारियों से किसानों के लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। जिला पदाधिकारी ने एसडीसी बैंकिंग को निर्देश दिया कि जिले की सभी बैंक शाखाओं का एक संयुक्त व्हाट्सएप समूह गठित किया जाए, जिसके माध्यम से विभिन्न बैंकिंग एवं सरकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा, सूचना का त्वरित आदान-प्रदान तथा समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी बैंक एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए वित्तीय समावेशन, ऋण वितरण, सीडी रेशियो में वृद्धि तथा सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के शत-प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में गोपनीय शाखा प्रभारी, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (विद्युत), जिला अग्रणी प्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के एलडीओ, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित विभागों एवं संस्थानों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रजौली में छह हजार नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य, बीडीओ की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आगामी 13 अगस्त तक लक्ष्य पूरा करने का सख्त निर्देश, आरटीपीएस काउंटर या सीएसपी केंद्र पर करना होगा ऑनलाइन आवेदन**

**रजौली।** रजौली प्रखंड के अंतर्गत करीब छः हजार नए राशन कार्ड बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को समय पर पूरा करने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 13 अगस्त 2026 तक इस निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करने की समय-सीमा तय की गई है।इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें मुख्य रूप से नगर स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, एमओ अजीत कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह तथा प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र कुमार उर्फ बबलू यादव मौजूद रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में जन वितरण प्रणाली से जुड़े डीलरों और पैक्स अध्यक्षों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिनमें डीलर कोषाध्यक्ष बोलेन्द्र प्रसाद सिंह, नवशीष कुमार दरोगी साव, पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार, प्रमोद अग्रवाल, ललन गुप्ता, नवीन कुमार, संतोष कुमार, जोगिंदर पासवान, ललन सिंह, कुंदन कुमार, गौतम कुमार तथा अनुज कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बीडीओ संजीव झा ने स्पष्ट किया कि रजौली प्रखंड में नए राशन कार्ड बनवाने के इच्छुक लाभार्थियों को आवेदन के साथ कुछ अनिवार्य दस्तावेज संलग्न करने होंगे, जिनमें जाति, निवास एवं आय प्रमाण-पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति, परिवार के मुखिया का स्पष्ट पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की स्पष्ट



प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में बीडीओ संग अन्य लोग

छायाप्रति, आधार कार्ड से लिंक एक सक्रिय मोबाइल नंबर तथा एक चालू ई-मेल आईडी होना बेहद आवश्यक है।

इन सभी जरूरी कागजातों को एकत्रित करके ग्रामीण अपने-अपने पंचायत के पंचायत भवन में संचालित आरटीपीएस काउंटर पर अथवा अपने नजदीकी सीएसपी केंद्र पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं, जिसके बाद प्रशासन द्वारा पूरी सतर्कता से विधि सम्मत जांच व आवश्यक कार्रवाई करते हुए नए राशन कार्ड निर्गत करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसी बैठक के दौरान जब एमओ का ध्यान हरदिया पंचायत और सवैयाटांड़ पंचायत के जंगली इलाकों में दूसरे राज्यों से आकर बसे मुंडा, आदिवासी और संथाली समुदाय के परिवारों के राशन कार्ड निर्माण की ओर आकृष्ट कराया गया, तो एमओ ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ जवाब देते हुए कहा कि यह पूरा मामला अब प्रशासन के संज्ञान में आ चुका है और ऐसे परिवारों के आवासीय प्रमाण-पत्र की गहनता से जांच की जाएगी तथा किसी भी प्रकार का संशय या तकनीकी व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में वरीय अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर प्राप्त निर्देशों के आलोक में नियमानुसार उचित कदम उठाए जाएंगे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रह सके।

# रजौली में ग्राहक बनकर आए उचक्के ने श्याम ज्वेलर्स से उड़ाए लाखों के सोने के लॉकेट, जांच में जुटी पुलिस

## पुरानी बस स्टैंड के समीप मच्छल हट्टा रोड पर दोपहर की वारदात, सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोर की पहचान और गिरफ्तारी की तैयारी में जुटी पुलिस टीमें



घटनास्थल की जांच करते पुलिस बल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** गुरुवार को नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस स्टैंड से बाजार जाने वाली मच्छल हट्टा रोड स्थित श्याम ज्वेलर्स में दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जिससे पूरे व्यवसायिक वर्ग में हड़कंप मच गया है। दुकान के संचालक पुरानी बस स्टैंड निवासी स्व. हरिकिशुन साव के पुत्र लक्ष्मण वर्मा दोपहर लगभग 12:00 बजे अपनी दुकान खोलकर रोजमर्रा की तरह दुकानदारी कर रहे थे, तभी एक अज्ञात शातिर युवक ग्राहक बनकर दुकान के भीतर दाखिल हुआ और सोने के लॉकेट दिखाने का आग्रह करने लगा। दुकानदार लक्ष्मण वर्मा ने जैसे ही उसे दिखाने के लिए दस-बारह सोने के लॉकेटों से भरा डिब्बा निकाला, शातिर युवक लॉकेट देखने का बहाना बनाते हुए अचानक पूरा डिब्बा ही झपटकर रफूचक्कर हो गया। आसपास के लोगों और दुकानदार द्वारा शोर मचाए जाने पर कुछ स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए भागते चोर का पीछा भी किया, परंतु शातिर अपराधी दीवार फांदकर गलियों के रास्ते चंपत होने में सफल रहा। पीड़ित दुकानदार लक्ष्मण वर्मा के अनुसार चोरी गए सोने के लॉकेटों की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत एक्शन मोड में आया और गश्ती दल के अधिकारी के. के. झा, डायल 112 की रिस्पॉन्स टीम तथा रजौली थाने से सब-इंस्पेक्टर अजय कुमार एवं एसआई सचिन कुमार दलबल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे।

पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और उस पूरे मार्ग का भी जायजा लिया जिधर चोर भागा था। मामले की पुष्टि करते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है और पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी की पहचान सुनिश्चित की जा सके और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# दलित कवयित्रियों के साहित्य पर शोध के लिए रेणु कुमारी को पीएचडी की उपाधि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा/बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के हिंदी विभाग द्वारा 09 जुलाई 2026 को रेणु कुमारी को आधिकारिक रूप से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (PhD) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने यह शोध कार्य कन्हाई लाल साहू महाविद्यालय के हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. साधना कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ. रेणु कुमारी के शोध का विषय "हिंदी की दलित कवयित्रियों की कविताओं में आम आदमी" था। अपने शोध में उन्होंने समकालीन हिंदी साहित्य की



प्रमुख दलित महिला रचनाकारों की कविताओं का गहन अध्ययन और विश्लेषण किया है। शोध में यह रेखांकित किया गया है कि दलित कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा, संघर्ष और सामाजिक उपेक्षा को सशक्त स्वर दिया है। साहित्यिक जगत में इस शोध को महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यह शोध आम आदमी के जीवन-संघर्ष, सामाजिक विषमता और मानवीय संवेदनाओं को समझने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही यह दलित साहित्य और महिला विमर्श के क्षेत्र में भविष्य में शोध करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक उपयोगी संदर्भ सामग्री के रूप में कार्य करेगा। अपनी उपलब्धि पर डॉ. रेणु कुमारी ने कहा कि दलित कवयित्रियों ने बिना किसी बनावट के आम आदमी के यथार्थ और उसकी बुनियादी समस्याओं को अभिव्यक्त किया है। उनका यह शोध उन रचनाकारों के संघर्ष और साहित्यिक योगदान को अकादमिक पहचान दिलाने का एक विनम्र प्रयास है। उन्होंने अपने मार्गदर्शक, विश्वविद्यालय प्रशासन और परिवार के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. रेणु कुमारी ने कहा कि वह भविष्य में भी हिंदी साहित्य, विशेषकर वंचित समाज और महिला विमर्श से जुड़े विषयों पर लेखन और शोध कार्य जारी रखेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षकों, साहित्यकारों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### गया जंक्शन पर पकड़ा गया फर्जी टीटीई, जीआरपी ने केस दर्ज कर भेजा जेल; टिकट चेकिंग के दौरान हुआ खुलासा

**गया।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल के तहत गयाजी जंक्शन पर एक कार्रवाई हुई है। आरपीएफ ने वेस्ट बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से एक फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमर कुमार के रूप में हुई है। वह जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के बेला गांव का रहने वाला है और उसकी उम्र 35 साल है। यह मामला गाड़ी संख्या 12329 अप वेस्ट बंगाल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का है। ट्रेन के कोच नंबर M-2 में मुख्य टिकट निरीक्षक विनोद कुमार ड्यूटी पर थे। चेकिंग के दौरान उन्हें एक व्यक्ति पर शक हुआ। पूछताछ करने पर पता चला कि वह व्यक्ति फर्जी टीटीई बनकर घूम रहा था। मुख्य टिकट निरीक्षक विनोद कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू को दी। कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही गया जंक्शन पर हड़कंप मच गया। जैसे ही ट्रेन गया जंक्शन पर पहुंची, रेलवे की टीम अलर्ट हो गई। आरपीएफ पोस्ट गया के उप निरीक्षक इंद्र कुमार, ऑन ड्यूटी कमर्शियल स्टाफ सतीश कुमार, आशीष कुमार और जीआरपी गया की टीम तुरंत कोच में पहुंची। ऑन ड्यूटी टीटीई विनोद कुमार ने लिखित मेमो के साथ आरोपी को आरपीएफ को सौंप दिया। उप निरीक्षक इंद्र कुमार ने आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान आरोपी अमर कुमार के पास से रेलवे का एक फर्जी आईडी कार्ड बरामद हुआ है। वह बिना किसी वैध टिकट के एसी कोच में सफर कर रहा था। वह खुद को रेलवे का असली कर्मचारी बता रहा था। वह फर्जी आईडी दिखाकर यात्रियों और रेलवे प्रशासन को धोखा देने की कोशिश कर रहा था। आरपीएफ ने आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी गयाजी को सौंप दिया है। जीआरपी ने गिरफ्तार आरोपी अमर कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर शक होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।



### कुएं से अज्ञात महिला का शव बरामद, लाल साड़ी-गुलाबी चप्पल पहन रखी थी, चोट के निशान से हत्या की आशंका

**गया।** गयाजी में एक अज्ञात महिला की लाश मिली है। शव कुएं में पड़ा था। महिला पतली-दुबली कद-काठी की थी। उसने लाल रंग की साड़ी और गुलाबी रंग की चप्पल पहन रखी थी। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों और अन्य जिलों से भी गुमशुदगी की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शव पर कई गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। महिला के सिर पर गहरी चोट है, एक आंख पर भी गंभीर चोट के निशान हैं। इसके अलावा, हाथ पर किसी धारदार हथियार से कटने जैसा निशान भी पाया गया है। इन चोटों के कारण हत्या की आशंका है। घटना इमामगंज थाना क्षेत्र के बढ़ीखाड़ मुसंताड़ की है। इमामगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) धीरज कुमार के नेतृत्व में इमामगंज, कोठी और मैगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। इमामगंज डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि लगभग 35 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को सुनसान इलाके के कुएं में फेंक दिया गया। डीएसपी ने आशंका जताई कि यह घटना रात के समय हुई होगी। हालांकि, हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के बाद ही हो पाएगा।

### गयाजी- चाचा ने नाबालिग भतीजी का किया रेप, 5 महीने तक डराता-धमकाता रहा, अबॉर्शन का दबाव बनाया

**गया।** गयाजी में चाचा पर अपनी ही नाबालिग भतीजी के साथ रेप का आरोप लगा है। 16 साल की पीड़िता का आरोप है कि आरोपी चाचा ने 5 महीने तक डराकर के उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के मुताबिक, चाचा ने अबॉर्शन कराने का भी दबाव बनाया। लोक-लाज के चलते उसने यह बात किसी को नहीं बताई। मामले का खुलासा तब हुआ, जब नाबालिग 5 महीने की प्रेगनेंट हो गई। प्रेग्नेंट होने के चलते उसके शरीर में बदलाव होने लगा। जिसके बाद पीड़िता सच्चाई किसी से छिपा नहीं पाई। 15 जुलाई को उसने अपने पैरेंट्स को सारी बात बताई। 16 जुलाई यानी गुरुवार को पीड़िता के पिता ने थाने में FIR दर्ज कराई है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बांके बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पीड़िता चाचा के घर झाड़ू-पोछा लगाने जाती थी। इसी दौरान आरोपी चाचा ने नाबालिग के साथ गलत काम किया। बेटी के शरीर में बदलाव आने पर उसके मां-पिता को शक हुआ। उन्होंने पीड़िता से पूछा। पहले तो नाबालिग ने चाचा के डर के कारण कुछ नहीं बताया। बाद में दबाव देने पर उसने सारी बात अपने पैरेंट्स को बता दी। नाबालिग के पैरेंट्स आरोपी के पास गए और पूछताछ की। आरोपी ने गर्भपात कराने का दबाव बनाया। 13 लाख का लालच दिया, पर पीड़िता के घर वाले नहीं माने। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामला सामने आने के बाद पुलिस चाचा को गिरफ्तार करने पहुंची। पीड़िता के पिता गांव में मजदूरी करते हैं। इसके अलावा उनकी छोटी सी परचून की दुकान भी है। वहीं, आरोपी के दो बेटे है। दोनों सरकारी जॉब में हैं। आरोपी घर में अकेला रहता था। इसी का फायदा उठाते हुए उसने नाबालिग के साथ गलत हरकत की। बांके बाजार के लोग आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है। इसके साथ ही न्यायालय में धारा 164 के तहत पीड़िता का बयान भी दर्ज कराया जाएगा, ताकि आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाई जा सके।

### घरेलू विवाद में बड़े भाई की हत्या, मंझले भाई ने चाकू से किया हमला, बीच-बचाव के लिए पहुंचे पिता पर भी वार

**नालंदा।** नालंदा में घरेलू विवाद में मंझले भाई ने बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। बीच-बचान करने गए पिता और छोटे भाई पर भी चाकू से जानलेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। मृतक की पहचान सिंटू कुमार(30) के तौर पर हुई है। घायलों में मृतक के पिता सुनील पंडित और छोटा भाई विपिन कुमार शामिल है। गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना रहुई थाना क्षेत्र के पेशौर गांव की है। घायल विपिन कुमार ने बताया कि मेरा मंझला भाई संजित कुमार गली में घूम रहा था। इसी दौरान सिंटू और संजीत के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। उस वक्त मैं और मेरे पिता घर में खाना खा रहे थे। जब हमने झगड़े की आवाज सुनी तो बिना हाथ धोए ही दौड़कर बाहर गए। दोनों को छुड़ाकर वापस ले आए। जब मैं संजीत को पकड़कर घर ले जाने के लिए मुड़ा, तो उसने मुझ पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद उसने पापा को भी चाकू मार दिया। फिर बड़े भाई सिंटू को भी चाकू से गोद दिया। मृतक के ममेरे भाई मंटू ने बताया कि उन्हें सिर्फ घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद अस्पताल पहुंचा। हमें नहीं पता कि उनके बीच पहले से क्या विवाद था और किस बात को लेकर झगड़ा हुआ। हम काफी समय से अपने नानी घर नहीं गए थे। इस हमले में दो लोगों को चाकू लगा है, जिन्हें रेफर किया गया है। एक की मौत हो गई है। वहीं, मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने कहा कि घर में बंटवारे को लेकर कुछ बात थी। घर सही से बंटा था या नहीं, यह तो वही जाने, लेकिन कुछ दिन पहले संजीत(आरोपी) ने कहा था कि वह गोली मारकर जान ले लेगा। बुधवार उसने पकड़कर चाकू मार दिया। सूचना मिलते ही रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस घटना के असल कारणों का पता लगा रही है। रहुई थाना प्रभारी ललित विजय ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# 500 पंचायतों को बाल श्रम मुक्त करने का लक्ष्य उपाध्यक्ष बोले- हर वर्ग की भागीदारी होगी तय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि बीते दिनों श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने एक घोषणा की थी। इस घोषणा के तहत बिहार के प्रत्येक जिले की तीन-तीन पंचायतों को आने वाले तीन महीनों के भीतर पूरी तरह से बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हाल ही में इस संकल्प की तैयारियों और अब तक किए गए काम की समीक्षा के लिए विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बातें आयोग के उपाध्यक्ष ने जिले के सर्किट हाउस में मीडिया के सामने कहीं।

**बोधगया में होगा सेमिनार**






**बोधगया में सामूहिक सेमिनार का होगा आयोजनः** बाल श्रम उन्मूलन की इस मुहिम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बोधगया में एक बड़े सेमिनार का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस सेमिनार में मुख्य रूप से मगध प्रमंडल और पटना प्रमंडल को शामिल किया जाएगा। इस सामूहिक आयोजन में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी जिसमें पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, बाजार समितियों के अध्यक्ष व सदस्य, निजी तौर पर काम करने वाले छोटे बाजार संघों के प्रतिनिधि, ईंट-भट्ठा एसोसिएशन के लोग और बाल श्रम उन्मूलन के क्षेत्र में सक्रिय प्रमुख गैर सरकारी संगठन और सामाजिक संस्थाएं शामिल होंगी।

**आम जनता और जनप्रतिनिधियों को जागरूक करने का प्रयासः** इस सेमिनार में न केवल विभाग के मंत्री बल्कि शासन और प्रशासन के उच्च अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव, श्रम आयुक्त, पुलिस विभाग के आईजी और संबंधित जिलों के कलेक्टर्स को शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है, ताकि वे समझ सकें कि बाल श्रम को कैसे रोका जा सकता है। बाल श्रम को एक सामाजिक अभिशाप बताते हुए बैठक में चिंता व्यक्त की गई कि इसके कारण बिहार में अशिक्षा, गरीबी और अपराध में बढ़ोतरी होती है। लोगों के मन में इस भाव को जगाने के लिए जनप्रतिनिधियों और सामाजिक नेतृत्व करने वाले वर्गों के माध्यम से सीधे जनता तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

**जागरूकता के लिए नए माध्यम और त्रैमासिक पत्रिकाः** जनजागरूकता फैलाने के लिए विभाग कई नए कदम उठाए जा रहे हैं। बाल श्रमिक आयोग की ओर से एक त्रैमासिक मैगजीन का प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें बाल श्रम से जुड़े लेख और विचार छापे जाएंगे। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक, होर्डिंग-बोर्ड, जनसंपर्क अभियानों, टेलीविजन और समाचार पत्रों के माध्यम से भी लोगों को इस गंभीर मुद्दे के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**बच्चों को गोद लेने की अपीलः** सरकार ने समाज के सक्षम लोगों से एक खास अपील की है। विभाग का मानना है कि यदि पांच लोग मिलकर भी एक गरीब या कामकाजी बच्चे की मदद करने की जिम्मेदारी उठाएं और उसे गोद ले लें, तो वह बच्चा शिक्षित हो सकेगा। शिक्षा मिलने से वह बच्चा भविष्य में सामाजिक रूप से एक विकसित और जिम्मेदार नागरिक बन सकेगा। बिहार सरकार रेस्क्यू ऑपरेशन (बचाव अभियान) से लेकर जन-जागरूकता तक हर स्तर पर काम करके राज्य को पूर्ण रूप से बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है।

बाल श्रम उपाध्यक्ष ने बताया कि इस पूरी मुहिम के लिए बिहार पुलिस और उसके स्पेशल ब्रांच की विशेष मदद ली जा रही है। सरकार और विभाग अब इस दिशा में पूरी तरह से 'मिशन मोड' में काम कर रहे हैं। इस महीने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी की जा रही हैं, जिसके बाद अगले महीने से धरातल पर बड़े एक्शन देखने को मिलेंगे। हर तीन महीने में पंचायतों को क्रमिक रूप से बाल श्रम मुक्त करने की यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

## डॉ. प्रेम कुमार ने कहा- जनता के फैसले पर पूरा भरोसा, नीरज सिन्हा की होगी जीत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की बड़ी जीत का दावा किया है। गुरुवार को गया में उन्होंने कहा कि जनता से मिल रहे फीडबैक के आधार पर एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। डॉ. प्रेम कुमार मगध कॉलोनी रोड नंबर-12 स्थित एक निजी स्कूल के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बांकीपुर उपचुनाव पर अपनी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 20 तारीख को मतदान होना है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर जनता के बीच जाकर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं।

**लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनताः** विधानसभा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता है। जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिस उम्मीदवार को चुनती है, वही उसका प्रतिनिधि बनता है।

इसलिए किसी भी चुनाव का अंतिम फैसला जनता के हाथ में होता है। डॉ. प्रेम कुमार के अनुसार, उन्हें मिल रही जानकारी और फीडबैक से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

जन सुराज अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर के चुनावी मैदान में उतरने से जुड़े सवाल पर भी डॉ. प्रेम कुमार ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां हर नागरिक को चुनाव लड़ने का संवैधानिक अधिकार हासिल है। कोई भी व्यक्ति चुनाव मैदान में उतर सकता है और जनता के बीच जाकर अपना पक्ष रख सकता है।

## दो चोरी की बाइक-चार स्मार्टफोन बरामद, तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

### अन्य बदमाशों की तलाश जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी की मुफस्सिल थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने और उन्हें बेचने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो चोरी की बाइक और चार स्मार्टफोन बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो नाबालिगों को पकड़ा है। साथ ही एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है।

इस बात की जानकारी एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को मुफस्सिल थाना परिसर में आयोजित एक प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को 15 जुलाई को एक पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना के मुताबिक, मानपुर भोरे पंचायत के पचंभा आजाद बिगहा इलाके में कुछ बदमाश चोरी की मोटरसाइकिलें बेचने व खरीदने के लिए इकट्ठा हुए थे। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई। मामले के सत्यापन और बदमाशों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में पुलिस अवर निरीक्षक मोनु कुमार, सोहन हजरा, सहायक अवर निरीक्षक साजिद हुसैन और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पुलिस टीम ने तुरंत आजाद बिगहा स्थित स्कूल के पूर्वी हिस्से में छापेमारी की। वहां से पुलिस ने दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। मौके से पुलिस ने दो विधि-विरुद्ध लड़कों को हिरासत में लिया। पुलिस ने जब इन नाबालिगों से सख्ती से पूछताछ की, तो उन्होंने अपने एक और साथी का नाम उगल दिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बुद्धगेरे बाजार के रहने वाले 18 साल के युवक करण कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया।



चार स्क्रीन टच मोबाइल भी बरामद पुलिस ने आरोपियों के पास से एक काले रंग की हीरो स्प्लेंडर और एक काले रंग की बजाज पल्सर बाइक जब्त की है। इसके अलावा उनके पास से चार स्क्रीन टच मोबाइल भी बरामद हुए हैं। मामले की आगे की जांच पुलिस अवर निरीक्षक शंभु कुमार यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के तार और भी लोगों से जुड़े हो सकते हैं। गिरोह के बाकी सदस्यों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## सोने की छह चेन सहित तीन बाइक बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी शहर में पिछले कई महीनों से सोने की चेन छीनतई की वारदातें सामने आई थी। इससे महिलाओं में काफी डर का माहौल था। गया पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कटिहार के कुख्यात 'कोढ़ा गैंग' के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से छह सोने की चेन और तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। सिटी एसपी अभिनव ने बताया कि लगातार हो रही चेन स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए टाउन एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी का गठन किया गया था। पुलिस टीम को तकनीकी जांच और मुखबिरों से कुछ अहम सुराग मिले थे।

इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जीबी रोड आनंदी मां मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। पुलिस ने नाकेबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। पकड़े गए युवक की मोटरसाइकिल के चेसिस, इंजन और रजिस्ट्रेशन नंबर में गड़बड़ी पाई गई। पुलिस ने जब उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह कटिहार के कोढ़ा गैंग का सदस्य है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सौमियल कुमार नया टोला गुलाबगंज, कटिहार के रूप में हुई है। आरोपी ने अपने पांच अन्य साथियों के नामों का भी खुलासा किया है, जो फिलहाल फरार हैं। एसपी सिटी ने बताया कि यह गैंग बेहद शातिर तरीके से काम करता था। गैंग के सदस्य पहले रेलवे स्टेशन, जीबी रोड और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में रेकी करते थे। जैसे ही उन्हें कोई अकेली महिला दिखती वे कुछ ही सेकंड में उसके गले से चेन झपटकर बाइक से फरार हो जाते थे।

## 30 फीट गहरा बोरवेल में गिरा तीन साल का बच्चा, जेसीबी मशीनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में एक तीन साल का मासूम बच्चा 30 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। हादसा गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे की है। जेसीबी मशीनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। साथ ही मेडिकल टीम भी तैनात है, जो बोरवेल में ऑक्सीजन की व्यवस्था कर रही है। बोरवेल में गिरे बच्चे की पहचान रंगू नगर निवासी दिनेश मांझी के बेटे पीयूष कुमार के रूप में की गई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। बता दें कि पीयूष की मां बोरवेल के पास खाट बिछा रही थी। पीयूष के हाथ में मोबाइल था। मां खाट बिछाने में जुटी रही। वहीं, पीयूष खेलते खेलते बोरवेल में गिर गया। घटना गुरपा थाना क्षेत्र के रंगू नगर की है।



**युद्ध स्तर पर जारी है बचाव कामः** प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। मौके पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल की टीम मुस्तैद है। बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बोरवेल के समानांतर जेसीबी मशीनों की मदद से तेजी से गड्ढा खोदा जा रहा है।

**एसडीआरएफ पटना को दी गई सूचनाः** मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए पटना से एसडीआरएफ की विशेष टीम को तत्काल बुलाया गया है, जो जल्द ही मौके पर पहुंचकर कमान संभालेगी। बताया गया कि पटना से टीम गुरूपा के निकल चुकी है। बोरवेल के भीतर बच्चे तक ऑक्सीजन पहुंचाने और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर हर संभव चिकित्सकीय इंतजाम किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद है।

प्रशासन और राहत दल पूरी मुस्तैदी से बच्चे को सकुशल बाहर निकालने के लिए मशक्कत किए हुए हैं। ग्रामीणों की ओर से बच्चे की सलामती के लिए लगातार कोशिश की जा रही हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से धैर्य बनाए रखने और रेस्क्यू टीम को काम करने में सहयोग देने की अपील की है। मौके पर अंचलाधिकारी , प्रखंड विकास पदाधिकारी, नर्स, चिकित्सा पदाधिकारी और दो एम्बुलेंस मौजूद है।

# गयाजी में कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन, राम मंदिर मामले में निषप्क्ष जांच की मांग, कहा- आस्था से जुड़े मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में कांग्रेस ने राम मंदिर चढ़ावा मामले में विरोध-प्रदर्शन किया। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजेंद्र आश्रम स्थित कार्यालय से समाहरणालय तक जुलूस निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के खिलाफ नारे लगाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए। अगर किसी प्रकार की अनियमितता हुई है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झूना ने किया।

**मामले में निष्पक्ष जांच की मांगः** जिलाध्यक्ष ने कहा कि श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए धन, सोना, चांदी और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं के संबंध में गंभीर सवाल उठे हैं। कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले को जनता के बीच लेकर जाएगी और सच्चाई सामने आने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेगी। धार्मिक आस्था से जुड़े किसी भी संस्थान में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। अगर इस मामले में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी हुई है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।




**आंदोलन की चेतावनीः** प्रदर्शन खत्म होने के बाद कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर राष्ट्रपति के नाम छह सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और धार्मिक संस्थानों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग दोहराई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गयाजी की धरती मोक्ष, ज्ञान, भगवान विष्णु और भगवान बुद्ध की पावन भूमि रही है। ऐसे में यहां से शुरू हुआ यह आंदोलन केवल यहीं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनता को जागरूक करने के लिए पूरे जिले में अभियान चलाया जाएगा। पार्टी रथ यात्रा और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को इस मुद्दे से अवगत कराएगी। आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को अयोध्या तक ले जाया जाएगा।

**पार्टी के नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुएः** प्रदर्शन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र कुमार निराला, अशोक कुमार भारती, अर्जुन प्रसाद, सैफुल इस्लाम, मोहम्मद नवाब अली, अनिल कुमार पासवान, मदीना खातून, पूनम कुमारी, अंशु सिन्हा, बृजेश राय मौजूद रहे। इसके अलावा मोहम्मद ताज उद्दीन, शिवनाथ प्रसाद, चंदन कुशवाहा, रविंद्र कुमार सिंह, परशुराम सिंह, अखलद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मुन्ना मांझी, मोहम्मद कमरू, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के अध्यक्ष सुनील कुमार पासवान, इंदल पासवान, इंटक के टिंकू गिरी, अरुण पासवान, शिवनाथ निराला, महेंद्र प्रसाद, शंकर कुमार, राम भवन कुमार, नवल किशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए

## संक्षिप्त समाचार

### बिक्रमगंज,संझौली व सूर्यपुरा में बिजली चोरी पर विभाग का बड़ा एक्शन,10 लोगों पर एफआईआर व लाखों का जुर्माना

**बिक्रमगंज /रोहतास** : बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और राजस्व वसूली को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग ने बिक्रमगंज,संझौली एवं सूर्यपुरा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया । कनीय विद्युत अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान 10 लोगों को अलग-अलग तरीकों से अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा । सभी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । जांच के दौरान मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पाए जाने पर नगर परिषद बिक्रमगंज के ढिबरा मोहल्ला निवासी बजरंग पाटिल पर 32,901 रुपये,संझौली के बैरी टोला निवासी हजारी सिंह18,858 रुपये,सुदर्शन पाल 13,165 रुपये, सुनील सिंह 16,500 रुपये, रामेश्वर राम 19,865 रुपये,प्रकाश राम 20,757 रुपये,सूर्यपुरा प्रखंड के रतनपट्टी निवासी रविंद्र प्रसाद 47,286 रुपये तथा कोसंदा निवासी रामेश्वर सिंह 16,328 रुपये का जुर्माना लगाया गया ।वहीं बिना वैध विद्युत कनेक्शन के बिजली चोरी करते पाए जाने पर बिक्रमगंज के लक्ष्मी नारायण मार्केट स्थित एक ब्यूटी पार्लर की संचालिका ममता कुमारी पर 84,466 रुपये तथा रतनपट्टी निवासी बीरबल सिंह पर 76,560 रुपये का आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया । कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को भारी राजस्व का नुकसान होता है,साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित होती है । उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें,समय पर बिजली बिल का भुगतान करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना विभाग को दें ।कनीय विद्युत अभियंताओं ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है। इसके विरुद्ध विभाग का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

### सरकारी गोदाम में ताला लगाने के आरोप में एक गिरफ्तार,कांड संख्या 109/26 में पुलिस की कार्रवाई

**बिक्रमगंज /रोहतास** : नटवार पुलिस ने सरकारी गोदाम में ताला लगाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम तेनुअज निवासी मनपत राय के रूप में हुई है । थानाध्यक्ष रंजय कुमार ने बताया कि कांड संख्या 109/26 के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मनपत राय को गिरफ्तार किया है । आरोप है कि उन्होंने सरकारी गोदाम में ताला लगा दिया था,जिसके संबंध में मामला दर्ज किया गया था । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा मामले की आगे की जांच जारी है ।

### कोर्ट परिसर से उच्चको ने उड़ाया वार्ड पार्षद की बाइक

**बगहा**। व्यवहार न्यायालय बगहा परिसर से नगर के वार्ड नंबर 30 पार्षद संजय कुमार की बाइक को उच्चको ने चोरी कर लिया है ।मजे की बात है की चोर बाइक चोरी कर नगर के एन एच 727 पथ से गुजरे।जहां गुज़रते वक्त हाइवे स्पीड ट्रैफिक पुलिस ने उक्त वाहन को तीन हजार रुपए ऑन लाइन चलान भी कट दिया।. इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित बाइक ने पटखौली थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।इस बाबत थानाध्यक्ष उत्पल कांत ने बताया कि आवेदन के आलोक में पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पुलिस बाइक व बाइक चोर को गिरफ्तार करने की दवा कर रही हैं। वहीं पीड़ित वार्ड पार्षद संजय यादव ने बताया कि बताया कि बुधवार को न्यायालय के कार्य से कोर्ट आया था और कोर्ट परिसर से सटे जेल रोड के सर्विस रोड में अपनी अपाची बाइक लॉक व खड़ा कर कोर्ट में अपना आवश्यक कार्य करा रहा था जब अपनी कार्यों को पूरा कर जब वह अपने घर जाने के लिए अपने रखे बाइक स्थल पहुंचा तो बाइक गायब देख इधर उधर चारों तरफ खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा और निराश होकर पटखौली थाना में आवेदन देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

### एएनएम अंजू डेविड का हुआ निधन, शोक सभा का आयोजन

**बगहा**। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधाव बगहा-2 के एएनएम अंजू डेविड के आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधाव के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं सहकर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में आयोजित शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के.बी.एन. सिंह ने कहा कि अंजू डेविड एक कर्मठ, जिम्मेदार और समर्पित स्वास्थ्यकर्मी थीं। उनका असामयिक निधन स्वास्थ्य विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकसभा में डॉ. राजेंद्र काजी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार, चंद्रभान कुमार, सतीश पटेल, राजीव कुमार, सुधीश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र मांझी, जितेश्वर चौधरी, अरविंद कुमार, अर्जुन राज गुप्ता सहित एएनएम संगीता कुमारी, वीणा द्विवेदी, स्तुति भारती और श्रद्धा सुमन समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### मंडलीय व्यायाम शिक्षक (बेसिक) बने अनिल मिश्र, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मार्गदर्शन

**तमकुही**। बेसिक शिक्षा विभाग कुशीनगर के जिला व्यायाम शिक्षक अनिल मिश्र को मंडलीय व्यायाम शिक्षक (बेसिक) के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए नामित किया गया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सप्तम मंडल गोरखपुर की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के बाद शिक्षा एवं खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षकों और खेल प्रशिक्षकों ने इसे खेल गतिविधियों को नई दिशा देने वाला निर्णय बताते हुए उनकी नियुक्ति पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता डायट दीनानाथ साहनी, उप क्रीड़ाधिकारी प्रवेश कुमार रावत, डा. प्रभात चंद्र राय, रजनीश द्विवेदी, जयंत भारती, सुरेंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार शुक्ला, अविनाश शुक्ला, धनंजय मिश्र, अमरदीप शुक्ल, रवींद्र नारायण पांडेय, अजिताभ तिवारी, दिलीप पांडेय, महेश कुमार, अमिताभ त्रिपाठी, नीरज बका, सरवन यादव, रीना सिंह, अनिरुद्ध निराला, पूनम पासवान, अनीता सिंह, नंदकिशोर यादव, मदन प्रसाद यादव, अमित श्रीवास्तव, अमित तिवारी, नित्यानंद चौबे, कुंजेश्वर सिंह, पवन कुमार, संदीप तिवारी सहित अनेक अधिकारियों, शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### रोहुआ नाला में डुबने से एक व्यक्ति की मौत, गांव में पसरा मातम

**वाल्मीकिनगर**। प्रखंड बगहा 2 के अंतर्गत वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के रोहुआ टोला गांव निवासी एक व्यक्ति की मौत गुरुवार की दोपहर रोहुआ नाला में डुबने से मौत हो गई। वह चकदहवा गांव से खेती बारी का काम कर अपने घर रोहुआ टोला लौट रहा था। उक्त गांव तक जाने का एक मात्र रास्ता रोहुआ नाला हो कर ही जाता है।जो कि कच्ची सड़क है।और जंगल से हो कर गुजरता है।बरसात के दिनों में उक्त रास्ते पर बाढ़ के पानी व गंडक नदी का पानी का बहाव शुरू होने से काफी खतरनाक हो जाता है। मृतक की पहचान राजु बीन उम्र लगभग 50 वर्ष पिता स्व. बद्री बीन के रुप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर वाल्मीकि नगर थाना के एस आई अनिल कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेजने की तैयारी में जुट गई है।

### एसएसबी महिला कांस्टेबल की हुए तैनाती

**वाल्मीकिनगर**। भारत-नेपाल सीमा के वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज के एसएसबी चेक पोस्ट को और मजबूत बनाने के उद्येश्य से सीमा चौकी पर एसएसबी के महिला कांस्टेबलों को तैनाती की गई है। अब सीमा पार आने जाने वाली महिलाओं की जांच करना और अधिक सुविधाजनक होगा। पहले महिला यात्रियों की तलाशी और जाँच के दौरान महिला सुरक्षाकर्मियों की अनुपलब्धता के कारण व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब महिला कांस्टेबलों की तैनाती से जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित होगी। महिलाओं की गोपनीयता का ख्याल रखते हुए सीमा चौकी पर विशेष महिला जांच कैबिन बनाया गया है। जहां महिला यात्रियों की तलाशी नियमानुसार की जाएगी।

## इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के व्याख्याता कक्ष में बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतास**। इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के व्याख्याता कक्ष में गुरुवार को प्राचार्य डॉ.बिनोद कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य डॉ. उमेश्वर प्रसाद सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई । बैठक का संचालन व्याख्याता डॉ. रबींद्र कुमार ने किया । बैठक में पटना उच्च न्यायालय द्वारा संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को यूजीसी वेतनमान देने तथा 12 सप्ताह के भीतर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने संबंधी आदेश का स्वागत करते हुए खुशी व्यक्त की गई । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.बिनोद कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य डॉ. उमेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार के संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत किया है । उन्होंने बताया कि महासंघ की ओर से दायर याचिका संख्या 6943/ 2026 दिनांक 14 जुलाई 2026 पर सुनवाई करते हुए पटना उच्च न्यायालय की एकल पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति हरीश कुमार ने राज्य के मुख्य सचिव को 12 सप्ताह के भीतर वेतन भुगतान एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है । उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी पटना उच्च न्यायालय ने घाटा अनुदान अथवा छात्र-छात्राओं की उत्तीर्णता आधारित सहायक अनुदान प्राप्त करने वाले संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मियों को यूजीसी वेतनमान देने का निर्णय दिया था ।


राज्य सरकार ने इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी पटना उच्च न्यायालय के निर्णय को बरकरार रखा । बैठक में बताया गया कि बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के माध्यम से यह याचिका दायर की गई थी,जिसमें इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय सहित कुल 89 महाविद्यालय बाद में पक्षकार बने ।

बैठक के अंत में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने महासंघ के बैनर तले आगामी 22 जुलाई को पटना स्थित विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) जीवन कुमार के सरकारी आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है । बैठक में डॉ. शांति प्रकाश सिंह,डॉ. विपिन बिहारी सिंह,डॉ. उपेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ.अमरेंद्र कुमार सिंह,डॉ. पुष्पा कुमारी,डॉ. रेणु कुमारी,डॉ. दिवाकर कुमार पांडेय,डॉ. उमेश सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे ।

## विद्यालय का ताला तोड़कर अभिलेख चोरी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अकोढ़ी गोला(रोहतास )**। जिले के अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के सलैया गांव स्थित मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कार्यालय से महत्वपूर्ण अभिलेख और अन्य दस्तावेज चुरा लिए। मध्य विद्यालय सलैया के सहायक शिक्षक जितेंद्र कुमार ने अकोढ़ी गोला थाने में दिए लिखित आवेदन में बताया कि 13 जुलाई से 16 जुलाई तक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती मीना देवी छुट्टी पर हैं। इस दौरान विद्यालय का संचालन उनके द्वारा किया जा रहा था।

15 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे जब वह विद्यालय पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा मिला। इसकी सूचना तुरंत प्रभारी प्रधानाध्यापिका मीना देवी और डायल 112 पर पुलिस को दी गई। पुलिस के साथ कार्यालय का मुआयना करने पर पता चला कि विद्यालय के आवश्यक अभिलेख सहित कई अन्य दस्तावेज गायब हैं। सहायक शिक्षक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

दिनांक - 18.07.2026 को महिला मोर्चा परिचयात्मक सह जिला बैठक की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्री संतोष पटेल जी के मार्गदर्शन में पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी महिला मोर्चा श्रीमती आरती गुप्ता, जिला अध्यक्ष (महिला मोर्चा) श्रीमती पूनम सिंह जी , जिला महामंत्री श्रीमती सरिता सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती वीणा देवी,अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुप्त नवरात्रि में जागृत होती है आदिशक्ति की दिव्य कृपा : श्रद्धा और साधना से बदलती है जीवन की दिशा : पंडित हरिशरण दुबे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास** : 15 जुलाई 2026 से आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ होते ही देवी भक्त नौ दिनों तक चलने वाली शक्ति उपासना में लीन हो गए हैं । सनातन धर्म में गुप्त नवरात्रि को अत्यंत पवित्र, रहस्यमयी और सिद्धिदायक पर्व माना गया है । धार्मिक मान्यता है कि इस अवधि में मां आदिशक्ति की विधि-विधान से की गई आराधना,मंत्र-जप,ध्यान,दुर्गा सप्तशती का पाठ और हवन का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक प्राप्त होता है । यही कारण है कि साधक,विद्वान,संत-महात्मा और गृहस्थ सभी इस पर्व को विशेष श्रद्धा और अनुशासन के साथ मनाते हैं । बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 21 धारूपुर निवासी पंडित हरिशरण दुबे ने बताया कि गुप्त नवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं,बल्कि आत्मबल,आत्मविश्वास और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का दिव्य अवसर है । उन्होंने कहा कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना करने से साधक के जीवन में व्याप्त भय, तनाव,नकारात्मकता और बाधाओं का नाश होता है तथा सुख,शांति, समृद्धि और यश की प्राप्ति होती है । पंडित दुबे ने कहा कि आषाढ़ गुप्त नवरात्रि में सच्चे मन,पूर्ण श्रद्धा और नियमपूर्वक मां भगवती की आराधना करने वाले भक्तों पर देवी की विशेष कृपा बनी रहती है । इस दौरान किया गया मंत्र-जप, दुर्गा सप्तशती का पाठ,हवन,ध्यान और दान-पुण्य अत्यंत फलदायी माना गया है । मां भगवती साधक को केवल भौतिक सुख ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति,आध्यात्मिक शक्ति,विवेक,आत्मविश्वास और जीवन की कठिन परिस्थितियों से संघर्ष करने की क्षमता भी प्रदान करती हैं । उन्होंने कहा कि गुप्त नवरात्रि का वास्तविक संदेश बाहरी आडंबर नहीं,बल्कि मन, वचन और कर्म की पवित्रता है । यदि व्यक्ति इन नौ दिनों में सात्विक आहार-विहार अपनाते हुए संयम, सेवा,करुणा और सदाचार का पालन करे तथा प्रतिदिन मां भगवती का स्मरण और आराधना करे,तो उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है । पंडित हरिशरण दुबे ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि गुप्त नवरात्रि को केवल पर्व के रूप में नहीं,बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति के अवसर के रूप में मनाएं । उन्होंने कहा कि मां भगवती की निष्काम भक्ति और अटूट विश्वास ही सच्ची साधना का आधार है । जो भक्त श्रद्धा,अनुशासन और समर्पण के साथ देवी की आराधना करते हैं,उनके जीवन में सुख-समृद्धि,पारिवारिक खुशहाली, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग स्वयं प्रशस्त हो जाता है ।

## ‘पुलिस ने पोते की गर्दन पर पैर रखकर हत्या की’

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में बुधवार को पुलिस की गाड़ी ने बाइक सवार एक युवक को रौंद दिया। हादसे में प्रद्युम्न कुमार (23) की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि पुलिस की गाड़ी में शराब की बोतल रखी थी और सभी नशे में थे। मौत के बाद परिजन और ग्रामीण का गुस्सा भड़क उठा। घटना हरनौत थाना क्षेत्र की है। मृतक के साले विक्की ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने जानबूझकर बाइक में टक्कर मारी है। टक्कर के बाद प्रद्युम्न की सांसें चल रही थीं। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी गाड़ी से उतरा और उसकी गर्दन पर पैर रखकर उसे मार दिया। जब भीड़ वहां पहुंची तो पुलिसकर्मी वहां से फरार हो गए। इसकी एक तस्वीर भी सामने आई है जिसमें एक पुलिस वाला प्रद्युम्न कुमार की गर्दन के पास पैर रखा दिख रहा है।

परिवार ने बताया कि घटना बुधवार सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच की है। प्रद्युम्न कल्याण विगहा थाना क्षेत्र के बलवापर गांव से दूसरे घर पर हरनौत थाना क्षेत्र के किचनी पर गांव जा रहा था। इसी बीच बलवापर गांव से 6 किलोमीटर दूर चेरण पुल के पास हादसा हुआ है। दोनों गांव की दूरी करीब 10 किलोमीटर है। मृतक के साले विक्की कुमार एक्सीटेंड होने के बाद मौके पर आसपास के लोग पहुंचे। पुलिस की गाड़ी में शराब की बोतल रखी थी। एक्सीटेंड के बाद पुलिस ने पैर से मारा। पुलिसवाले नशे में थे। जानबूझकर पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मारी है।



**दादा बोले- पुलिस ने जानबूझकर पोते को मारा**: मृतक के दादा सूरज गोप ने बताया कि पोते को पुलिस की गाड़ी ने पीछा कर चेरन पुल के पास टक्कर मार दी। जिससे वो सड़क किनारे जा गिरा। जैसे ही पोता सड़क किनारे गिरा, पुलिस वाला गाड़ी से उतरी और उसके गर्दन पर पैर रखकर उसे मार दिया। सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे और पोते को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वो खेती-बाड़ी का काम देखने के लिए कल्याण विगहा के बलवापुर गांव से हरनौत थाना क्षेत्र के किचनी पर गांव जा रहा था। इसी बीच यह घटना हुई।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला योजना कार्यालय)
Phone No:-06186-222096, Email:aurangabad.dpo-bih@gov.in
बिहार सरकार

–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री अभय कुमार सिन्हा, माननीय सांसद, लोकसभा, औरंगाबाद द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों/पुस्तकालयों में छात्र–छात्राओं के ज्ञनोपार्जन तथा उनके बौद्धिक विकास के लिए पुस्तकों की क्रय एवं आपूर्ति हेतु अनुशंसा की गई है। तदालोक में पुस्तकों के क्रय एवं आपूर्ति के निमित प्रतिष्ठित प्रकाशकों/ निविदादाताओं/अपूर्तिकर्त्ताओं से Double Bid System में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा दिनांक **30.07.2026 को 03:00** बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जाएगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनों एक बड़े मुहरबंद लिफाफों में स्वीकार की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदा को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक **30.07.2026 को 03:30** बजे अप0 में खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता तथा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते है। आमंत्रित करने हेतु निविदा की विस्तृत विशिष्टियाँ जिला के वेबसाईट www.aurangabad.nic.in पर देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में अपने निजी खर्च पर पुस्तकों से संबंधित सूची प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 007937 (Planning) 2026-27**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जिला योजना पदाधिकारी,
औरंगाबाद



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।**
बिहार सरकार

**अल्पकालिन नीलामी सूचना सं0–02/वितीय वर्ष 2026–27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलाअंतर्गत 50 आसन्न वाले अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण छात्रावास के पुराने भवन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रखंड–बारूण एवं देव के परिसर में अवस्थित पुराने संरचना को तोड़ने के पश्चात मलवा हटाने का कार्य के लिए नीलामी आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखनीय है, कि उक्त परिसर में 100 आसन्न वाले अनु0जाति एंव अनु0 जनजाति कल्याण छात्रावास एवं प्रखंड–बारूण एवं देव में डायग्नोस्टिक भवन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। नीलामी की न्यूनतम राशि एवं अन्य विवरणी नीचे अंकित तालिका के अनुरुप होगी। नीलामी की बोली दिनांक–29.07.2026 को 02:00 बजे अपराह्न में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतू इच्छुक/फॉर्म उक्त तिथि एवं समय पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर भाग ले सकते है।

| क्र0 सं0 | निलामी की विवरणी | निलामी की न्यूनतम राशि (रूपये में ) | जमानत की राशि (राशि रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Demolishing of Existing Abononed Building of ST/SC Boys Hostel Aurangabad Bihar for the year 2026-27 | 125500.00 | 12550.00 | 15 दिन |
| 2 | Demolishing of Existing Abononed Building in the Premises of Community Health Centre Barun, Aurangabad Bihar for the year 2025-26 | 18400.00 | 1840.00 | 15 दिन |
| 3 | Demolishing of Existing Abononed Building in the Premises of Community Health Centre Deo, Aurangabad Bihar for the year 2025-26 | 12300.00 | 1230.00 | 15 दिन |

1 विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा विस्तृत जानकारी के लिए (state.bihar.gov.in/prdbihar) पर देखा जा सकता है।

**PR- 007836 ( B C D ) 2026-27**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद।



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद औरंगाबाद का कार्यालय**

**निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)**
**निविदा आमंत्रण संख्या– NIT No-04/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–13.07.2026
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–22.07.2026 से दिनांक–06.08.2026 के 3:00 बजे अप0 (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– 22.07.2026 को समय 3:00 बजे अप0 (स्थान–कार्यालय नगर परिषद, औरंगाबाद)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक–06.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–08.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. **कार्य की विवरणी–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू॰ में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www. Eproc2. bihar. gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www. Eproc2. bihar.gov. in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर परिषद, औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत 4Way Traffic Singal अधिष्ठापन हेतु रमेश चौक् एवं बाईपास (ओवरब्रीज) का कार्य। | 5681400 | 113700 | 10000 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 2 | नगर परिषद, औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत 3 Way Traffic Singal अधिष्ठापन हेतु धर्मशाला मोड़ एवं सिन्हा कॉलेज मोड़ का कार्य। | 4800800 | 96100 | 5000 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 3 | नगर परिषद, औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत 3 Way Traffic Singal अधिष्ठापन हेतु कर्मा मोड़ एवं कारिगल चौक का कार्य। | 4800800 | 96100 | 5000 | As Per EPROC2 | 3 माह |

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

**PR- 007972 ( B & C ) 2026-27**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् औरंगाबाद

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक सवार को गाड़ी ने मारी टक्कर, एक की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात सड़क हादसा हुआ। इसमें घायल युवक की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से जख्मी है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक की पहचान रानी तालाब निवासी फुच्चो मंडल के बेटे आशीष कुमार(19) के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान प्रवीण कुमार के रूप में की गई है। दोनों युवक बुधवार रात करीब 11 बजे मोटरसाइकिल से अपने घर रानी तालाब से शंकरपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान घोषपुर के पास तेज रफ्तार एक गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

**घटना के कारणों की जांच कर रही पुलिसः** घायल युवक ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हम सड़क पर काफी दूर जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही सबौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से हमें तत्काल इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल पहुंचाया। मायागंज अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद आशीष कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल प्रवीण कुमार के परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले गए हैं, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे की सूचना अस्पताल से ही परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सबौर थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** एसएसबी 56 वीं बटालियन की एफ समवाय जोगबनी की टीम ने बॉर्डर चेकपोस्ट गेट के पास एक नेपाली नागरिक को 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया।एसएसबी ने यह कार्रवाई सीमा स्तम्भ संख्या 180 के नजदीक भारत की तरफ लगभग पांच मीटर की दूरी पर की। एसएसबी ने तस्कर के पास से ब्राउन शुगर के साथ एक मोबाइल,नेपाली करेंसी 1135 रूपये,एक कलाई घड़ी जब्त किया।तस्कर भारत से ब्राउन शुगर लेकर नेपाल की ओर जा रहा था।इसी क्रम में ड्यूटी कर रहे जवानों को उनकी गतिविधि पर शक होने पर उनकी तलाशी ली तो प्लास्टिक कवर में 17 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया।गिरफ्तार तस्कर नेपाल के रौतहट जिला के चंद्रपुर थाना क्षेत्र के धियाल गांव वार्ड संख्या चार का रहने वाला 34 वर्षीय शांत बहादुर भोलन पिता काजिमान भोलन है।आवश्यक कार्यवाही के बाद गिरफ्तार तस्कर और बरामद समान को एसएसबी ने जोगबनी थाना के सुपुर्द कर दिया।

### स्कॉर्पियो से 330 किलो गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की कुर्साकांटा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर आज गुरुवार को सिकटी सीमावर्ती क्षेत्र से होकर आ रही एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से 330 किलो गांजा का बड़ा खेप बरामद किया।मामले में पुलिस ने मो.शमीम नामक तस्कर को गिरफ्तार किया है,जो कटिहार का रहने वाला है।यह कार्रवाई कुर्साकांटा थानाध्यक्ष रोहित कुमार के नेतृत्व में थाना की पूरी पुलिस टीम ने स्टैंड चौक के समीप नाकाबंदी कर की। कुर्साकांटा थानाध्यक्ष रोहित कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि सिकटी के सीमावर्ती क्षेत्र से एक स्कॉर्पियो गाड़ी कटिहार जा रही है और इस गाड़ी में गांजा का बड़ी मात्रा में खेप लोड है।सूचना पर कुर्साकांटा थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने पुलिस अधिकारी और बलों के साथ तेजी से स्टैंड चौक के समीप बेरीकेडिंग कर गाड़ी की तलाशी लेनी शुरू की।इसी क्रम में तेजी से आ रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या बीआर 11 बीटी 7637 को रुकवाकर उनकी तलाशी लेनी शुरू की तो उसमें से गांजा के कई पैकेट बरामद हुए। बरामद गांजा का कुल वजन 330 किलोग्राम है।मामले में स्कॉर्पियो चालक तस्कर मो.शमीम को गिरफ्तार किया गया है,जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।पुलिस गांजा तस्करी के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज को खंगालने में जुट गई है।

### बोची गांव में युवक का शव मिला

**अररिया।** अररिया जिले के बैरगाछी थाना क्षेत्र के बोची गांव में गुरुवार सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ। युवक बुधवार देर रात घर से टहलने निकला था। सूचना मिलने पर बैरगाछी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बोची गांव वार्ड संख्या-4 निवासी नूर हसन के 30 वर्षीय पुत्र खाजा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, खाजा बुधवार देर रात करीब 12 बजे गर्मी के कारण घर से टहलने के लिए निकले थे। परिवार ने बताया कि गर्मी के दिनों में रात में टहलना उनकी रोजमर्रा की आदत थी। हालांकि, इस बार वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटे।

**सिर पर गहरे जख्म के निशान थेः** मृतक के छोटे भाई आजाद ने बताया कि सुबह गांव के लोगों ने उनके भाई का शव गांव में ही पड़ा देखा। परिजनों के मौके पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि खाजा के सिर पर गहरे जख्म के निशान थे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि किसी धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या की गई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। खाजा अपने पीछे पत्नी, दो छोटे बच्चों, माता-पिता, भाई और बहनों को छोड़ गए हैं।

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लियाः** मामले को लेकर बैरगाछी थाना अध्यक्ष नवदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन कर रसीदों में संपत्ति का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से जोड़ने की मांग

**भागलपुर।** नगर निगम को आधुनिक, पारदर्शी और पेपरलेस बनाने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी मिली है। नगर निगम द्वारा कर संग्रह (टैक्स कलेक्शन) को पूरी तरह ऑनलाइन और डिजिटल करने की पहल की स्थायी समिति सदस्यों ने सराहना की है। इस संदर्भ में समिति के सदस्यों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आभार पत्र नगर आयुक्त को सौंपा। डिजिटल टैक्स भुगतान प्रणाली को सुचारू बनाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहा है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से शहर के नागरिक अब घर बैठे बेहद सरल और सुरक्षित तरीके से अपने करों का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान के लिए नागरिकों को यूपीआई, क्यूआर कोड, नेट बैंकिंग और डेबिट या क्रेडिट कार्ड जैसे विभिन्न डिजिटल माध्यमों की सुविधा मिलेगी। इस पहल से न केवल नकद लेनदेन में कमी आएगी और समय की बचत होगी, बल्कि भुगतान का एक सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड भी हमेशा उपलब्ध रहेगा। स्थायी समिति का मानना है कि इस डिजिटल व्यवस्था से पूर्व की प्रणाली में होने वाली विसंगतियों और संभावित गड़बड़ियों पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा, जिससे नगर निगम के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भवन की मंजिल संख्या लिखवाएं व्यवस्था को जनोपयोगी व त्रुटिहीन बनाने के लिए सदस्यों ने पत्र के माध्यम से एक महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव भी दिया है। सदस्यों ने आग्रह किया कि पूर्व की कर रसीदों में भवन की मंजिल संख्या और उसके उपयोग (आवासीय अथवा व्यावसायिक) जैसे विवरण स्पष्ट नहीं होते थे। अतः अब नई ऑनलाइन रसीदों में संपत्ति का यह पूरा विवरण अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए, ताकि निगम के डिजिटल अभिलेख भविष्य के लिए पूरी तरह पारदर्शी और उपयोगी बन सकें। इस आभार पत्र को सौंपने वालों में स्थायी समिति के सदस्य संजय कुमार सिन्हा, अभिषेक आनंद, अश्वनी मोंटी जोशी, निकेश कुमार और बबीता देवी मुख्य रूप से शामिल रहे।

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी 22 जुलाई तक पूरी हो

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने बुधवार को विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों का जायजा लेने के लिए भागलपुर में अजगैबीनाथ धाम सुल्तानगंज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मसदी पंचायत स्थित डाक बंगला निरीक्षण भवन में पुल निर्माण और पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर मेला से संबंधित विकास काम की प्रगति की जानकारी ली। नगर परिषद सभागार में आयोजित बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ श्रावणी मेला क्षेत्र में चल रहे काम और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

**22 जुलाई तक काम पूरा करने का आदेशः** मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े सभी काम हर हाल में 22 जुलाई तक पूरा कर लिए जाएं, ताकि श्रावणी मेला में आने वाले लाखों कांवरियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। समीक्षा बैठक के बाद मंत्री ने अजगैबीनाथ गंगा घाट, नमामि गंगे घाट और कच्ची कांवरिया पथ का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला बिहार की पहचान है और सरकार श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मेला की तैयारियों को लेकर अधिकारियों, वार्ड पार्षदों और प्रबुद्ध नागरिकों से सुझाव लिए गए हैं और सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी स्वयं श्रावणी मेला की तैयारियों पर नजर रखे हुए हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फोरलेन सड़क में उद्घाटन से पहले आई दरार के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत एवं सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। बैठक और निरीक्षण कार्यक्रम में विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, एसडीओ धनंजय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक आनंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हथियार के साथ नाबालिग समेत 2 धराए



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार हुआ है। छापेमारी में युवक के पास से पिस्टल, कट्टा और कारतूस मिला है। ये किसी वारदात की साजिश रच रहा था। इससे पहले ही पकड़ा गया। इसके अलावा एक नाबालिग को भी पकड़ा है। सिटी एसपी अतुलेश झा ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली कि कुछ अपराधी वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार इकट्ठा कर रहे हैं। मामला तातारपुर थाना क्षेत्र का है।

**हथियार कहां से खरीदे इसका भी पता लगाया जा रहाः** तातारपुर थाना क्षेत्र के नाथनगर रोड स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के सामने से हबीबपुर निवासी मोहम्मद छोटू को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद किया गया। SP ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में यह जानकारी सामने आई है कि आरोपित और उसके सहयोगी क्षेत्र में छिनतई और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।

# हत्या से पहले पीटा, आंख-कनपट्टी में कील ठोकी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में ढाई साल के लापता बच्चे का शव श्रीरामपुर घाट के पास नदी किनारे मिला है। बच्चे की बेरहमी से हत्या की गई है। पिता का कहना है, 'पिटाई के बाद बच्चे की आंख फोड़ने की कोशिश की गई। आंख और कनपटी के पास कील ठोकी गई है। इसके बाद गला घोंटकर उसे मार डाला।' मृतक की पहचान आदित्य कुमार के तौर पर हुई है। घटना नाथगर थाना क्षेत्र की है। सूचना मिलने पर सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और FSL की टीम को बुलाया गया। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि बॉडी में कहीं से कील नहीं मिली है, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

**पिता के पास सो रहा था, तभी अपहरणः** मंगलवार रात 2 बजे आदित्य अपने पिता पांचू मंडल के साथ लालूचक स्थित महावीर मंदिर परिसर में सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात बदमाश उसे पिता के बगल से उठाकर ले गए। सुबह चार बजे जब पिता की नींद खुली तो बच्चे को अपने पास नहीं देखा। उसके बाद काफी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घर भी गए परिजनों ने मिलकर खोजा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। थक-हारकर बच्चे के अपहरण की लिखित शिकायत नाथनगर थाना में दर्ज कराई।

**एक दिन बाद मिला शवः** पिता ने बताया, 'मैं बेटे की तलाश में था, तभी बुधवार सुबह करीब पांच बजे मेरे भाई ने आकर बताया कि आदित्य का शव मिला है। वो शौच के लिए घाट की ओर गए, जहां नदी की धारा में शव दिखाई दिया। स्थानीय लोगों की मदद से शव बाहर निकाला गया। मेरा पट्टीदार से विवाद चल रहा है, उसने धमकी दी थी।'

**आज तुम भोज करो, कल मैं करूंगाः** मृतक के पिता पांचू मंडल ने बताया कि 'सोमवार को घर में तीसरे बच्चे के जन्म की खुशी में छठी का कार्यक्रम था। घर छोटा होने और मेहमान अधिक रहने के कारण मैं अपने मंझले बेटे आदित्य को लेकर महावीर मंदिर परिसर में सोने चला गया। गोतिया (पट्टीदार) सुभाष मंडल से पहले से जमीन का विवाद चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान उसने गांव में दुकान के पास मुझे धमकी दी थी कि मार देंगे। उसने कहा था- तुम आज भोज कर रहे हो, हम कल भोज करेंगे।'

# बार एसोसिएशन चुनाव संपन्न, 346 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** अररिया जिला बार एसोसिएशन के चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गए। मतगणना पूरी होने के बाद मो. मसूद आलम अध्यक्ष और काशीनाथ विश्वास महासचिव चुने गए। शाम करीब छह बजे मतगणना पूरी होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर नरेंद्र कुमार झा ने परिणामों की घोषणा की। बार एसोसिएशन की मतदाता सूची में कुल 377 अधिवक्ता दर्ज थे। इनमें से 346 अधिवक्ताओं ने मतदान किया, जबकि चार मत अवैध घोषित किए गए।

**मसूद आलम 143 मत प्राप्त कर जीतेः** अध्यक्ष पद के चुनाव में मो. मसूद आलम ने 143 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी वरीय अधिवक्ता अशोक कुमार शर्मा को 113 मत मिले। कृपानंद मंडल को 73 और दिलीप सिंह को 15 मत प्राप्त हुए। महासचिव पद के चुनाव में काशीनाथ विश्वास ने 136 मत हासिल किए। उनके प्रतिद्वंद्वी कामख्या प्रसाद यादव को 84, बीरेंद्र कुमार मिश्रा को 81, राज कुमार राही को 15, दिनेश कुमार सिंह को 14, चंद्रशेखर झा को 11 तथा मो. इस्माइल को 4 मत मिले।

# कर्मचारी का आमरण अनशन खत्म

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बांका।** बांका जिले के डीएन सिंह कॉलेज, भुसिया रजौन में सात दिनों से जारी आमरण अनशन गुरुवार को समाप्त हो गया। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) राजकुमार अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अनशनकारी तृतीय वर्ग कर्मचारी कन्हैया लाल सिंह को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। अनशन समाप्त होने के बाद कन्हैया लाल सिंह को एंबुलेंस से रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। अनशन समाप्त कराने के दौरान एसडीएम राजकुमार के साथ बौसी एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा, बीडीओ अंतिमा कुमारी, राजस्व पदाधिकारी सूरजेश्वर श्रीवास्तव, बीईओ स्वयं चक्रपाणि कनिष्क और रजौन थानाध्यक्ष महेश कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने अनशनकारी कन्हैया लाल सिंह से विस्तृत बातचीत की और उनकी सभी मांगों को सुना।

**15 दिनों के भीतर समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरूः** वार्ता के दौरान जिला प्रशासन ने स्वीकार किया कि बिना विज्ञापन के नियुक्ति करना नियमों के विरुद्ध है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यदि नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता पाई जाती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र प्रसाद सिंह को भी मौके पर बुलाया गया। उनसे विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीएम राजकुमार ने कन्हैया लाल सिंह को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों की जांच की जाएगी और 15 दिनों के भीतर समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू होगी । इसके अतिरिक्त, अनशनकारी और कॉलेज के प्राचार्य को 21 जुलाई को अनुमंडल कार्यालय बुलाया गया है, जहाँ सभी पक्षों को सुनने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद ही कन्हैया लाल सिंह ने अपना आमरण अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया।

**लाल सिंह का लगभग छह किलोग्राम वजन कम हो गयाः** चिकित्सकों के अनुसार, लगातार सात दिनों तक भूख हड़ताल पर रहने के कारण कन्हैया लाल सिंह का लगभग छह किलोग्राम वजन कम हो गया है। पिछले तीन दिनों से अत्यधिक कमजोरी के कारण उन्हें सलाइन चढ़ाया जा रहा था, ताकि वे अनशन जारी रख सकें। डॉक्टरों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि लंबे समय तक भोजन न करने से उनकी स्वास्थ्य स्थिति गंभीर हो सकती है। इसके बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया । गौरतलब है कि कन्हैया लाल सिंह 10 जुलाई से कॉलेज में पूर्व में हुई बिना विज्ञापन की नियुक्तियों को निरस्त करने, वित्तीय अनियमितताओं की जांच कराने तथा अन्य प्रशासनिक मांगों को लेकर आमरण भूख हड़ताल पर बैठे थे। उनके समर्थन में डिग्रीधारी बेरोजगार युवाओं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों का भी लगातार समर्थन मिल रहा था। एसडीएम राजकुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची थी।

# साजन की शॉर्ट फिल्म अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए हुआ चयनित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 17वां संस्करण आगामी 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में कई श्रेणियों जैसे लघु फिल्में, फीचर फिल्में, वृत्तचित्र, और संगीत वीडियो की स्क्रीनिंग के बाद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में फारबिसगंज के साजन कुमार ठाकुर की 20 मिनट की लघु फिल्म भगवान का दोस्त सैकड़ों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित किया गया है।फेस्टिवल में चयनित फिल्मों का प्रदर्शन देश विदेश के कई सिनेमा हाल में प्रदर्शित किए जाएंगे।शॉर्ट फिल्म के चयनित होने को लेकर साजन कुमार ठाकुर सहित उसके चाहने वाले काफी उत्साहित हैं। फारबिसगंज पुराना बस स्टैंड होंडा शोरूम के पीछे वार्ड संख्या 8 के रहने वाले दयानंद ठाकुर और सुलेखा देवी के पुत्र साजन कुमार ठाकुर ने बताया कि उनकी बारहवीं तक की शिक्षा फारबिसगंज के सरस्वती विद्या मंदिर में हुई,जिसके बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय के साइंस कॉलेज से स्नातक और मास्टर किया।पढ़ाई के साथ साथ लघु फिल्मों को बनाने का विशेष जुनून रहा।2025 में 20 मिनट की लघु फिल्म भगवान का दोस्त बनाया। उन्होंने बताया कि फिल्म की पटकथा,निर्देशन के साथ मुख्य पात्र के रूप में स्वयं उन्होंने अभिनय किया।फिल्म निर्माण के बाद अपनी शॉर्ट फिल्म को देश विदेश के कई फिल्म महोत्सव के लिए भेजा,जिसमें से अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए शॉर्ट लिस्टिंग उपरान्त उनके फिल्म का चयन किया गया।सैकड़ों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के बीच जगह बनाए जाने से उत्साहित साजन कुमार ठाकुर ने बताया कि बॉलीवुड और हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अभिनेता और निर्देशक फिल्मों का मूल्यांकन कर प्रथम,द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए चयन करेंगे।

पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-13-2026-27, दिनांक 13.07.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-13-2026-27, कार्य का नाम :** सियालदह मंडल के एलकेपीआर-एनएमकेआर खंड में "कुलपी में पूरी लंबाई के कॉमन लूप लाइन के साथ नया ब्लॉक-स्टेशन" के संबंध में 25 केवी की डिजाइन, ड्रॉइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ तथा संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,10,25,020.10, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु.2,20,500/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 06 (छह) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 11.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। SDAH-139/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: टीएन-123-26-27, कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में ट्रिबल जीईडीओ वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करते हुए ट्रैक जियोमेट्री और ट्रैक मानकों का सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 3,36,16,216.50, **बयाना राशि :** रु.6,72,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 07.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-135/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-106-26-27, कार्य का नाम:** कैनिंग-कैनिंग स्टेशन में अतिरिक्त स्टैबलिंग लाइन के लिए प्रस्ताव। **निविदा मूल्य :** रु.2,13,65,878.34, **बयाना राशि :** रु. 4,27,300/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-107-26-27, कार्य का नाम:** कुलपी में पूर्ण लंबाई की कॉमन लूप लाइन के साथ नया ब्लॉक स्टेशन। **निविदा मूल्य :** रु. 5,58,06,654.98, **बयाना राशि :** रु. 11,16,100/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन-108-26-27, कार्य का नाम:** डायमंड हार्बर में-प्लेटफॉर्म नं. 3 के पास अतिरिक्त स्टैबलिंग लाइन (सीएसआर लंबाई 275 मी.) का प्रावधान । **निविदा मूल्य :** रु.93,11,485.91, **बयाना राशि :** रु. 1,86,200/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.07.2026 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह प्रत्येक हेतु। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 24.07.2026 को 15.00 बजे है। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः www.ireps. gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-137/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 77-80-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 13.07.2026, (पी.वे और सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 77-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा/पूर्व रेलवे के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/इंचार्ज/ट्रैक डिपो/ साहिबगंज के लिए पी. वे सामग्री की अनलोडिंग" के पी. वे कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 25,18,423.50, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 78-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों -मालदा टाउन कॉलोनी, न्यू फरक्का, बड़हरवा, मणिग्राम आदि में विद्युत सब-स्टेशन और विद्युत परिसंपत्तियों के संवर्धन के संबंध में शेष कार्य और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 35,69,443.72, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 79-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में विश्वसनीयता में सुधार के लिए गनकर, मणिग्राम, चामाग्राम और जंगीपुर रोड में दूसरे (द्वितीय) डिटेक्शन के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,13,211.95, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 80-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी. वे/ भागलपुर-II के खंड में बाराहाट (छोड़कर) से दुमका (छोड़कर) सिंगल लाइन खंड में थ्रू रेल रिन्यूअल 47.35 टीकेएम के कार्य एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 5,19,08,433.22, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 05.08.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/मालदा टाउन। MLD-133/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## सकड्डी में गुप्त नवरात्रि पर श्रीमद्भागवत कथा शुरू, भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

**कोईलवर।** सकड्डी के गोवर्धन मंदिर परिसर में चल रहे चातुर्मास व्रत व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतर्गत बुधवार को गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाज के साथ हुआ। कथा आरंभ होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में काशी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी श्री जनार्दनाचार्य जी महाराज के सानिध्य में विधिवत पूजन-अर्चन व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सदाचार, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का माध्यम है। गुप्त नवरात्रि के दौरान साधना, जप और कथा श्रवण का विशेष महत्व बताया गया। कथा के प्रथम दिन सकड्डी के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण के साथ यज्ञ में आहुति देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर भजन-कीर्तन, शंखध्वनि और वैदिक मंत्रों से गूंजता रहा। यज्ञ आयोजन समिति के रितिक कुमार ओझा ने बताया कि चातुर्मास अवधि में प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा, महायज्ञ व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

## ग्रीवांस सिस्टम से समस्याओं का होगा समाधान

**आरा।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विश्वविद्यालय के "यूनिवर्सिटी ग्रीवांस सिस्टम" के नोडल पदाधिकारी डॉ. राजेश वर्मा के कुशल निर्देशन में शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया पूरी गति और निष्पक्षता के साथ लगातार जारी है। इसी कड़ी में ग्रीवांस सेल (कक्ष संख्या-207) को अब तक प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 10 शिकायतों का सफलतापूर्वक और संतोषजनक निष्पादन सुनिश्चित कर लिया गया है। वहीं शेष बची शिकायतों के तीव्र निवारण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की प्रक्रिया तेजी से संचालित की जा रही है। इस पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए सेल द्वारा प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा भी की जा रही है ताकि हर मामले का समयबद्ध समाधान किया जा सके। सफल निवारण प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए ग्रीवांस सेल के नोडल पदाधिकारी डॉ. राजेश वर्मा ने विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की शैक्षणिक, प्रशासनिक अथवा अन्य विभागीय समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वे सीधे बिहार सरकार के "सहयोग पोर्टल" के माध्यम से अपनी शिकायत या आवेदन दर्ज करा सकते हैं।

## ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान की जयंती मनाई गई

**आरा।** आरा चकिया के रहमान मंजिल में मंगलवार को भारत-पाक युद्ध के वीर शहीद ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सरफराज अहमद खान ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने ब्रिगेडियर उस्मान के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को याद किया। सरफराज अहमद खान ने ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान देश के विभाजन के समय पाकिस्तान की सेना में उच्च पद का प्रस्ताव ठुकराकर भारत के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई। उन्होंने कहा कि ब्रिगेडियर उस्मान का जीवन राष्ट्रसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और वीरता की मिसाल है तथा युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वक्ताओं ने बताया कि ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान का जन्म 15 जुलाई 1912 को हुआ था। वर्ष 1947-48 के भारत-पाक युद्ध में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय दिया।

## स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा

**आरा।** आरा बिहार के शिक्षा जगत और खासकर भोजपुर जिले के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नवस्थापित डिग्री कॉलेजों का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इसी कड़ी में भोजपुर जिले के चार प्रखंडों चरपोखरी, अगिआंव, संदेश और सहार में पठन-पाठन और नए सत्र का विधिवत शंखनाद हो गया। ग्रामीण इलाके के छात्र-छात्राओं को अब स्नातक (ग्रैजुएशन) की पढ़ाई के लिए मीलों दूर जिला मुख्यालय या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। जिला प्रभारी मंत्री में राजकीय डिग्री महाविद्यालय, चरपोखरी का किया उद्घाटन राजकीय डिग्री महाविद्यालय, चरपोखरी का उद्घाटन समारोह बेहद भव्य रहा। यह कार्यक्रम लाखा इंटरस्तरीय विद्यालय (बर्नी) में हुआ। बिहार सरकार के श्रम संसाधन, प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री सह भोजपुर जिला प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार की एक अत्यंत दूरदर्शी और ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कदम से न केवल युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिलेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का समय और आर्थिक संसाधन भी बचेगा। कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि उच्च शिक्षा के विकास में यह अच्छी पहल है। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने कहा कि शिक्षा के लिए अब ग्रामीण इलाकों के बच्चों को मुख्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर स्थानीय विधायक महेश पासवान, उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश, अनुमंडल अधिकारी (पीरो), प्रमुख चरपोखरी रामचंद्र सिंह सहित कई मौजूद थे। अगिआंव। पवना में राजकीय डिग्री कॉलेज, अगिआंव का उद्घाटन में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. राम कृष्ण ठाकुर, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दूधनाथ चौधरी, बीडीओ अर्चना कुमारी, प्रखंड प्रमुख मुकेश सिंह यादव और पंचायत के मुखिया शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद कॉलेज प्रशासन और बुद्धिजीवियों ने क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियों को और बेहतर बनाने पर गहन चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि इस कॉलेज के शुरू होने से अगिआंव और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा की बेहतरीन सुविधा घर के पास ही मिल सकेगी। इस मौके पर कई प्राध्यापक मौजूद थे। नियमित कक्षाओं से बढ़ा उत्साह, 82 का नामांकन संदेश। राजकीय डिग्री कॉलेज, संदेश में शैक्षणिक गतिविधियों ने पूरी रफ्तार पकड़ ली है। कॉलेज के आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान में यहाँ 82 छात्र-छात्राओं का नामांकन हो चुका है। विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए छह विषयों के शिक्षक स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 5 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति भी की जा चुकी है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजू मोची स्वयं रोजाना कॉलेज पहुंचकर शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। समय पर शिक्षकों की उपलब्धता और संसाधनों के कारण यहाँ नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे कॉलेज कैंपस में पढ़ाई का शानदार माहौल बन गया है।

## 22 जुलाई तक मैट्रिक-इंटर परीक्षा 2027 के लिए पंजीयन

**बक्सर।** बिहार बोर्ड ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2027 में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को पंजीयन का एक और मौका दिया है। बोर्ड ने विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तारीख 22 जुलाई कर दी है। विलंब शुल्क सहित मैट्रिक के नियमित विद्यार्थियों का पंजीयन शुल्क 450 रुपए तय किया गया है। स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थियों के लिए 580 रुपए शुल्क लगेगा। इंटरमीडिएट के नियमित विद्यार्थियों को 665 रुपए जमा करने होंगे। स्वतंत्र कोटि के परीक्षार्थियों को 1,215 रुपए शुल्क देना होगा। समिति ने पात्र विद्यार्थियों से तय समय में पंजीयन पूरा करने की अपील की है। बोर्ड के निर्देश के मुताबिक यह सुविधा उन छात्र-छात्राओं के लिए है, जो तय समय सीमा में पंजीयन नहीं करा सके थे। जिन छात्रों का ऑनलाइन आवेदन पहले भर गया है, लेकिन हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र अपलोड नहीं हुआ है, उन्हें भी 22 जुलाई तक यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। पंजीयन की पूरी प्रक्रिया मान्यता प्राप्त स्कूल के प्रधानाचार्य के जरिए ही होगी। आवेदन के दौरान अपार आईडी और आधार संख्या दर्ज करना अनिवार्य रहेगा।

# ट्रक-ऑटो से 671.4 लीटर शराब बरामद, यूपी से लाई जा रही थी खेप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** भोजपुर जिले में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग वाहनों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। टीम ने बक्सर-पटना फोरलेन पर छापेमारी और वाहन जांच अभियान के दौरान एक 10 चक्का ट्रक और एक ऑटो से कुल 671.4 लीटर विदेशी शराब जब्त की। इस कार्रवाई में दोनों वाहनों के चालकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बरामद शराब की बाजार कीमत करीब 6.35 लाख रुपए आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शराब की खेप उत्तर प्रदेश से पटना लाई जा रही थी।

**इनपुट के आधार पर टीम का गठन:** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिले में मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की ओर से लगातार वाहन जांच और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्य निषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि हरियाणा की ओर से एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित दौलतपुर नदी पुल के समीप बक्सर-पटना फोरलेन पर एक 10 चक्का ट्रक को रोका गया। तलाशी लेने पर ट्रक में बनाए गए गुप्त तहखाने से व्हिस्की की 750 एमएल, 375 एमएल और 180 एमएल की कुल 1152 बोतलें, यानी 628.2 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। ट्रक पर यूपी-77एएन-9595 नंबर अंकित था। मौके से चालक राहुल कुमार पंडित, निवासी सकरा थाना क्षेत्र, मुजफ्फरपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

**दानापुर निवासी ड्राइवर अरेस्ट:** इसी अभियान के दौरान गीधा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर मोड़ के पास एक ऑटो की जांच की गई। वाहन से व्हिस्की की 180 एमएल की 240 बोतलें, कुल 43.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। चालक नीरज कुमार, निवासी दानापुर (पटना) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा समेत मद्यनिषेध पुलिस, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# बिहार टी-10 प्रीमियर लीग की तैयारी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा बिहार टी10 प्रीमियर लीग के लिए परमार कॉम्प्लेक्स के लीग कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में लीग के विस्तार, डिजिटल प्रमोशन, ब्रांडिंग व अन्य तैयारियों से संबंधित रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में इन्फ्लुएंसर्स दलाल कॉमेडियन टीम के सदस्य राज कुमार, मनोज मिश्रा और आकाश ने भाग लिया। सभी ने बिहार टी10 प्रीमियर लीग की पहुंच बढ़ाने और इसे राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए अपने सुझाव दिए। इस दौरान लीग के प्रचार-प्रसार और नए साझेदारों को जोड़ने को लेकर भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में बिहार टी10 प्रीमियर लीग के सचिव राहुल सिंह सरकार, संयुक्त सचिव पंकज प्रकाश, अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार तथा चेयरमैन आलोक अंजन ने उपस्थित इन्फ्लुएंसर्स को सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से लीग को नई पहचान मिलेगी तथा बिहार की खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच उपलब्ध कराया जा सकेगा। बैठक में कोमल, अविनाश, जीतू, अमित, शिवम, निखिल, अमन, रवी, सूरज, अर्चना, अंजली, दीपू और रेणुका सहित पूरी आयोजन टीम मौजूद रही।

# केरल में हरिओम ने 15 दिनों में 70 सांप पकड़े

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** जिले के जांबाज युवा सर्प रेस्क्यूअर हरिओम चौबे ने एक बार फिर अपनी बहादुरी और सेवा-भावना से राष्ट्रीय पटल पर राज्य का मान बढ़ाया है। मानसून की दस्तक देते ही केरल के रिहायशी इलाकों में सांपों का खतरा बढ़ गया था। इस विकट स्थिति से निपटने के लिए केरल फॉरेस्ट डिपार्टमेंट (वन विभाग) ने हरिओम और उनकी टीम को विशेष रूप से आमंत्रित किया था। वहां उन्होंने अपने हुनर से सबको प्रभावित किया। केरल में भारी बारिश के कारण सांपों के घरों में घुसने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही थीं। आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए केरल वन विभाग ने बक्सर के हरिओम चौबे की विशेषज्ञता पर भरोसा जताया। हरिओम अपनी टीम के साथ केरल पहुंचे। महज 15 दिनों के भीतर 70 सांपों का सफल रेस्क्यू किया। उन्हें सुरक्षित जंगलों में वापस छोड़ दिया। इस बेहद चुनौतीपूर्ण अभियान के दौरान उन्होंने 3 अत्यंत विषैले और खतरनाक किंग कोबरा को भी सुरक्षित तरीके से पकड़ा। यह देखकर स्थानीय लोग और वन विभाग के अधिकारी भी दंग रह गए।

# बैरिकेडिंग हटा ओवरब्रिज पर बर्थडे मनाने पर प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर।** सोशल मीडिया पर वायरल रेलवे ओवरब्रिज की बर्थडे पार्टी के मामले में पुलिस की कार्रवाई शुरू हो गई। बक्सर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित एलसी संख्या-70 रेलवे ओवरब्रिज पर कथित रूप से बैरिकेडिंग हटाकर जन्मदिन समारोह मनाने के मामले में मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की शिकायत पर राकेश कुमार सिंह को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया गया है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कनीय अभियंता राजीव कुमार शुक्ला एवं परियोजना अभियंता अभिषेक कुमार द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 11 जुलाई की रात तकनीकी खामियों के कारण बंद एलसी संख्या-70 रेलवे ओवरब्रिज पर बैरिकेडिंग हटाकर जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। यह पुल फिलहाल मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य के कारण आम लोगों के लिए बंद है। शिकायत में कहा गया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश कर कार्यक्रम करने से कार्य प्रभावित हुआ। सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए। मुंशी के विरोध के बावजूद नहीं रुका कार्यक्रम आवेदन के अनुसार पुल निर्माण कार्य से जुड़े संवेदक के मुंशी ने कार्यक्रम का विरोध किया था। इसके बावजूद समारोह आयोजित किया गया। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल किया गया। महिलाओं से अश्लील गीतों पर नृत्य कराया गया। इससे आसपास के लोगों को भी परेशानी हुई। पुल निर्माण निगम ने शिकायत में कहा है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और उपलब्ध तस्वीरों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि कार्यक्रम का आयोजन राकेश कुमार सिंह ने किया था। इसी आधार पर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया। पुल निर्माण निगम के आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सभी साक्ष्यों की जांच कर रही है। जांच के निष्कर्ष के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 16 जिलों के 120 खिलाड़ी आरा में दिखाएंगे दम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा।** भोजपुर जिला बैडमिंटन संघ के द्वारा आयोजित हंड्रेड दूसरी बिहार राज्य जूनियर (अंडर-17/19) रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को आरा क्लब में हुआ। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ एसके रूंगटा एवं बिहार बैडमिंटन संघ के महासचिव केएन. जायसवाल ने किया। डॉ एसके रूंगटा ने कहा खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के महत्व को बताते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। सुधा डेयरी, आरा के प्रबंध निदेशक अमित कुमार सुमंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बिहार बैडमिंटन संघ के महासचिव केएन. जायसवाल ने कहा कि इस तरह की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती हैं। भोजपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. बीके. शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार के 16 जिलों से आए 120 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल आठ इवेंट आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए बिहार बैडमिंटन संघ द्वारा आठ तकनीकी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो सभी मुकाबलों का संचालन करेंगे। उद्घाटन के बाद विभिन्न वर्गों के मुकाबले शुरू हुए। प्रतियोगिता का समापन 19 जुलाई को होगा। भोजपुर के यथार्थ सहाय ने भागलपुर के अरविंद कुमार को हराया पहले मैच में कैमूर के प्रिंस कुमार ने नवादा के अर्नव कुमार को 15-3, 15-5 से हराया। दूसरे मुकाबले में मुजफ्फरपुर के प्रांजल वीर ने नालंदा के ऋषभ राज को 15-2, 12-15, 15-8 से मात दी। तीसरे मैच में मुजफ्फरपुर के अर्नव मिश्रा ने बक्सर के चिराग अग्रवाल को 15-13, 15-8 से हराया। चौथे मुकाबले में भोजपुर के यथार्थ सहाय ने भागलपुर के अरविंद कुमार को 15-8, 15-7 से शिकस्त दी। पांचवें मैच में रोहतास के प्रियांशु कुमार ने मुजफ्फरपुर के रहीमाते आलम को 11-15, 15-12, 15-11 से पराजित किया। कार्यक्रम में डॉ. कुमार जितेंद्र, डॉ. बीके. प्रसाद, शशि कुमार, विकास कुमार सिंह, डॉ. गुलेश, रवि कुमार, ऋषि राज, आशुतोष सहित कई खेलप्रेमी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन खिलाड़ी शाश्वत कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. बीके. शुक्ला ने किया।

# सीक्रेट चैंबर से 7 लाख की शराब जब्त



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर में उत्पाद विभाग ने हरियाणा से पटना ले जाई जा रही सात लाख रुपये से अधिक की अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप जब्त की है। यह कार्रवाई वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान के दौरान की गई। एक पिकअप वैन में बनाए गए सीक्रेट चैंबर से 3123 बोतल शराब बरामद हुई, जिसके बाद हरियाणा निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

**एक संदिग्ध पिकअप वैन को रोका गया:** उत्पाद विभाग की टीम वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर नियमित वाहन जांच कर रही थी। निरीक्षक सह मध्य निषेध प्रभारी पदाधिकारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की ओर से बिहार में प्रवेश कर रही एक संदिग्ध पिकअप वैन को रोका गया। प्रारंभिक जांच में वाहन सामान्य लगा, लेकिन संदेह होने पर गहन तलाशी ली गई। गहन जांच के दौरान टीम को वाहन में बेहद चालाकी से बनाया गया एक सीक्रेट चैंबर मिला। इस चैंबर में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब छिपाई गई थी। उत्पाद विभाग ने मौके पर ही वाहन जब्त कर शराब की गिनती की, जिसमें कुल 3123 बोतल विभिन्न महंगे ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

**जब्त शराब की बाजार कीमत सात लाख रुपये से अधिक:** अधिकारियों के अनुसार, यह शराब हरियाणा से लोड कर पटना पहुंचाई जानी थी। बक्सर सीमा में प्रवेश करते ही उत्पाद विभाग की सतर्क टीम ने तस्करी की इस कोशिश को नाकाम कर दिया। उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने बताया कि जब्त शराब की बाजार कीमत सात लाख रुपये से अधिक है। गिरफ्तार चालक की पहचान हरियाणा के लड़ानपुर निवासी 35 वर्षीय दिलराज कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी दिलराज कुमार ने बताया कि उसे शराब की यह खेप पटना पहुंचानी थी। पटना पहुंचने के बाद उसे मोबाइल के माध्यम से आगे की डिलीवरी के स्थान की जानकारी दी जानी थी। वाहन को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तारी के लिए भी छानबीन तेज कर दी गई:** उत्पाद विभाग अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुट गया है और यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि शराब की खेप किसके लिए मंगाई गई थी तथा इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। उत्पाद विभाग ने बताया कि मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए भी छानबीन तेज कर दी गई है।

# सरपंच की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या, डेढ़ बीघा जमीन को लेकर विवाद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में डेढ़ बीघा जमीन विवाद में चिलबिला गांव में कुकुढ़ा पंचायत के सरपंच सुभाष सिंह की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि उनके 2 बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार दोपहर इटाढ़ी थाना क्षेत्र की है। दोनों घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने बक्सर-चौसा मुख्य मार्ग जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इटाढ़ी थाना प्रभारी सोनू पासवान को तत्काल बर्खास्त करने, सभी नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। सड़क जाम होने से दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई और यातायात कई घंटे तक प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद उनके पाटीदारों ने पुराने जमीन विवाद को लेकर सरपंच और उनके बेटों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में सरपंच गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े।

**15-20 लोग पहुंचे, तीनों के साथ जमकर मारपीट:** घटना की सूचना मिलते ही उनके दोनों बेटे अखिलेश सिंह और विंटेस सिंह मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इसके बाद तेज बहादुर सिंह, विनोद सिंह, महावीर कुमार, विनोद कुमार, अभिमन्यु, विपिन, विकास, निर्मल, आकाश, वीर बहादुर, रंग बहादुर, जंग बहादुर, राम अवधेश सहित 15 से 20 लोग वहां पहुंच गए और तीनों के साथ जमकर मारपीट की। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने सरपंच सुभाष सिंह को मृत घोषित कर दिया। उनके दोनों बेटों का इलाज अस्पताल में जारी है और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सुभाष सिंह के बड़े बेटे अखिलेश सिंह द्वारा बताया गया कि, 'मेरा डेढ़ बीघा जमीन है। जिसपर मेरा कब्जा भी है। उसका रसीद भी 2026 -27 तक अपडेट है। लेकिन इटाढ़ी सीओ और थाना प्रभारी के द्वारा बार बार एंटी पार्टी को कब्जा कराने का प्रयास करते आ रहे है।' 'इसके पहले भी विवाद हुआ था दोनो पार्टी से लोगों को हिरासत में लेकर उस जमीन पर अभी कोई नहीं जाएगा कहकर छोड़ देते थे। हमारे परिवार में तीन ही लोग है बाकी सर्विस में है।ये लोग हमेशा काफी संख्या में पहुंच बार बार विवाद करने का कार्य करते है।जिसमे सीओ और थाना प्रभारी सहयोग उनका करते है।'

## संक्षिप्त समाचार

### बागमती नदी खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर, औराई-कटरा प्रखंड के स्कूल परिसरों में पानी भरा

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में बागमती नदी खतरे के निशान से करीब एक मीटर ऊपर बह रही है, जिससे बाढ़ का खतरा गहरा गया है। कटरा, औराई और गायघाट प्रखंड के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल गया है। कई स्कूल परिसरों और थाना परिसर में भी पानी घुस गया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। स्कूल परिसर में पानी भरने से पढ़ाई बाधित हुई है। यह स्थिति नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश और वहां से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण उत्पन्न हुई है। नदी के उफान पर होने से इन प्रखंडों की एक बड़ी आबादी प्रभावित हुई है। बाढ़ के पानी ने अब सरकारी इमारतों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। औराई और कटरा प्रखंड के कई



स्कूल परिसरों में पानी भर गया है, जिससे छात्रों और शिक्षकों का स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया है और शिक्षा व्यवस्था बाधित हुई है। इसी तरह, गायघाट प्रखंड के बेनीबाद थाने का निचला हिस्सा भी पानी में डूबने की कगार पर है। थाना परिसर में खड़ी जब्त की गई गाड़ियां भी धीरे-धीरे पानी में समाने लगी हैं। यदि जलस्तर में और वृद्धि होती है, तो थाने के दैनिक कामकाज प्रभावित हो सकते हैं। इस बाढ़ संकट के बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो स्थानीय लोगों की कठिनाइयों को दर्शाता है। वीडियो में पीपा पुल का अप्रोच मार्ग पूरी तरह पानी में डूबा हुआ दिख रहा है। इसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हुए नजर आ रहे हैं, जिन्होंने अपना सामान धोती में बांधकर सिर पर रखा हुआ है। यह दृश्य प्रशासनिक तैयारियों और सुगम यातायात के दावों पर सवाल खड़े करता है।

### जमीन विवाद में डबल मर्डर की साजिश का खुलासा, मुख्य आरोपी के 2 सहयोगी गिरफ्तार, एक नाबालिग भी शामिल

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के राजसन गांव में 12 जुलाई को पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी जगदीश राय के दो सहयोगियों को हिरासत में लिया है। इनमें एक बदमाश और एक नाबालिग लड़का शामिल है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान पटना जिले के कौवाकोल निवासी राम पुकार राय के बेटे पप्पू कुमार के रूप में हुई है। दूसरा आरोपी सत्येंद्र राय का नाबालिग बेटा बताया गया है। सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर जगदीश राय ने अपने साथियों के साथ मिलकर मुनारिक राय और उनके सैनिक बेटे जितेंद्र कुमार राय की हत्या की थी। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के निर्देश पर एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी अनुसंधान और मानवीय आसूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पटना जिले के बहादुरपुर स्थित बॉयज हॉस्टल में छापेमारी की। यहीं से मुख्य आरोपी जगदीश राय को गिरफ्तार किया गया। जगदीश राय को बिदुपुर थाना लाया जा रहा था, तभी उसने पुलिस गाड़ी में बैठे पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान जगदीश राय के दोनों पैरों में गोली लगी। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी जगदीश राय ने हत्या की साजिश का खुलासा किया। उसने बताया कि 10 और 11 जुलाई को उसने अपने साथियों के साथ राजसन गांव में एक बैठक की थी। इस बैठक में कई वर्षों से चले आ रहे जमीन विवाद को खत्म करने के लिए मुनारिक राय और उनके सैनिक बेटे जितेंद्र कुमार राय की हत्या करने का निर्णय लिया गया था। जिससे हमेशा हमेशा के लिए जमीनी विवाद समाप्त किया जाए। हुआ भी ऐसा ही 12 जुलाई को मुनारीक राय अपने सैनिक बेटे के साथ घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर कही जा रहा रहा था।

इसी दौरान पहले से घात लगाए जगदीश राय अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी। वहीं जगदीश राय ने पुलिस को बताया कि पप्पू कुमार के सहयोग से सत्येंद्र के पुत्र के बॉयज हॉस्टल पर रुका हुआ था। पुलिस ने जगदीश राय के सहयोग करने के मामले में पटना में छापेमारी कर बदमाश पप्पू कुमार एवं सत्येंद्र कुमार के नाबालिक बेटे को हिरासत में लिया। जहां पूछताछ के बाद पप्पू कुमार को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया। जबकि नाबालिक बेटे को बाल सुधार गृह में भेजा गया। वहीं पिता और भाई की मौत के बाद बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। रवीना कुमारी अपने एकलौता भाई जितेंद्र कुमार को खोया है। रवीना कुमारी बार-बार कह रही हैं कि अब मैं राखी ककिसे बांधूंगी।अब मुझे कौन उपहार देगा।

### महिला के गले से सोने का ढोलना लूटा, बाइक सवारों ने वारदात को दिया अंजाम

**हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर में बुधवार दोपहर बैंक ऑफ बड़ौदा के पास एक महिला से सोने की ढोलना झपट ली गई। घटना दोपहर करीब 3:20 बजे हुई, जब महिला अपनी मां के साथ बाजार आई थीं। बदमाश पल्सर बाइक पर सवार थे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़िता की पहचान गैरजैल पहाड़पुर, थाना महआ, जिला वैशाली निवासी मेनिका कुमारी के रूप में हुई है। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह अपनी मां के साथ बिदुपुर बाजार में खरीदारी कर रही थीं। इसी दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा, बिदुपुर के पास एक काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए। अचानक बाइक सवारों ने उनकी गाड़ी रोकी और मेनिका के गले से सोने की चेन झपट ली। मेनिका के चिल्लाने पर दोनों बदमाश अपनी बाइक



से मौके से फरार हो गए। मेनिका कुमारी के अनुसार, झपटी गई सोने की ढोलना की कीमत लगभग 20,000 रुपये थी। उन्होंने बताया कि वह पांच दिन पहले अपनी नानी के घर आई थीं। पीड़िता ने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक-ऑटो ड्राइवर के बीच सड़क पर मारपीट, साइड देने के विवाद में दोनों पक्ष भिड़े, आधे घंटे तक रोड जाम

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में ऑटो ड्राइवर और बाइक सवार के बीच सड़क पर मारपीट हो गई। एक-दूसरे का कॉलर पकड़ा और घूसे भी मारे। दोनों के बीच साइड देने को लेकर विवाद हुआ था। मारपीट की वजह से कुछ देर के लिए रोड भी जाम हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय ब्रह्मपुरा थाना के सामने मुख्य सड़क पर ऑटो-बाइक सवार में आगे निकलने को लेकर बहस शुरू हो गई। यह बहस जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। घटना ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र की है। करीब दस मिनट तक यह मारपीट चलती रही। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी घटना पुलिस थाने के ठीक सामने हुई, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। मारपीट को देखने लिए राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों की भीड़ जुट गई। लोग अपनी गाड़ियां रोककर खड़े हो



गए, जिससे व्यस्त सड़क पर तत्काल ट्रैफिक जाम लग गया। कुछ राहगीरों ने शुरुआत में बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों के उग्र व्यवहार को देखकर वे पीछे हट गए। सड़क जब बहुत ज्यादा जाम हो गया तो स्थानीय लोगों और राहगीरों ने हिम्मत जुटाई। दोनों को अलग-अलग किया और समझाकर शांत किया। लोगों ने जब कड़ा विरोध किया तो दोनों अपनी-अपनी गाड़ी लेकर निकल लिए। करीब आधे घंटे तक रोड जाम रहा। ब्रह्मपुरा के थानेदार सब-इंस्पेक्टर विपिन रंजन ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत या आवेदन नहीं दिया गया है। अगर कोई भी पक्ष थाने में आकर लिखित शिकायत दर्ज कराता है, तो पुलिस मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

# पटना में बंटी किडनैपिंग-मर्डर केस के मुख्य आरोपी का एनकाउंटर

## पुलिस की गाड़ी देखते ही फायरिंग की, पटना एसएसपी बोले- नेपाल भगाने की तैयारी में था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बंटी यादव अपहरण-मर्डर केस का मुख्य आरोपी और कुख्यात अपराधी रवीश उर्फ बसिया गुरुवार को पटना में पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में एलएनटी से पूरब बांस घाट जाने वाले कच्चे रास्ते पर सुबह करीब 3 बजे ये मुठभेड़ हुई। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। गोली पुलिस की कार की बोनट पर लगी। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली रवीश के दाहिने पैर में लगी। उसे इलाज के लिए PMCH में भर्ती कराया गया है। कुल 2 राउंड फायरिंग हुई है। एक राउंड पुलिस ने की। एक राउंड रवीश ने की। मौके से एक खोखा, एक कारतूस, एक देसी कट्टा और मोबाइल फोन मिला है। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि रवीश नेपाल भागने की तैयारी में था। उसके और मारे गए बंटी के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी।

**पुलिस पर फायरिंग, बोनट पर लगी गोली**: बंटी यादव की किडनैपिंग और मर्डर केस में पटना पुलिस रवीश को खोज रही थी। सूचना मिली थी कि रवीश एलएनटी घाट से



होते हुए पटना लौट रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम जैसे ही उस इलाके में पहुंची, तभी आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली कोतवाली थाना की सरकारी गाड़ी की बोनट पर लगी। हालांकि गाड़ी में मौजूद थाना प्रभारी (SHO) समेत अन्य पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी।

**हत्या के बाद से था फरार**: पुलिस के मुताबिक, बंटी यादव की हत्या के बाद से रवीश लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई दिनों से छापेमारी की जा रही थी। गुरुवार को उसके पटना आने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जाल बिछाया, जिसके दौरान मुठभेड़ हुई। 2 राउंड गोली चली है। रवीश पर पटना के कई थानों में लूट-रंगदारी और हत्या के प्रयास जैसे संगीन मामले दर्ज हैं।

**घटनास्थल से हथियार बरामद**: मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से आरोपी की चप्पल और एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए FSL (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी मौके पर बुलाया है। घटनास्थल पर लॉ एंड ऑर्डर ASP कृष्ण मुरारी प्रसाद, DIU, SIU और कोतवाली थाना पुलिस की टीम मौजूद रही। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और बरामद हथियार की भी फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा, 'बंटी और रवीश के बीच में आपसी वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। शराब के कारोबार में हाल मैं ही रवीश जेल से छूट कर आया था। उसे लग रहा था कि बंटी के चलते उसे जेल जाना पड़ा है। इसे लेकर दोनों में विवाद चल रहा था। इन दोनों के बीच बातचीत के भी एविडेंस मिले हैं। फिलहाल इस मामले में चार आरोपी फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। रवीश के खिलाफ अलग-अलग थानों में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।'

# रील बनाने के लिए बिहार सरकार देगी 3 लाख इनाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बिहार सरकार की ओर से हर साल श्रावणी मेला का आयोजन किया जाता है। इस साल भी पर्यटन विभाग तैयारियों में लगा हुआ है। श्रावणी मेला 2026 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए बिहार सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पर्यटन विभाग ने 'एक इंफ्लुएंसर की नजर से' नाम से विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत श्रावणी मेले की आस्था, संस्कृति और पर्यटन को दर्शाने वाले श्रेष्ठ कंटेंट के लिए 3 लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें देशभर के कंटेंट क्रिएटर, ट्रैवल ब्लॉगर, फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर और रील मेकर भाग ले सकते हैं।

**कांवड़ यात्रा से लेकर बाबाधाम मंदिर की दिखेगी झलक**: पर्यटन विभाग की ओर से जारी विज्ञापन में प्रतिभागियों से कहा गया है कि वे कांवड़ यात्रा, बाबाधाम मंदिर, धार्मिक परंपराएं, सेवा शिविर, लोक संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता और श्रद्धालुओं की आस्था को रचनात्मक तरीके से अपने कंटेंट में दिखाएं। बिहार टूरिज्म की वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर करके अपलोड करना होगा।



- **श्रावणी मेला पर बनाना होगा वीडियो, कांवड़ यात्रा से लेकर बाबाधाम मंदिर की दिखानी होगी झलक**

इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पर्यटन विभाग चाहता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए श्रावणी मेले की भव्यता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। इस पहल का सबसे अधिक लाभ बांका जिले के कंटेंट क्रिएटर्स और स्थानीय लोगों को मिलने की उम्मीद है। सुल्तानगंज से देवघर तक करीब 105 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा में लगभग 55 किलोमीटर का रास्ता बांका जिले से होकर गुजरता है। अमरपुर, शंभूगंज, कटोरिया, बेलहर और चांदन जैसे क्षेत्रों में हर साल लाखों कांवरिये पहुंचते हैं।

# पटना जंक्शन के रिमॉडलिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी, दिसंबर से काम, 493 करोड़ खर्च

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना जंक्शन के रिमॉडलिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। करीब 493 करोड़ की लागत से दिसंबर तक काम शुरू होगा। इसके तहत मुख्य बिल्डिंग, सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग को स्मार्ट और हाइटेक बनाया जाएगा। पहले फेज में पार्सल बिल्डिंग का निर्माण होगा। उससे पहले करबिगहिया स्थित न्यू पार्किंग में अस्थायी शेड बना कर पार्सल बुकिंग की अस्थायी व्यवस्था होगी। पार्सल बिल्डिंग बनने के बाद उसमें जनरल और रिजर्वेशन काउंटर को शिफ्ट (अस्थायी व्यवस्था) किया जाएगा। इसके बाद जनरल और रिजर्वेशन टिकट हॉल को तोड़ा जाएगा। इसके बनने के बाद जंक्शन की मेन बिल्डिंग टूटेगी। पूरा प्रोजेक्ट वर्ष 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

**अभी से दोगुने चौड़े होंगे एफओबी** अभी से दोगुने चौड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण होगा।




- **पहले फेज में पार्सल बिल्डिंग बनेगी, तब तक करबिगहिया में होगा काम**

चौड़ाई 12 मीटर होगी। पुराने की चौड़ाई करीब 6-8 मीटर है। अभी एफओबी पर भीड़ अधिक होती है। धक्का-मुक्की की स्थिति रहती है। इसलिए चौड़ाई बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 10 तक दो नए फुट ओवरब्रिज बनेंगे। इनमें बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट लगेंगे। पार्किंग एरिया दूध मार्केट से जीपीओ के पास मीठापुर आरओबी के नीचे तक फैला होगा। कार और बाइक के लिए अलग-अलग जोन होंगे। क्षमता 4,000 से अधिक वाहनों की होगी।

# टेंट व्यवसायी की संदिग्ध मौत, पत्नी ने महिला मित्र और उसके भाई पर हत्या का आरोप लगाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले टेंट व्यवसायी मनोज कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पत्नी कंचन देवी ने हत्या की आशंका जताते हुए आलमगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने पति की महिला मित्र नीतू देवी और उसके भाई पर सुनियोजित हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कंचन देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके पति मनोज कुमार का महारानी कॉलोनी निवासी नीतू देवी से लगातार संपर्क था। उनका आरोप है कि इसी संबंध को लेकर साजिश रचकर उनके पति की हत्या की गई और बाद में शव को ठिकाने लगा दिया गया।

**शादी समारोह में जाने की बात कहकर निकले थे घर से**



: मृतक मनोज कुमार (50 वर्ष) चैलीटाल, काजीबाग के निवासी थे और डेकोरेटर का व्यवसाय करते थे। परिजनों के अनुसार, 13 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे वह एक शादी समारोह के इवेंट के सिलसिले में अपनी स्कूटी से घर से निकले थे। जब देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन स्विच ऑफ मिला। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी खोजबीन शुरू की।

**महिला मित्र के घर पहुंचे तो भगा दिया गया**: खोजबीन

- **जलकुंभी के बीच मिला शव**

के दौरान परिजनों को जानकारी मिली कि मनोज कुमार का महारानी कॉलोनी स्थित एक घर में रहने वाली महिला नीतू देवी के यहां आना-जाना था। जब परिवार के लोग वहां पहुंचे और जानकारी लेने का प्रयास किया, तो मकान मालिक राहुल चौरसिया ने उन्हें डांट-फटकार कर भगा दिया। इसके बाद परिजनों का शक और गहरा गया।

**जलकुंभी के बीच मिला शव, सड़क किनारे मिली स्कूटी**: बुधवार शाम पुलिस ने फतुहा इलाके में जलकुंभी के बीच से मनोज कुमार का शव बरामद किया था। वहीं, उनकी स्कूटी तीन दिनों से सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी मिली थी, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

**हर पहलू से जांच में जुटी पुलिस**: पत्नी कंचन देवी का आरोप है कि उनके पति की सुनियोजित तरीके से हत्या कर शव को ठिकाने लगाया गया है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों को भी गंभीरता से लिया गया है। पुलिस कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR), सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है। साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संजय यादव हत्याकांड, छह दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं, नाराज परिवार और स्थानीय निकालेंगे कैंडल मार्च

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के राघोपुर पंचायत के पूर्व मुखिया संजय यादव की हत्या का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। हत्याकांड के छह दिन बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। गुरुवार को परिजनों और स्थानीय लोगों की ओर से कैंडल मार्च निकाला जाएगा। कैंडल मार्च राघोपुर दो मोहनी से शुरू होकर बिहटा चौक तक जाएगा। इसमें मृतक के बेटे सोनल कुमार, छोटे भाई मनोज यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल होंगे।

**बेटे ने लगाया साजिश का आरोप**: मृतक के बेटे सोनल कुमार ने आरोप लगाया कि उनके पिता की हत्या सुनियोजित साजिश के तहत की गई। उन्होंने कहा कि घटना के छह दिन बीत जाने के बावजूद



पुलिस किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। सोनल कुमार ने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो आने वाले दिनों में बिहटा में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन उनके पिता कोर्ट में सरेंडर करने वाले थे। इसकी जानकारी उन्होंने एक दिन पहले फोन पर दी थी, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही उनकी हत्या कर दी गई।

**मंत्री रामकृपाल यादव ने परिजनों से की मुलाकात**: कैंडल मार्च से एक दिन पहले बुधवार को

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम एसआईटी की जांच जारी**

बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने घटना की जानकारी लेने के बाद पटना के SSP और पश्चिम सिटी एसपी से फोन पर बात कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश देने की बात कही।

**SIT कर रही मामले की जांच**: पुलिस का कहना है कि मामले की जांच विशेष जांच दल (SIT) कर रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, विभिन्न पहलुओं पर जांच जारी है और जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।

# पटना में 1715 पुड़िया स्मैक के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के पश्चिमी क्षेत्र में सूखे नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नेउरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मधुपुर गांव में छापेमारी कर दो महिलाओं और एक पुरुष तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान तस्करों के पास से 1715 पुड़िया स्मैक और 4250 नगद रुपया भी बरामद किया गया है। साथ एक ऑटो जब्त किया गया है, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर नशे की तस्करी में किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात सूचना मिली थी कि एक ऑटो से मधुपुर गांव में स्मैक की सप्लाई की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर ऑटो चालक भागने का





- **ड्राइवर सहित दो महिलाएं पकड़ी गई, ऑटो की आड़ में चला रहे थे नशा कारोबार**

प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद ऑटो में सवार दो महिलाओं और ड्राइवर की तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से कुल 1715 पुड़िया स्मैक बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक, बरामद स्मैक का वजन करीब 1200 ग्राम है।

# पीएमसीएच में 120-बेड का हाईटेक आईसीयू सितंबर तक होगा शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में गंभीर मरीजों के इलाज की सुविधा जल्द ही मजबूत होगी। अस्पताल की नई बिल्डिंग में तैयार हो रहा 120 बेड का अत्याधुनिक इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) सितंबर तक मरीजों के लिए शुरू होने की उम्मीद है। इस नए आईसीयू के शुरू होने से पीएमसीएच की क्रिटिकल केयर क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसका सीधा लाभ दुर्घटना, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, मल्टी ऑर्गन फेलियर या अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मिलेगा, जिन्हें तत्काल गहन चिकित्सा की आवश्यकता होती है। इससे मरीजों को समय पर आईसीयू बेड उपलब्ध हो सकेगा और उन्हें दूसरे अस्पतालों में रेफर करने की आवश्यकता भी कम होगी। वर्तमान में, पीएमसीएच के विभिन्न विभागों में 250 से अधिक आईसीयू




बेड संचालित हैं। इनमें इमरजेंसी में 60 बेड, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स और न्यूरोसर्जरी विभागों में लगभग 85 बेड, शिशु रोग विभाग में 58 बेड और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में 36 बेड शामिल हैं। मेडिसिन विभाग में भी 60 आईसीयू बेड की सुविधा उपलब्ध है। 120 बेड का नया आईसीयू शुरू होने के बाद अस्पताल की कुल क्रिटिकल केयर क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। भवन निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना तथा तकनीकी परीक्षण अंतिम चरण में है।

# 6 जिलों में बारिश, रक्सौल में सड़कें लबालब नेपाल में बारिश से उफान पर कोसी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। बगहा, बेतिया, रक्सौल, सीतामढ़ी और नालंदा में बारिश हुई है। वहीं, दोपहर बाद औरंगाबाद में तेज बारिश हुई। नेपाल में हो रही बारिश से कोसी उफान पर चल रही है। मौसम विभाग ने आज 8 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इधर, रातभर हुई बारिश से रक्सौल में सड़कें झील में तब्दील हो गई हैं, वहीं बगहा के सिसई और चिउरही पंचायत के करीब 300 घरों के लोग धनहा–रतवल मुख्य मार्ग किनारे तंबू में रहने को मजबूर हैं। मौसम विभाग ने 16 और 17 जुलाई को किशनगंज, कटिहार, पश्चिम चंपारण और अररिया में भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, सुपौल समेत कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट है।

**अबतक 41 प्रतिशत कम बारिश**: मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में 30 से 40Kmph की रफ्तार से हवा चलने की



संभावना जताई है। वहीं, पटना समेत दक्षिण बिहार में बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। बिहार में मानसून की रफ्तार धीमी है। दक्षिण बिहार के कई जिले सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जबकि उत्तर बिहार में लगातार बारिश हो रही है। 14 जुलाई तक राज्य में सामान्य से 41% कम बारिश दर्ज

- **बगहा में 300 परिवार टेंट में रहने को मजबूर**

की गई है। बिहार में बुधवार को बिजली गिरने से एक बच्चे समेत 3 लोगों की मौत हो गई। गयाजी में स्कूल जा रहे 3 छात्रों पर आकाशीय बिजली गिरी। इसमें एक की मौत हो गई है। 2 छात्रों की हालत गंभीर है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, समस्तीपुर में दो अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला समेत दो की मौत हो गई। घटना में एक बच्चा गंभीर रूप से झुलस है। घटना सरायरंजन प्रखंड के लगमा और रायपुर बुजुर्ग गांव की है। बुधवार को पटना, बगहा, पूर्वी चंपारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, गयाजी,जहानाबाद, सीतामढ़ी, पूर्णिया में सुबह तेज बारिश हुई। वहीं, 37.3 डिग्री के साथ कैमूर सबसे गर्म जिला रहा। पटना का तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा



**रांची।** भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के पावन अवसर पर प्रणामी ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ तथा श्री राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना की और महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। रथ यात्रा के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी का भव्य, अलौकिक और मनमोहक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कर भगवान श्री जगन्नाथ और राधा-कृष्ण को केसरिया खीर और ताजे फलों का महाभोग अर्पित किया। पूजा के उपरांत आयोजित सामूहिक आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता की और भगवान से सुख, शांति, समृद्धि तथा विश्व कल्याण की प्रार्थना की। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय भजनों से गुंजायमान रहा। ट्रस्ट के भजन गायकों ने भगवान श्री जगन्नाथ एवं राधा-कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए अनेक सुमधुर और भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूमते नजर आए और पूरे आयोजन में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने सुव्यवस्थित ढंग से महाप्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में प्रणामी ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, संजय सर्राफ सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई रथयात्रा



**रांची!** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथयात्रा विशेष प्रार्थना सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल कवायर के भक्तिमय प्रार्थना से हुई। इसके बाद भगवान जगन्नाथ के रथ को विधिवत खींचकर रथयात्रा का प्रतीकात्मक आयोजन किया गया, जो एकता, समरसता और सत्य की विजय का संदेश देता है। विद्यार्थियों ने भक्तिमय नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चों की झांकी रही, जिसमें उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का स्वरूप धारण कर रथयात्रा का हृदयस्पर्शी चित्रण किया। रथयात्रा के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर छात्रों ने भाषण भी दिया। प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि रथयात्रा हमें विनम्रता, करुणा, प्रेम और समानता का संदेश देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति से जुड़कर जिम्मेदार और अनुशासित नागरिक बनने का आह्वान किया। सम्पूर्ण आयोजन भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

### भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के अवसर पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**रांची।** भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सभी नेताओं ने भगवान जगन्नाथ से राज्य में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कामना की कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की कृपा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा का यह पावन पर्व सेवा, समरसता, आस्था और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने रथ यात्रा को सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने भी झारखंडवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रभु जगन्नाथ से राज्य के प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की।

### वी मूवीज एंड टीवी पर 24×7 लाइव होगा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 2026 का दर्शन

**रांची।** देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी वी (वोडाफोन आइडिया) ने अपने ग्राहकों के लिए श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 2026 का 24×7 लाइव दर्शन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अब देशभर के वी ग्राहक ओडिशा के पुरी से होने वाली 12 दिवसीय रथ यात्रा का सीधा प्रसारण वी मूवीज एंड टीवी प्लेटफॉर्म पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के देख सकेंगे। वी ने शेमारू के साथ साझेदारी में 16 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक रथ यात्रा के सभी प्रमुख अनुष्ठानों का लाइव प्रसारण उपलब्ध कराया है। इसमें गुंडिचा यात्रा, बहुदा यात्रा, सुना बेषा, अधर पाना और नीलाद्रि बीजे जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों का सीधा प्रसारण शामिल होगा। लाइव टेलीकास्ट के अलावा वी ने शेमारू के साथ साझेदारी में इस 12 दिनों तक चलने वाले त्योहार के लिए एक खास कंटेंट सीरीज तैयार की है। 16 जुलाई से, वी मूवीज एंड टीवी 24x7 भक्तिमय अनुभव दिखाएगा। इसमें शानदार रथों के निर्माण पर डॉक्यूमेंट्री, जगन्नाथ मंदिर का इतिहास और परंपराएं, दैत्यपतियों, पांडाओं और रथ शिल्पियों के साथ बातचीत, और रथ यात्रा से जुड़ी कम जानी-मानी रस्में और सांस्कृतिक विरासत के बारे में दिलचस्प कहानियां शामिल होंगी। वी मूवीज एंड टीवी के जरिए सभी वी ग्राहकों के लिए उपलब्ध यह पहल प्लेटफॉर्म के अलग-अलग तरह के कंटेंट के बढ़ते पोर्टफोलियो को और मजबूत करती है, जिससे मनोरंजन, संस्कृति और भक्ति से जुड़े कंटेंट का बेहतर मिश्रण मिलता है।

# झारखंड के कई जिलों में 17 और 18 जुलाई को भारी बारिश की संभावना

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के विभिन्न हिस्सों में अगले कुछ दिनों के दौरान मौसम का मिजाज बदला रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 17 और 18 जुलाई को राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही 20 जुलाई तक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जुलाई को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती भाग के खूंटी और गुमला जिलों के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। वहीं 18 जुलाई को मध्यवर्ती एवं उत्तर-पश्चिम से सटे लातेहार और चतरा जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। विभाग ने बताया कि 20 जुलाई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना बनी रहेगी। इसे देखते हुए किसानों, खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों तथा आम नागरिकों को मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 66 मिलीमीटर वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझरी में दर्ज की गई। इसी अवधि में सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में 36.3 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार सुबह से बादल छाए रहे तथा हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने से गर्मी और उमस का असर महसूस किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को रांची का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 35 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम 24.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 33.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 34.4 डिग्री और न्यूनतम 25.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने, बीच-बीच में बारिश होने और कहीं-कहीं भारी वर्षा की स्थिति बनी रह सकती है।

## रथ यात्रा पर श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़ी श्रद्धा, हजारों ने किया दर्शन और महाप्रसाद ग्रहण



**एजेंसी। रांची**

**रांची!** भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के अवसर पर पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में गुरुवार को विशेष पूजा और महाप्रसाद का भव्य आयोजन हुआ। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में हुए इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। पुजारी अरविंद पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कर भगवान को केसरिया खीर और फलों का भोग लगाया। इस दौरान राधा-कृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। सामूहिक आरती और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल और उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि रथ यात्रा प्रेम, समरसता और मानवता का संदेश देती है। कार्यक्रम के अंत में हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## नागरमल मोदी सेवा सदन 19 जुलाई को लगाएगा निःशुल्क हड्डी रोग उपचार शिविर

**एजेंसी। रांची**




नागरमल मोदी सेवा सदन, रांची की ओर से आगामी 19 जुलाई (रविवार) को कडरू स्थित सरना टोली सरना स्थल में जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क हड्डी रोग उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा, जिसमें हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच कर निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया जाएगा। शिविर के संयोजक आलोक तुलस्यान ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हड्डी एवं जोड़ों के दर्द, गठिया, कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों की समस्या और अन्य अस्थि रोगों से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह का लाभ मिलेगा। संयोजक ने बताया कि शिविर में मरीजों को आवश्यक दवाएं भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस शिविर के माध्यम से उन लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो आर्थिक कारणों से विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार नहीं करा पाते हैं। शिविर के आयोजन को लेकर समाजसेवी अजय भंडारी, अरुण चावला एवं शांति खलखो ने भी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उचित चिकित्सकीय परामर्श से हड्डी एवं जोड़ों से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं का प्रभावी उपचार संभव है। इसलिए क्षेत्र के जरूरतमंद मरीज इस अवसर का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

## 'भारत टेक्स 2026' में झारखंड के बांस उत्पादों ने बटोरी सुर्खियां, स्टील बोतल-मग बने आकर्षण का केंद्र

**एजेंसी। रांची**



नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 14 से 17 जुलाई तक आयोजित 'भारत टेक्स 2026' में झारखंड पवेलियन में प्रदर्शित बांस से निर्मित स्टील बोतल और मग देश-विदेश से आए आगंतुकों, खरीदारों और उद्योग प्रतिनिधियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पारंपरिक बांस शिल्प को आधुनिक तकनीक और उपयोगिता से जोड़कर तैयार किए गए ये उत्पाद पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा स्थित अनजनेया बांस क्लस्टर द्वारा निर्मित इन उत्पादों ने अपनी गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और उपयोगिता के कारण लोगों का ध्यान खींचा है। बांस और स्टेनलेस स्टील से बनी बोतल गर्म एवं ठंडे पेय का तापमान 12 से 14 घंटे तक बनाए रखने में सक्षम है, जबकि बांस, स्टेनलेस स्टील और फूड-ग्रेड प्लास्टिक (ढक्कन) से तैयार मग 3 से 4 घंटे तक पेय का तापमान सुरक्षित रखता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'भारत टेक्स 2026' जैसे वैश्विक मंच पर झारखंड 'लोकल टू ग्लोबल' की अपनी अवधारणा को साकार कर रहा है। अनजनेया बांस क्लस्टर जैसे उद्यम स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाने के साथ-साथ झारखंड के उत्पादों को नए निर्यात अवसरों से भी जोड़ रहे हैं। अनजनेया बांस क्लस्टर आधुनिक डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से झारखंड की समृद्ध बांस शिल्प परंपरा को नई पहचान दे रहा है। क्लस्टर बांस से सजावटी उत्पाद, फर्नीचर और लाइफस्टाइल उत्पादों का निर्माण करता है। 'भारत टेक्स 2026' में 130 से अधिक देशों के 6,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और 1.3 लाख से अधिक व्यापारिक आगंतुकों की भागीदारी झारखंड के एमएसएमई, कारीगरों और उद्यमियों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है। इससे राज्य के हस्तशिल्प आधारित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने के साथ-साथ निर्यात और निवेश की नई संभावनाओं को भी बल मिल रहा है।

## भाजपा का मॉडल लूट का, हेमंत सरकार पर्यावरण और आदिवासियों की रक्षक" : अख्तर अली

**एजेंसी। रांची**



**रांची!** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अख्तर अली ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के खनन-नीलामी संबंधी आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा का मॉडल जल-जंगल-जमीन की लूट का है, जबकि हेमंत सरकार सतत विकास और संरक्षण के पक्ष में है। अख्तर अली ने कहा कि मरांडी झारखंड की तुलना ओडिशा-छत्तीसगढ़ से कर रहे हैं, जहां भाजपा नीतियों के कारण आदिवासियों को विस्थापित किया जा रहा है और बिना ग्राम सभा की सहमति के जंगल काटे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अंधाधुंध खनन और कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाना चाहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गाइडलाइंस केंद्र तय करता है। केंद्र जब बिना पर्यावरणीय आकलन के वन क्षेत्रों की नीलामी करना चाहता था, तब राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ी। सारंडा में पलायन-बेरोजगारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि केंद्र के पास झारखंड की 1.36 लाख करोड़ माइनिंग रॉयल्टी बकाया है। मरांडी को चाहिए कि वे दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री से यह राशि दिलवाएं। अख्तर अली ने कहा कि सरकार झारखंड को केवल खदानों से आगे ले जाकर IT, टेक्सटाइल, टूरिज्म और शिक्षा के हब के रूप में विकसित कर रही है, ताकि युवाओं को घर में ही रोजगार मिले।

## झारखंड में 50-60 प्रतिशत मतदाताओं के इन्यूमरेशन फॉर्म का डिजिटाइजेशन पूराः के. रवि कुमार

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने तेजी से कार्य करते हुए 96.68 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना (इन्यूमरेशन) प्रपत्र पहुंचा दिए हैं। अब तक 50.06 प्रतिशत भरे हुए प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गुरुवार को बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-2 के सहयोग से बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल कुछ मतदाताओं, जिनमें एएसडीडीएफ सूची के मतदाता भी शामिल हो सकते हैं, तक अभी प्रपत्र नहीं पहुंच सके हैं। वहीं बड़ी संख्या में मतदाता अपने भरे हुए प्रपत्र बीएलओ को वापस जमा कर रहे हैं, जिनका तेजी से डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। के. रवि कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता उत्साहपूर्वक अपने गणना प्रपत्र जमा कर रहे हैं, लेकिन शहरी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम भागीदारी चिंता का विषय है। विशेष रूप से युवा मतदाताओं की कम सहभागिता को अभियान के सामने एक बड़ी चुनौती बताया गया। इसी को ध्यान में रखते हुए शहरी क्षेत्रों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के सुझाव पर 18 और 20 जुलाई को सभी शहरी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह विशेष शिविर 18 और 20 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी शहरी मतदान केंद्रों पर आयोजित होंगे। जिन शहरी मतदाताओं ने अभी तक अपना एसआईआर गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं किया है या भरकर जमा नहीं किया है, वे शिविर में पहुंचकर प्रपत्र प्राप्त कर उसे भरकर वहीं जमा कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं ने अपना गणना प्रपत्र पहले ही बीएलओ के पास जमा कर दिया है अथवा ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं, उन्हें शिविर में आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन व्यक्तियों ने विदेशी नागरिकता ग्रहण कर ली है अथवा भारतीय नागरिकता त्याग दी है, उन्हें बिना भरे और बिना हस्ताक्षर किए अपना गणना प्रपत्र तत्काल बीएलओ को वापस कर देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि गणना प्रपत्र में गलत घोषणा कर हस्ताक्षर करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय अपराध है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राज्य के सभी पात्र नागरिकों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी। उन्होंने अभियान का संदेश दोहराते हुए कहा, "कोई पात्र भारतीय नागरिक छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो।"

# खनिज संपदा के बावजूद झारखंड विकास से वंचित, नीतिगत विफलताओं के कारण पिछड़ा राज्य : बाबूलाल मरांडी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर खनन क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि खनिज संपदा से समृद्ध झारखंड नीतिगत विफलता, प्रशासनिक सुस्ती और पारदर्शिता के अभाव के कारण अपनी वास्तविक क्षमता से काफी पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधनों का मालिक होने के बावजूद राज्य खनन राजस्व, उत्पादन, रोजगार और नई खदानों की नीलामी के मामले में पिछड़ रहा है, जिससे युवाओं और राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में मरांडी ने कहा कि हाल ही में चाईबासा के सारंडा क्षेत्र के दौरे के दौरान वहां की स्थिति अत्यंत चिंताजनक मिली। कई खदानों की लीज समाप्त होने के बाद उनका नवीनीकरण या पुनः नीलामी नहीं होने से वे वर्षों से बंद पड़ी हैं। इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ा है, स्थानीय युवाओं का पलायन बढ़ा है और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था ठहराव का शिकार हो गई है। उन्होंने कहा कि कभी आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा जामदा बाजार आज मंदी की मार झेल रहा है। आय में गिरावट और क्रय शक्ति कम होने से छोटे व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हुआ है। बंद खदानों का असर केवल मजदूरों तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवहन, होटल, दुकानों और छोटे उद्योगों पर भी पड़ा है। उन्होंने कहा कि जामदा से महज 20 किलोमीटर दूर ओडिशा का बड़बिल क्षेत्र समय पर खदानों की नीलामी, उत्पादन और रोजगार वृद्धि का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह अंतर संसाधनों का नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक क्षमता का है। मरांडी ने दावा किया कि वर्ष 2019-20 से अब तक देशभर में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है। इनमें ओडिशा में 45, छत्तीसगढ़ में 41, जबकि झारखंड में केवल तीन खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई। उन्होंने इसे प्रशासनिक विफलता बताते हुए कहा कि इससे उत्पादन, रोजगार और राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018-19 से 2024-25 के बीच ओडिशा का लौह अयस्क उत्पादन 120 मिलियन टन से बढ़कर 180 मिलियन टन तक पहुंच गया, जबकि झारखंड का उत्पादन लगभग 23 मिलियन टन पर ही स्थिर बना रहा। उन्होंने कहा कि खनन प्रबंधन और नीतिगत कमजोरी के कारण राज्य राजस्व के मामले में भी पीछे है। उनके अनुसार, देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधनों के बावजूद वर्ष 2025-26 में झारखंड का खनन राजस्व लगभग 22 हजार करोड़ रुपये रहा, जबकि केवल 17 प्रतिशत खनिज संसाधनों वाले ओडिशा ने लगभग 46 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। मरांडी ने कहा कि चाईबासा क्षेत्र की पत्थर खदानों की स्थिति भी गंभीर है। नोआमुंडी में नौ में से सात खदानें बंद हैं। वहीं, झींकपानी में वर्ष 1946 से संचालित एसीसी सीमेंट संयंत्र 16 अगस्त से बंद होने जा रहा है, जिससे लगभग 1,600 परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। नेता प्रतिपक्ष ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के उपयोग में भी पारदर्शिता के अभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में वर्ष 2016 से 2026 के बीच लगभग 3,700 करोड़ रुपये डीएमएफटी फंड में जमा हुए, लेकिन न तो वार्षिक रिपोर्ट सार्वजनिक की गई, न बजट और न ही परियोजनाओं का विवरण उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित वेबसाइट पर अंतिम अद्यतन वर्ष 2018 का है, जिससे स्थानीय लोग अपने अधिकारों और योजनाओं की जानकारी से वंचित हैं। बाबूलाल मरांडी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार एक ओर बड़े निवेश के दावे कर रही है, जबकि दूसरी ओर स्वीकृत खदानें बंद पड़ी हैं, उत्पादन ठप है और उद्योग संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झींकपानी का एसीसी संयंत्र जैसी स्थापित औद्योगिक इकाइयों का प्रभावित होना भी प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है। मरांडी ने मांग की कि बंद खदानों और पत्थर खदानों की नीलामी शीघ्र पूरी कर खनन गतिविधियों को पुनर्जीवित किया जाए। साथ ही उत्पादन बढ़ाने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजन सुनिश्चित किया जाए और डीएमएफटी फंड के उपयोग का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा पर पहला अधिकार राज्य की जनता का है और सरकार को यह जवाब देना चाहिए कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद यहां के लोग विकास और रोजगार से क्यों वंचित हैं। बाबूलाल ने कहा कि सारंडा और पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र खनिज संपदा से समृद्ध होने के बावजूद वहां के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विडंबना यह है कि इसी क्षेत्र से निकले लौह अयस्क के आधार पर बोकारो, जमशेदपुर और दुर्गापुर जैसे औद्योगिक शहर विकसित हो गए, लेकिन जिन क्षेत्रों से यह खनिज निकाला गया, वहां के लोगों के जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार आज तक नहीं हो सका। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता संदीप वर्मा, शोभा यादव तथा मृत्युंजय शर्मा भी उपस्थित थे।

# राम मंदिर दान मामले में अयोध्या पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## रिमांड के दौरान कई अहम सबूत जुटाने का दावा

**अयोध्या, एजेंसी।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। राम मंदिर में दान की कथित चोरी और गबन के मामले में जेल में बंद रामाशंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली गई है। अयोध्या पुलिस आज दोनों आरोपियों को 14 घंटे की कस्टडी में लेगी। संभावना है कि उन्हें जेल से अयोध्या रिजर्व पुलिस लाइन्स लाया जाएगा, जहां उनसे विस्तार से पूछताछ की गई। बुधवार की सुबह 8 बजे आरोपी रामाशंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव को कस्टडी में लिया गया। अयोध्या पुलिस से पूछताछ लंबी चली। दोनों आरोपियों को रात 9 बजे वापस जेल में ले जाकर छोड़ा गया।



### सुभाष श्रीवास्तव के पास कुछ नहीं मिला

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी सुभाष श्रीवास्तव के पास से पुलिस को कुछ नहीं मिला। लेकिन उससे भी घंटों पूछताछ की गई। पुलिस कुछ तथ्यों को वैरिफाइ करने के लिए पूछताछ कर रही है। रामाशंकर मिश्रा की तरह अयोध्या पुलिस सुभाष श्रीवास्तव को भी उसके ठिकाने पर ले गई और उससे पूछताछ की। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी सुभाष श्रीवास्तव एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी है। वो मंदिर के नकदी गिनने के कामों की देखता था। रामाशंकर मिश्रा की जिम्मेदारी दान में मिले चढ़ावे को काउंटिंग रूम तक ले जाना था। उसे 5 साल पहले उसे राम मंदिर में नौकरी पर रखा गया था। शुरुआत में वह राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की फोटो खींचकर पैसे कमाता था, बाद में उसे चढ़ावे को काउंटिंग रूम तक ले जाने की जिम्मेदारी दी गई थी। रामाशंकर के पिता और भाई से भी पुलिस ने काफी देर तक पूछताछ की। पुलिस को उसके एक फोटोग्राफर दोस्त की भी जानकारी मिली, जिससे पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस ने जांच और पूछताछ के बाद रामाशंकर मिश्रा का कमरा सील कर दिया।

### रामाशंकर मिश्रा ने खोले कई राज

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोप है कि रामाशंकर मिश्रा भी अनुकल्प मिश्रा के साथ मिला हुआ था। दोनों मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। सूत्रों के अनुसार, पुलिस की पूछताछ में रामाशंकर मिश्रा ने अपने सारे राज धीरे-धीरे खोल दिए। पुलिस पूछताछ में रामाशंकर ने कहा, 'कभी नहीं सोचा था कि ये सब सामने आ जाएगा।' आपको जानकारी दें, कि रामाशंकर मिश्रा के पास से 7 लाख 32 हजार रुपये पुलिस ने बरामद किए थे। कैश के अलावा उसके पास से चांदी के सिक्के और गहने भी पाए गए थे। अयोध्या पुलिस से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने भी जमीन में पैसे लगाए थे। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य दिनेन्द्र दास ने राम मंदिर परिसर का दौरा किया। उन्होंने भगवान राम की पूजा-अर्चना और आरती की तथा यात्री सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। पुलिस ने सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर मिश्रा दोनों के लिए अलग-अलग सवालों की लिस्ट बना रखी थी। दोनों आरोपियों से इसी आधार पर पूछताछ की गई। रामाशंकर मिश्रा से पूछताछ के बाद अयोध्या पुलिस उसे किराए के मकान पर ले गई और वहां से पुलिस ने कुछ डॉक्यूमेंट्स बरामद किए। रामाशंकर के घर पर लगे पुलिस ने अपने जब्त किया।

## कर्नाटक के धारवाड़ में डॉक्टर की चाकू घोंपकर हत्या, बेटा गंभीर रूप से घायल, जांच में जुटी पुलिस

**धारवाड़, एजेंसी।** शहर के बाराकोटरी रोड पर रांका स्टेलो अपार्टमेंट में बुधवार को एक डॉक्टर की चाकू घोंपकर बेरहमी से हत्या कर दी गई. हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है. डॉक्टर के बेटे भी घायल हैं. मौके पर डॉक्टर की पत्नी मौजूद थी. डॉक्टर किरण चाकू घोंपकर बेरहमी से हत्या कर दी गई. वह एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एनेस्थिसियोलॉजिस्ट थे. वहीं, उनके बेटे पर भी खौफनाक हमला किया गया. वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. फिलहाल आरोपी के बारे में कोई जानकारी नहीं है. साथ ही, घटना की वजह भी अभी तक सामने नहीं आई है. यह घटना धारवाड़ सबअर्बन पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई. सूचना मिलते ही सबअर्बन पुलिस स्टेशन पुलिस और सिटी पुलिस कमिश्नर शशि कुमार और दूसरे अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की. डॉक्टर डॉ. किरण की हत्या के बारे में हुबली-धारवाड़ ट्विन सिटी के पुलिस कमिश्नर एन. शशि कुमार ने मीडिया को जवाब देते हुए कहा कि उनके रिश्तेदारों से अब तक कुछ जानकारी मिली है. जब रिश्तेदारों ने फोन किया तो उनकी पत्नी ने कहा कि वह आराम कर रही हैं. मृतक डॉक्टर किरण चिरायु हॉस्पिटल में एनेस्थिसियोलॉजिस्ट थे. उनकी पत्नी आंखों की डॉक्टर है. जब शाम तक उन्होंने फोन नहीं उठाया तो रिश्तेदारों ने शक जताया और घर आकर देखा तो डॉ. किरण खून से लथपथ पड़े थे. बच्चा भी घायल था. उन्होंने कहा कि उन्हें जिंदा होने की वजह से हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था.

### सक्षिप्त समाचार

## 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का सामान और हजारों लीटर दूध जब्त

**पुणे, एजेंसी।** खाने-पीने की चीजों में मिलावट के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने पुणे जिले में दूध में मिलावट करने वाले एक अंतर-जिला गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 2 करोड़ रुपये से ज्यादा का सामान जब्त किया गया है। पुणे रूरल पुलिस और एफडीए ने मिलकर मंचर (जिसे इस रैकेट का मुख्य केंद्र माना जाता है) के साथ-साथ अकलूज, अहिल्यानगर, सिल्लोड और सांगली में छापे मारे। यह ऑपरेशन पुणे रूरल लोकल क्राइम ब्रांच की 30 सदस्यों वाली टीम ने चलाया जिसमें 20 से ज्यादा एफडीए अधिकारियों ने मदद की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सिंथेटिक दूध के गैर-कानूनी उत्पादन और सप्लाई की विस्तृत जांच के बाद की गई। जांच में शामिल एक अधिकारी ने कहा कि यह रैकेट कई जिलों में चल रहा था और बड़े पैमाने पर बाजार में मिलावटी दूध सप्लाई कर रहा था। पुणे जिले में एफडीए की टीमों ने सोलापुर के सांगोला में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से दूध ले जा रहे एक टैंकर की जांच की। दूध के सैंपल लिए गए और मिलावट के शक में 28,498 लीटर दूध जब्त किया गया क्योंकि यह खराब होने वाली चीज थी, इसलिए इसे नष्ट कर दिया गया। अहिल्यानगर के एक कलेक्शन सेंटर से भी मिलावट के शक वाला 24,498 लीटर दूध जब्त करके नष्ट किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, गलत लेबलिंग, मिलावट और फूड सेफ्टी नियमों के उल्लंघन के शक में 92,000 किलोग्राम से ज्यादा अलग-अलग तरह के खाने-पीने के सामान जब्त किए गए। जांचकर्ताओं को पता चला है कि आरोपी ग्राहकों को सप्लाई करने से पहले हर 1000 लीटर असली दूध में लगभग 500 लीटर केमिकल से बना सिंथेटिक दूध मिलाते थे। अधिकारियों ने बताया कि सिंथेटिक दूध केमिकल, मिल्क पाउडर, शैम्पू और अन्य चीजों का इस्तेमाल करके बनाया जाता था। एफडीए के एक अधिकारी ने कहा कि इस काम से सेहत को गंभीर खतरा है।

## 73 बांग्लादेशी गिरफ्तार, क्यू सेल और सेंट्रल इंटेलिजेंस यूनिट की कार्रवाई

**होसुर, एजेंसी।** कृष्णगिरि जिले के औद्योगिक शहर होसुर में पुलिस ने 73 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो भारत में अवैध तरीके से रह रहे थे. फिलहाल पुलिस उनकी जांच कर रही है. पुलिस के मुताबिक, बांग्लादेशी नागरिक बिना वैध कागजात के होसुर और उसके आस-पास के इलाकों में गैर-कानूनी तरीके से रह रहे थे. होसुर में कई फैक्ट्रियां और कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है. वहां बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर काम कर रहे हैं. तमिलनाडु पुलिस विभाग के क्यू सेल और सेंट्रल इंटेलिजेंस यूनिट को खुफिया जानकारी मिली कि उनमें से कुछ लोग बिना सही डॉक्यूमेंट्स के पड़ोसी देश बांग्लादेश से सीमा पार कर आए हैं और गैर-कानूनी तरीके से रह रहे हैं. खुफिया जानकारी के आधार पर, केंद्रीय और राज्य इंटेलिजेंस के अधिकारियों ने होसुर पुलिस के साथ मिलकर बुधवार सुबह-सुबह एक बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया. अधिकारियों द्वारा संदिग्ध जगहों पर की गई छापेमारी के दौरान, होसुर सिटी पुलिस स्टेशन की सीमा में आने वाले ओन्नालवाड़ी और गोकुल नगर में रह रहे 56 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया. इसके बाद, नल्लूर अग्रहारा इलाके में की गई छापेमारी में 17 और बांग्लादेशी पकड़े गए. पुलिस अधिकारी और इंटेलिजेंस अधिकारी पकड़े गए 73 लोगों की गहन जांच कर रहे हैं. वे भारत में कैसे घुसे? वे कौन से एजेंट हैं जिन्होंने उनके लिए नकली डॉक्यूमेंट तैयार किए और उन्हें होसुर में रखा? क्या उनके पीछे असामाजिक गतिविधियों के लिए कोई साजिश है? इन सवालों के साथ अधिकारियों ने जांच तेज कर दी है.

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को झटका: उल्हास नदी में बहा अस्थायी पुल, निर्माण में होगी देरी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को इस माह की शुरुआत में हुई भारी बारिश का जोरदार झटका लगा है। दिवा और भिवंडी के बीच उल्हास नदी पर मुख्य रेलवे ब्रिज बनाने के लिए बनाया गया अस्थायी लोहे का पुल नदी के तेज बहाव में बह गया है। इससे मशीनरी, निर्माण सामग्री और मजदूरों की आवाजाही में रुकावट आई है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मुख्य पुल के निर्माण कार्य में कुछ महीनों की देरी होने की संभावना जतायी है। मिली जानकारी के मुताबिक बुलेट ट्रेन के मुख्य पुल के निर्माण को लेकर लगभग 10 फीट चौड़ा एक अस्थायी लोहे का पुल बनाया गया था। इस पुल से मशीनरी, निर्माण सामग्री और मजदूरों को लाया- ले जाया जा रहा था। लेकिन, जुलाई महीने की शुरुआत में हुई भारी बारिश के कारण पुल उल्हास नदी के बाढ़ के पानी में बह गया। इस घटना के कारण, मुख्य पुल बनाने के लिए जरूरी मशीनरी और सामग्री को अभी काम की जगह तक ले जाना नामुमकिन हो गया है। इसके कारण, मुख्य पुल पर काम की रफ्तार थम गयी है। अस्थायी पुल को दोबारा बनने के बाद ही मुख्य पुल का निर्माण कार्य फिर से शुरू हो पाएगा। परियोजना के इस फेज में कुछ महीनों की देरी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# इसरो छोड़ रहे हैं अनुभवी वैज्ञानिक, एक साल में 100 से ज्यादा का इस्तीफा, सरकार ने कड़े किए नियम

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत का अंतरिक्ष विभाग इस समय बड़ी उथल-पुथल मची हुई है। इसरो के कई सीनियर साइंटिस्ट और टेक्निकल एक्सपर्ट इस्तीफा दे रहे हैं और प्राइवेट स्पेस कंपनियों की तरफ जा रहे हैं। एक के बाद एक पिछले एक साल में करीब 100 120 वैज्ञानिकों ने इस्तीफे दिए हैं। इसरो से वैज्ञानिकों के इस तरह के इस्तीफे को रोकने के लिए भारत सरकार ने बेहद सख्त कदम उठाया है। अंतरिक्ष विभाग ने एक नया निर्देश जारी किया है। जिसके तहत अब ऐसे किसी भी मामले को केंद्र स्तर पर सीधे मंजूरी नहीं मिलेगी, बल्कि अंतिम मंजूरी के लिए हेडक्वार्टर भेजा जाएगा। दरअसल, हाल ही में इस्तीफा देने वालों में गगनयान और चंद्रयान-3 जैसी बड़ी परियोजनाओं के कई प्रोजेक्ट डायरेक्टर और मैनेजर्स भी शामिल हैं। इसको लेकर सरकार का मानना है कि इस तरह अचानक काम छोड़ने से राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट्स पर बुरा असर पड़ रहा है। जिसके चलते सरकार ने वैज्ञानिकों के इस्तीफे और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के नियमों को बेहद सख्त बना दिया गया है। हालांकि, इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने इसे सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बताते हुए कहा है कि इससे परियोजनाओं को अचानक होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा वैज्ञानिकों के इस्तीफे रोकने के लिए 14 जुलाई को एक नया अंदरूनी फरमान जारी किया है। इंटरनल मेमोरेंडम में कहा गया है कि हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट्स से जुड़े 'ग्रुप ए' के साइंटिफिक और टेक्निकल स्टाफ के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति या इस्तीफे के अनुरोधों को अब रूटीन के तौर पर आसानी से स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि हाल के दिनों में नौकरी छोड़ने वाले वैज्ञानिकों की संख्या में आई तेजी के कारण राष्ट्रीय महत्व की बेहद महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर गंभीर असर पड़ा है। इसको लेकर सरकार ने निर्देशकों (डायरेक्टर्स) को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जब तक संबंधित स्पेस मिशन पूरी तरह संपन्न नहीं हो जाते।




### प्रभावितों के इलाज के लिए गांव में ही आपातकालीन स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

# राजस्थान में ठेले से गोलगप्पे खाने पर 115 लोग बीमार पड़े, 12 लोग अस्पताल में भर्ती; कई की हालात गंभीर

**कोटा, एजजेंसी।** राजस्थान के कोटा जिले में एक बड़ा फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया है, जहां एक ठेले से गोलगप्पे (पानी-पुरी) खाने के बाद बच्चों समेत करीब 115 लोग बीमार पड़ गए हैं। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और प्रभावितों के इलाज के लिए गांव में ही आपातकालीन स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है।

घटना कोटा जिले के सिमलिया क्षेत्र के पोलई खुर्द गांव में हुई। गांव में एक रेहड़ी पटरी वाले (स्ट्रीट वेंडर) से गोलगप्पे खाने के बाद लगभग 115 लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं।



अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने मंगलवार रात को गांव में गोलगप्पे खाए थे। इसके कुछ ही देर बाद लोगों को उल्टी, दस्त और पेट में तेज दर्द की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बीमारों की संख्या बढ़ने लगी, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इनमें से 12 लोगों की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उन्हें तुरंत सिमलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सा विभाग ने मुस्तैदी दिखाई है। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश समर के निर्देश पर गांव में दो मेडिकल टीमें और एक 108 एम्बुलेंस तैनात की गई है।

मामूली रूप से बीमार लोगों का इलाज गांव में ही लगाए गए विशेष स्वास्थ्य शिविर में किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं ताकि कोई भी मरीज इलाज से छूटे नहीं।

बुधवार सुबह उपखंड अधिकारी दीपक महावर और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने पोलई खुर्द गांव का दौरा कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का बड़ा खुलासा, आरोपी के फोन में मिले 111 हूबहू प्रश्न; पेपर-सेटर को दिए थे 5 लाख

**मुंबई, एजेंसी।** नीट-यूजी पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कोर्ट में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कोर्ट में बताया कि लातूर के कोचिंग सेंटर मालिक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर ने पेपर-सेटर पैनल में शामिल पीवी कुलकर्णी से केमिस्ट्री के प्रश्न हासिल करने के लिए 5 लाख रुपये का भुगतान किया था। बुधवार को स्पेशल कोर्ट में जानकारी देते हुए बताया कि लातूर में रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस चलाने वाले मोतेगांवकर ने अपने बेटे को कुलकर्णी की कोचिंग क्लास में एड्मिशन दिलवाया था, जहां उसे प्रश्न उपलब्ध कराए जाते थे। मोटेगांवकर द्वारा दायर जमानत याचिका के जवाब में जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि उसने 'सह-आरोपी के साथ साजिश रचकर, परीक्षा से पहले हृश्वश्वञ्ज त्र के लीक हुए केमिस्ट्री के प्रश्न प्राप्त किए और इसके लिए 5 लाख रुपये का पेमेंट किया'। सीबीआई ने आरोपी मोटेगांवकर के मोबाइल फोन से 132 हस्तलिखित प्रश्नों की तस्वीरें बरामद की हैं, जिनका मेटाडेटा विश्लेषण करने पर पता चला कि ये तस्वीरें 3 मई को हुई परीक्षा से 10 दिन पहले ही खींच ली गई थीं। इनमें से 111 प्रश्न एनटीए के मास्टर प्रश्न सेट से हूबहू मेल खाते हैं। उसके मोबाइल फोन की जांच में 36 तस्वीरें बरामद कीं, जिनमें केमिस्ट्री के कुल 132 प्रश्न शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर की लिखावट में थे। लीक हुए प्रश्नों को प्राप्त करने के लिए भुगतान की गई राशि सह-आरोपी मनोज भगवानराव शिरुरे की सूचना पर सीबीआई द्वारा बरामद की गई। गौरतलब है कि 12 मई को एनटीए ने पेपर लीक के आरोपों के बीच मेडिकल प्रवेश के लिए 3 मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईटी-यूजी) को रद कर दिया। जिसके बाद 21 जून को पुन: परीक्षा आयोजित की गई। एजेंसी ने इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से सभी न्यायिक हिरासत में हैं।



# हिमाचल में उमस भरी गर्मी ने छुड़ाए पसीने, 17 तारीख तक नहीं मिलेगी राहत, 18 जुलाई को होगी भारी बारिश

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश में अभी दो दिन लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 17 अप्रैल तक मानसून की गति कुछ धीमी रहने की संभावना है। 18 जुलाई से प्रदेश में वर्षा का क्रम फिर शुरू होगा। 18 और 19 जुलाई को कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, चंबा जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। 20 व 21 जुलाई को चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, सिरमौर, शिमला जिले के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने लोगों से नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने तथा मौसम से जुड़ी चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि 18 से 22 जुलाई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में वर्षा होने की संभावना है। जुलाई में अभी तक प्रदेश में सामान्य से 21 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वर्षा में कमी आने का असर मैदानी इलाकों में दिखाई दिया, जहां उमस बढ़ गई है। बुधवार को प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। कई स्थानों पर हल्की वर्षा हुई।



# मोबाइल पर आया अलर्ट... बिहार-यूपी समेत 22 राज्यों में बारिश की चेतावनी

**पटना/लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर भारत में मानसून के बाद भी बारिश पूरी तरह से थम गई है। लेकिन अब मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने देश के 15 राज्यों में अगले 10 घंटों में बारिश और तेज हवा चलने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, राजस्थान, गोवा, झारखंड, सिक्किम, असम, हिमाचल, उत्तराखंड, मेघालय, मणिपुर, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश में बारिश होने की संभावना है।



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जारी पूर्वानुमान में कहा है कि उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तट पर कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण अगले सात दिनों में पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में व्यापक वर्षा गतिविधि बढ़ने वाली है। कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं।

ओडिशा में कहीं-कहीं अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। 16 और 17 जुलाई को यहां भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वी भारत में 16 से 18 जुलाई तक ओडिशा, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, झारखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में काफी व्यापक वर्षा होने की उम्मीद है।

बिहार में 16 से 20 जुलाई के दौरान भी भारी बारिश का दौर रहेगा। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 16 से 18 जुलाई तथा 21 जुलाई को, जबकि गंगा के मैदानी इलाकों में 16 जुलाई और 17-19 जुलाई को छिटपुट भारी वर्षा संभव है। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और पूर्वी उत्तर प्रदेश में उमस और गर्म रातें बनी रहेंगी।

पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 16 से 21 जुलाई के दौरान व्यापक से लेकर बहुत व्यापक वर्षा होने की संभावना जताई गई है। आज अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में छिटपुट बहुत भारी बारिश भी हो सकती है। उत्तर-पश्चिम भारत में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और आसपास के क्षेत्रों में 16 से 21 जुलाई के दौरान काफी व्यापक वर्षा का पूर्वानुमान है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 19 से 21 जुलाई को भारी बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाएं (40-60 किमी/घंटा) चलने की आशंका है। इन क्षेत्रों में छिटपुट वर्षा रहेगी।

मध्य भारत में छत्तीसगढ़ में 16 से 21 जुलाई तक और पूर्वी मध्य प्रदेश में 20-21 जुलाई को व्यापक वर्षा संभव है। 16 जुलाई को छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है। विदर्भ और पश्चिमी मध्य प्रदेश में छिटपुट वर्षा का अनुमान है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## लॉरेंस बिश्नोई के नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई जरूरी

लॉरेंस बिश्नोई अगर जेल में बंद रहते हुए भी अपनी आपराधिक योजनाओं को अंजाम दे पाता था, तो उसमें यही पहलू सबसे अहम है कि उसे तकनीकी संसाधन कैसे हासिल हुए और उसे मुहैया कराने तथा आसानी से उसका इस्तेमाल करने की सुविधा उसे किसके संरक्षण में मिलती थी।यह चिंता की बात है कि देश की जेल में बंद होने के बावजूद किसी कैदी पर अपनी आपराधिक गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगते हैं और मामला अन्य देशों के दायरे में भी पहुंच जाता है। सरकार को जहां समय रहते इस मसले पर सख्त कदम उठाना चाहिए था, वहां उसने लगातार इस सवाल की अनदेखी की कि जेल में होने के बावजूद कोई कैदी कैसे अपनी मनमानी कर पा रहा है और उसे किसका संरक्षण मिला हुआ है।ऐसे आरोप आम रहे हैं कि कुख्यात अपराधी लारेंस बिश्नोई जेल में बंद होने के बावजूद देश और विदेश में काम कर रहे अपने गिरोह के जरिए हत्या, रंगदारी और फिरौती जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है।अब अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में लारेंस बिश्नोई गिरोह को अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल को धमकी तथा पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को अंजाम दिलाने जैसी कई घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। आरोपपत्र में यह भी कहा गया है कि इस संगठित गिरोह के सदस्यों ने अक्सर भारत और विदेश में बसे भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक और राजनीतिक हस्तियों तथा बड़े व्यावसायियों को हिंसा का निशाना बनाया।जाहिर है, लारेंस बिश्नोई की हरकतों के बारे में जितनी भी जानकारी सामने आ सकी है, उस आलोक में अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में आए तथ्य हैरान नहीं करते हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि वह अपनी आपराधिक योजनाएं बनाने से लेकर उन्हें अंजाम देने तक की सुविधाएं कैसे और किसके जरिए हासिल करता रहा। अब एक अभियान के तहत अमेरिका, कनाडा और स्पेन की कानून प्रवर्तन एजंसियों ने मिल कर जो कार्रवाई की है, उसमें तीन देशों में चौबीस लोगों की गिरफ्तारी की गई और सैंतीस के खिलाफ आरोप तय किए गए।विचित्र यह है कि बिश्नोई की आपराधिक गतिविधियों के लिए किसी अन्य देश में आरोपपत्र तय किए जाते हैं, लेकिन भारत में ऐसी ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई, जिससे जेल में बंद एक कुख्यात कैदी को अपना अपराध-तंत्र संचालित करने से रोका जा सके। बिश्नोई के गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया पर अपना प्रभाव बढ़ाने और भय पैदा करने के लिए खुलेआम धमकी जारी करते थे, तो उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?गौरतलब है कि कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लारेंस बिश्नोई गिरोह पर लगा था और उसी संदर्भ में भारत और कनाडा के बीच गंभीर कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया था। अब अमेरिकी न्याय विभाग के आरोपपत्र के बाद सबसे बड़ी चुनौती यह है कि भारत में पुलिस बिश्नोई को जेल में मोबाइल फोन और इंटरनेट आधारित संचार उपकरणों का उपयोग करने की सुविधा देने वाले तंत्र का पता लगाए और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।बिश्नोई अगर जेल में बंद रहते हुए भी अपनी आपराधिक योजनाओं को अंजाम दे पाता था, तो उसमें यही पहलू सबसे अहम है कि उसे तकनीकी संसाधन कैसे हासिल हुए और उसे मुहैया कराने तथा आसानी से उसका इस्तेमाल करने की सुविधा उसे किसके संरक्षण में मिलती थी।क्या इसमें सिर्फ संबंधित जेल के कर्मचारियों या अधिकारियों की मिलीभगत थी या फिर उसके तार उच्च स्तर पर कहीं जुड़े थे? उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत में लारेंस बिश्नोई को जेल में एक आम कैदी की तरह ही रखा जाएगा और उस पर भी कानून के सख्त प्रावधान लागू होंगे।

*सामाजिक समरसता उनके लिए कोई कार्यक्रम नहीं थी, बल्कि भारतीयता का स्वाभाविक स्वरूप थी। वे मानते थे कि समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता है, और विविधता तभी शक्ति बनती है जब उसमें आत्मीयता का भाव जुड़ा हो। इसलिए उन्होंने जीवन भर संवाद को संघर्ष पर, समरसता को विभाजन पर और संगठन को व्यक्तिवाद पर वरीयता दी।*

## रज्जू भैया- विज्ञान-साधना से राष्ट्र-आराधना तक

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

कुछ व्यक्तित्वों पर लिखना शब्दों का काम नहीं होता, श्रद्धा का काम होता है। कलम चलती अवश्य है, लेकिन लिखता हृदय है। परम पूज्य चतुर्थ सरसंघचालक प्रो. राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया' का स्मरण भी कुछ ऐसा ही है। उनके बारे में सोचते ही मन में किसी बड़े पद की नहीं, एक बड़े मनुष्य की छवि उभरती है। ऐसा मनुष्य, जिसने जितनी ऊंचाइयां प्राप्त कीं, उतनी ही सहजता अपने भीतर बचाए रखी। प्रसिद्धि उसे स्पर्श नहीं सकी, पद उसे बदल नहीं सका और सम्मान स्वभाव को प्रभावित नहीं कर सका। जितना समाज ने उन्हें स्वीकार किया, उतना ही उन्होंने स्वयं को समाज में विलीन कर दिया। भारतीय परंपरा कहती है कि 'फल से लदा वृक्ष झुक जाता है।' रज्जू भैया इस सूक्ति के सजीव स्वरूप थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक बनने के बाद भी उनके भीतर कभी 'सरसंघचालक' नहीं बोला, जीवन भर एक सहज, सरल और आत्मीय स्वयंसेवक ही बोलता रहा। शायद इसी कारण उन्हें सुनने वाले केवल प्रभावित नहीं होते थे, उनसे जुड़ जाते थे। वे भाषण नहीं देते थे, विश्वास जगाते थे। वे संगठन नहीं चलाते थे, हृदयों को जोड़ते थे। वे विचार नहीं थोपते थे, संस्कार जगा देते थे। उन्हें किसी एक परिचय में बांधना संभव नहीं। वे भौतिकी के प्रकाण्ड विद्वान थे, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के लोकप्रिय प्राध्यापक थे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक थे, किंतु इन सबसे पहले और इन सबसे ऊपर वे एक सहज स्वयंसेवक थे। यही उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। उन्होंने जीवन भर यह सिद्ध किया कि पद मनुष्य को बड़ा नहीं बनाता, मनुष्य अपने आचरण से पद को गरिमा प्रदान करता है। रज्जू भैया के भीतर दो यात्राएं साथ-साथ चलती थीं। एक यात्रा परमाणुओं की थी, दूसरी आत्मा की। एक यात्रा प्रयोगशाला की थी, दूसरी प्रार्थना की। एक यात्रा तर्क की थी, दूसरी तप की। उन्होंने विज्ञान को कभी अध्यात्म का प्रतिद्वंद्वी नहीं माना। उनके लिए प्रयोगशाला में सत्य की खोज और राष्ट्रजीवन में चरित्र की खोज, दोनों एक ही साधना के दो आयाम थे। वे जानते थे कि विज्ञान मनुष्य को सामर्थ्य देता है, किंतु अध्यात्म उस सामर्थ्य के सदुपयोग का विवेक देता है। इसी समन्वय ने उनके भीतर वैज्ञानिक की स्पष्टता और ऋषि की करुणा का अद्भुत संगम रचा। भारत की ज्ञान-परंपरा सदैव इसी समन्वय की वाहक रही है, और रज्जू भैया उसका साकार रूप थे। कल्पना कीजिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय का एक युवा और प्रतिभाशाली प्राध्यापक, जिसके सामने उज्ज्वल वैज्ञानिक भविष्य के असंख्य द्वार खुले हों। सम्मान, प्रतिष्ठा, शोध और विश्वस्तरीय पहचान उसकी प्रतीक्षा कर रहे हों। लेकिन वह सब कुछ छोड़कर उस पथ पर चल पड़े, ।जहां न व्यक्तिगत उपलब्धियों का आकर्षण है, न सुविधाओं का आश्वासन, केवल राष्ट्रकार्य का कठिन व्रत है। ऐसे निर्णय तर्क से नहीं, तप से जन्म लेते हैं। शायद उसी दिन भारत को एक महान वैज्ञानिक नहीं, 'रज्जू भैया' मिले। यहीं से रज्जू भैया की वास्तविक यात्रा आरम्भ होती है। यह किसी पद तक पहुंचने की यात्रा नहीं थी। यह स्वयं को मिटाकर एक विराट राष्ट्रीय चेतना में विलीन हो जाने की यात्रा थी। इसी यात्रा ने उन्हें लाखों स्वयंसेवकों का मार्गदर्शक बनाया, करोड़ों देशवासियों की श्रद्धा का केंद्र बनाया और भारतीय संगठन परंपरा का ऐसा अध्याय बना दिया, जिसे केवल पढ़ा नहीं, जिया जाता है। श्रद्धेय डॉक्टर हेडगेवार जी ने बीज बोया, परम पूज्य गुरुजी ने उसे वैचारिक विस्तार दिया, आदरणीय बालासाहेब देवरस जी ने उसे सामाजिक चेतना से जोड़ा और श्रद्धेय रज्जू भैया ने उसमें आत्मीयता की वह ऊष्मा भर दी, जिसने लाखों स्वयंसेवकों को संगठन से नहीं, परिवार से जुड़ने का अनुभव कराया। रज्जू भैया का संगठन कौशल किसी प्रबंधन संस्थान में नहीं सीखा जा सकता। वह मनुष्य को पढ़ने की कला थी। वे जानते थे कि संगठन भवनों से नहीं बनते, विश्वास से बनते हैं। शाखाएं मैदानों में लगती हैं, पर उनका वास्तविक निर्माण स्वयंसेवकों के हृदय में होता है। कहा जाता है कि वे वर्षों बाद भी किसी स्वयंसेवक का नाम, उसके परिवार की स्थिति और उससे हुई पिछली बातचीत तक स्मरण रखते थे। संगठन उनके लिए रजिस्टर में दर्ज नामों का समूह नहीं था, वह आत्मीय संबंधों का विस्तृत परिवार था। यही कारण था कि उनसे मिलकर कोई स्वयंसेवक यह अनुभव नहीं करता था कि वह किसी बड़े पदाधिकारी से मिल रहा है, उसे लगता था कि परिवार का कोई बड़ा सदस्य उसका हाथ थामे खड़ा है। नेतृत्व का यही मानवीय पक्ष उन्हें असाधारण बनाता था। वे आदेश देने वाले नहीं, हाथ पकड़कर साथ चलने वाले नेतृत्व के प्रतीक थे। रज्जू भैया का सबसे बड़ा योगदान यही था कि उन्होंने संगठन को मानवीय स्पर्श दिया। उन्होंने यह सिखाया कि संगठन आदेश से नहीं चलता, विश्वास से चलता है। अनुशासन भय से नहीं आता, आत्मीयता से आता है। और राष्ट्रनिर्माण भाषणों से नहीं, चरित्रवान व्यक्तियों के निर्माण से होता है। इसी सोच ने आगे चलकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विस्तार को नई ऊर्जा दी। विश्वविद्यालयों से लेकर गांवों तक, युवाओं से लेकर प्रबुद्ध समाज तक, रज्जू भैया की संवाद शैली ने असंख्य लोगों को जोड़ा। वे वैचारिक दृढ़ता के साथ संवाद की मधुरता भी रखते थे। मतभेद हो सकते हैं, मनभेद नहीं, उन्होंने इसे अपने जीवन से सिद्ध किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के उनके विद्यार्थी आज भी स्मरण करते हैं कि वे केवल भौतिकी नहीं पढ़ाते थे, जीवन पढ़ाते थे। कठिन सिद्धांत उनकी वाणी में सरल हो जाते थे। यही सहजता आगे चलकर उनके सार्वजनिक जीवन की भी पहचान बनी। वे जहां जाते, वहां औपचारिकता नहीं, आत्मीयता का वातावरण बन जाता। वे सुनते अधिक थे, बोलते कम थे। वे आदेश नहीं देते थे, विश्वास जगाते थे। वे कार्यकर्ता नहीं बनाते थे, कर्तव्यबोध जगाते थे। आपातकाल ने अनेक लोगों की परीक्षा ली, पर कुछ व्यक्तित्व ऐसे थे जिन्होंने उस कालखंड को भी राष्ट्रचेतना के विस्तार का अवसर बना दिया। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक था। उस समय जब अनेक संस्थाएं दबाव में थीं, तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हजारों कार्यकर्ताओं ने अद्भुत धैर्य और साहस का परिचय दिया। उस कठिन कालखंड में रज्जू भैया ने संगठन को केवल संरक्षित नहीं रखा, बल्कि कार्यकर्ताओं के मन में यह विश्वास भी जीवित रखा कि सत्य और राष्ट्रधर्म अंततः विजयी होंगे। उन्होंने संघर्ष को क्रोध नहीं बनने दिया, उसे संयम और चरित्र की शक्ति बना दिया। उनका राष्ट्रवाद किसी के विरोध से नहीं, भारत के प्रति प्रेम से जन्म लेता था। उनके लिए भारत केवल भौगोलिक इकाई नहीं था, वह एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना था। वे बार-बार कहते थे कि राष्ट निर्माण का मार्ग व्यक्ति निर्माण से होकर जाता है। व्यक्ति संस्कारित होगा तो परिवार सशक्त होगा।

## यूपी में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का उत्सव

**(सुधीर कुमार)**

भारतीय चिंतन-परंपरा में कहा जाता है- 'वृक्षो रक्षति रक्षतः'। अर्थात यदि हम वृक्ष की रक्षा करते हैं तो वे हमारी रक्षा करते हैं। प्रकृति और मनुष्य के बीच इससे सार्थक संदेश शायद ही कुछ हो सकता है कि तुम वृक्ष बचाओगे तो वे तुम्हें बचाएंगे। यही शाश्वत सत्य भी है और इसी सूत्र ने सभ्यता के आरंभ से ही मनुष्य और प्रकृति के बीच अटूट संबंध प्रतिपादित किया है। जंगलों ने हमे छाया दी, नदियों ने सभ्यता का विकास किया और वृक्षों की जड़ों में हमें जीवन के मूल तत्व मिले। परंतु आधुनिक विकास की दौड़ ने हमें इतना अंधा कर दिया कि हम यह भूलते गए कि हमें जीवन देने वाली प्रकृति के प्रति भी हमारा कोई दायित्व है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन वैश्विक चुनौती बनकर खड़ा है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने एक ऐसा उदाहरण पूरे देश के समक्ष रखा है जो प्रशासनिक दक्षता की अद्भुत मिसाल के साथ ही प्रकृति के प्रति कृतज्ञता की अद्भुत अभिव्यक्ति भी है। उत्तर प्रदेश ने गत 12 जुलाई को एक ही दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधों के रोपण का रिकार्ड बनाया है। यह न सिर्फ विस्मयकारी है, बल्कि इसके पीछे योगी सरकार की तैयारी, समन्वय और विराट संकल्प भी दिखाई देता है। नेतृत्व की स्पष्ट दृष्टि और दृढ़ता भी सामने आती है। ऐसा होने पर ही असंभव लक्ष्यों को साकार किया जा सकता है। गहराई से देखने पर इस पूरे अभियान की आत्मा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पर्यावरणीय सोच दिखाई देती है। वह हमेशा से मानते रहे हैं कि विकास और पर्यावरण-संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं और उनका यही दृष्टिकोण उत्तर प्रदेश की वन नीति का आधार बना जिसने प्रशासनिक क्षमता, दूरदर्शी सोच और जनसहभागिता के अद्भुत संगम से पौधरोपण की यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। पौधरोपण को सीएम योगी ने महायज्ञ की संज्ञा दी है। भारतीय परंपरा में इसके भी निहितार्थ हैं। यज्ञ का अर्थ है त्याग, समर्पण और सामूहिक कल्याण के लिए किया गया संकल्पबद्ध कर्म। जब हम कोई पौधा रोपते हैं तो अपने लिए किसी प्रतिफल की आकांक्षा नहीं करते, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए छाया, शुद्ध हवा और जल-संरक्षण में निवेश करते हैं। हमारी सनातन संस्कृति में वृक्ष देवतुल्य हैं, नदियां मां हैं, पर्वत पूज्य हैं तो इसलिए कि हमारे मनीषियों में प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की एक गहरी वैज्ञानिक और आध्यात्मिक समझ थी। बीते नौ सालों में यूपी सरकार ने करोड़ों पौधे रोपकर इस सह अस्तित्व को संजीवनी देने के साथ ही उस सांसस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने का काम किया है, जिसमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता जीवन-दर्शन का केंद्रीय तत्व था। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और घनी आबादी वाले राज्य में, जहां औद्योगीकरण और शहरीकरण की गति तीव्र है, वहां हरित आवरण को बढ़ाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। परंतु यही चुनौती इस उपलब्धि को और भी उल्लेखनीय बनाती है। 2017 के बाद से अब तक प्रदेश में 280 करोड़ से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं। इससे राज्य के वृक्ष आवरण में लगभग तीन लाख 80 हजार एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। यह एक ऐसे परिवर्तन का प्रमाण है जो शनैः-शनैः राज्य के भूगोल, जलवायु और पारिस्थितिकी तंत्र को नया आकार दे रहा है। बंजर भूमि में हरियाली दिखना, भूजल स्तर का ऊपर आना इस बात का प्रमाण है कि जब नीति निरंतरता के साथ लागू की जाती है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी सूझबूझ पैसों को सही तरीके से संभालने में आपकी मदद करेगी। बजट को व्यवस्थित करने, पुराने बकाये को चुकाने या निवेश की योजनाओं को दोबारा जांचने के लिए यह बहुत ही अच्छा समय है। बिना सही लिखा-पढ़ी के किसी को भी धन उधार देने से पूरी तरह बचें। आपकी लगन वरिष्ठ लोगों और क्लाइंट्स को प्रभावित करेगी।

### वृष
आज पैसों के हर लेन-देन में अतिरिक्त सावधानी बरतने का संकेत देती है। किसी भी कागजात, सौदे या निवेश के प्रस्ताव को बहुत ही ध्यान से जांचें। सुनी-सुनाई बातों में आकर धन से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय न लें। दफ्तर में आज बातचीत के दौरान आपको थोड़े अधिक धीरज की जरूरत होगी। बातें पूरी तरह साफ न होने के कारण सहकर्मियों के बीच कुछ गलतफहमी हो सकती है।

### मिथुन
आज का दिन आपके आर्थिक प्रबंधन को और बेहतर बनाने में मदद करेगा। यदि आवश्यक हो, तो बीमे, टैक्स और बचत से जुड़े अपने पुराने रिकॉर्ड की अच्छे से समीक्षा कर लें। पैसों से जुड़ा कोई भी बड़ा निर्णय केवल दूसरों की राय सुनकर न लें, अपनी सूझबूझ से काम लें।

### तुला
आज आर्थिक मामलों में जोखिम उठाने के बजाय बहुत ही सोची-समझी नीति से आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। यदि आप कोई बड़ी खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो अंतिम निर्णय लेने से पहले बाजार के सभी विकल्पों की अच्छे से तुलना कर लें। बिना वजह कर्ज लेने से पूरी तरह बचें। कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

### वृश्चिक
आज नए वादे करने के बजाय अपनी पुरानी आर्थिक रणनीतियों को दोबारा परखने के लिए बहुत ही अनुकूल दिन है। यात्रा या पढ़ाई-लिखाई से जुड़े कुछ जरूरी खर्चे सामने आ सकते हैं, जिनकी वजह से बजट पर ध्यान देना होगा। सही प्लानिंग से आप अपनी आर्थिक स्थिति को पूरी तरह संतुलित रख पाएंगे। आज मुश्किल असाइनमेंट को भी समय पर पूरा करने में आपकी मदद करेगी।

### धनु
आज पैसों के मामलों में बहुत ही धीरज से काम लेने की जरूरत है। कोई भी मौका कितना ही अच्छा क्यों न लगे, बिना पूरी जानकारी के तुरंत पैसे फंसाने से बचें। बुध देव की स्थिति को देखते हुए कोई भी नया वादा करने से पहले अपनी पुरानी योजनाओं को एक बार अच्छे से देख लें। आज की गई छोटी सी बचत आने वाले हफ्तों में आपके बहुत काम आएगी।

### कर्क
आज स्वभाव और बुद्धि के कारण आर्थिक मामलों को लेकर आपकी समझ को बहुत मजबूत बनाएगी। आप अपनी आमदनी को बढ़ाने और बचत करने के नए तरीके खोज पाएंगे। परिवार की जरूरतों पर खर्च करते समय अपने बजट का ध्यान जरूर रखें। अकेले काम करने के बजाय सबके साथ मिलकर चलने से आज बहुत सुंदर परिणाम मिलेंगे।

### सिंह
आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी, फिर भी सुख-सुविधा की फालतू चीजों पर होने वाले खर्चों को रोकना बहुत जरूरी है।अपनी सच्ची जरूरतों और मन की अस्थायी इच्छाओं के बीच के अंतर को समझें। दूर की सोच रखकर किए गए फैसले ही आपको संतोष देंगे। नए विचारों पर काम करने वाले लोगों के लिए आज कुछ अच्छे अवसर सामने आ सकते हैं।

### कन्या
आज रोज के खर्चों में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है, इसलिए एक सही बजट बनाकर चलना बहुत जरूरी रहेगा। मन के अचानक आए विचारों के कारण ऑनलाइन चीजें खरीदने से पूरी तरह बचें। आपकी सही प्लानिंग ही पूरे हफ्ते आपके पैसों की स्थिति को संतुलित रखेगी।

### मकर
आज साझेदारी के कामों या परिवार के पैसों से जुड़े मामलों में आज बहुत ही गहराई से जांच-पड़ताल करने की जरूरत है। किसी भी समझौते पर आगे बढ़ने से पहले उसकी हर एक शर्त को अच्छे से पढ़ लें। जल्दबाजी के बजाय सोची-समझी आर्थिक नीतियां ही आपके हितों की रक्षा करेंगी। दफ्तर में आज व्यावसायिक साझेदारियां और सबके साथ मिलकर काम करना बहुत महत्वपूर्ण रहेगा।

### कुंभ
आज जोखिम भरे कामों से पूरी तरह दूर रहें और अपना पूरा ध्यान अपनी बचत को मजबूत करने पर लगाएं। फालतू के खर्चों को कम करके चलने से आपको बहुत राहत मिलेगी। किसी पुरानी आर्थिक योजना को दोबारा देखने से भविष्य में लाभ कमाने के कुछ अच्छे रास्ते मिल सकते हैं। हर बातचीत को बहुत ही पेशेवर तरीके से संभालें और कोई भी ऐसा वादा न करें जिसे तुरंत पूरा करना कठिन हो।

### मीन
आज आपके नए विचार भविष्य में धन कमाने के कुछ अच्छे रास्ते खोल सकते हैं। नए निवेशों में जल्दबाजी दिखाने से बचें। अपने पुराने रुके हुए भुगतानों को दोबारा देखें और पैसों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखें। आज बनाई गई सही प्लानिंग ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। आपको धीरज और जिम्मेदारी के साथ काम करने का मीठा फल देते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6154

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6153

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 6154

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | | ■ | 12 | ■ | ■ |
| ■ | 13 | | ■ | 14 | | | |
| 15 | | | 16 | ■ | | ■ | ■ |
| 17 | | ■ | 18 | 19 | | 20 | 21 |
| | ■ | 22 | | | ■ | 23 | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. यह विश्व का सबसे बड़ा जीवित पक्षी है (5)
4. यहां अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय है (2)
6. तरतीब, नियमित व्यवस्था (2)
7. जो वस्तु जल में उत्पन्न हो (3)
8. उपयुक्त, योग्य (3)
9. खेल-तमाशा दिखाने वाली एक जाति (2)
10. नदी-झरने आदि बहने का शब्द (4)
13. मर्कट, बंदर (2)
14. मदद, इमदाद (4)
15. एकदम बदल जाना, लौटना (4)
17. बगला नामक पक्षी (2)
18. किसी का हक या स्वत्व का मारा जाना (5)
22. लेख आदि की प्रतिलिपि, अनुकृति, ज्यो का त्यों किया गया अनुकरण (3)
23. जांघ या बांह पर हथेली से उत्पन्न किया जाने वाला शब्द (2)

ऊपर से नीचे
1. पुराणानुसार बुधलोक से ऊपर यह लोक है जहां दानवों तथा दैत्यों के गुरूशुक्राचार्य निवास करते है (4)
2. संबोधित व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाने वाला शब्द (2)
3. सामने वाला, तुल्य, बराबरी, समता (4)
4. लगभग 500 फिल्मों में नृत्य पेश कर चुकी है ये नृत्यांगना-अभिनेत्री (3)
5. राजपत्र को यह कहते है (3)
8. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
11. अत्यंत दुबला-पतला, लंबी गर्दन वाला एक जल पक्षी (4)
12. अभ्यास, योग्यता, काबिलीयत (4)
15. हवा, वायु (3)
16. व्यर्थ, बेफिजूल, निष्प्रयोजन (3)
19. अस्पष्ट किंतु मधुर, नीरोग होने की अवस्था, बीता या आने वाला दिन (2)
20. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
21. एहसास (अंग्रेजी)(3)

### वर्ग पहेली 6153 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | दे | वी | ■ | का | शी | ■ | दु |
| मा | न | क | ■ | फि | ल | हा | ल |
| न | ■ | एं | क | र | ■ | शि | रा |
| ■ | गं | ड | क | ■ | ग | या | ना |
| स | गा | ■ | ह | या | त | ■ | ■ |
| पा | सा | ■ | रा | ज | ■ | द | मा |
| ■ | ग | या | ■ | क | म | ल | ज |
| स | र | क | ना | ■ | ■ | ना | रा |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



# अमन सहरावत का शानदार प्रदर्शन सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण

● पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने बुधवार को पोल्याक इमरे, वर्गा यानोस और कोज्मा इस्तवान स्मृति सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वैश्विक सर्किट पर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सहरावत ने खिताबी मुकाबले में जॉर्जिया के रोबेर्टी डिंगाशविली को तकनीकी दक्षता के आधार पर 13-3 से करारी शिकस्त दी।

भारतीय दल के पदकों की संख्या तब और बढ़ गई जब दीपक ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। दीपक ने प्लेऑफ में अजरबैजान के नुरद्दीन नोवरुजोव को 9-8 से हराया। भारत 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में दो और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है। कुमार मोहित का सामना कांस्य पदक के मैच में कजाखस्तान के नाचिन कुलर से होगा जबकि उनके साथी विशाल कालीरमन तीसरे स्थान के लिए होने वाले अपने प्लेऑफ मुकाबले में कजाखस्तान के ही ओसुमजान दास्तानबेक से भिड़ेंगे।

## भारत ने मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते 19 पदक, पांच स्वर्ण भी शामिल

**जकार्ता।** भारत ने एशियन अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है। बुधवार को इंडोनेशिया के जकार्ता में खेले गए फाइनल में भारत ने अंडर-19 और अंडर-23 वर्ग में कुल पांच स्वर्ण, 10 रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। अंडर-19 महिला वर्ग में भारत ने दो स्वर्ण और छह रजत पदक जीते, जो युवाओं के दमखम को दिखाता है। 51 किलोग्राम वर्ग में चंद्रिका पुजारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की नाजोकत मार्डोनोवा को 5-0 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्राची ने भी इंडोनेशिया की दिरा आर्टिका को मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर-19 वर्ग में भारत के अन्य फाइनलिस्ट ने भी कड़ी टक्कर दी, लेकिन उन्हें रजत से ही संतोष करना पड़ा। अंडर-23 महिला वर्ग में भी भारत का प्रदर्शन शानदार रहा। भारतीय मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। 54 किलोग्राम वर्ग में निशा ने जापान की कोइन कोकुफु को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं सिंधू विश्व नंबर-पांच हान को हराया

### जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट



**अटलांटा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया। गैर-वरीयता प्राप्त सिंधू ने धीमी शुरुआत के बाद पहले गेम के बीच में लय हासिल की। उन्होंने शटल को सटीक रूप से हिट किया और रैलियों पर हावी होकर बढ़त बना ली। इसके बाद पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाया और 8-0 की बढ़त हासिल करने के बाद आसानी से मुकाबला जीत लिया।

इस जीत से सिंधू ने हान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी आन से-यंग के दूसरे दौर के मैच से हटने के बाद वॉकओवर मिल गया था।

तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी के प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद सिंधू अब टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र खिलाड़ी बची हैं। तनीशा और ध्रुव की भारतीय जोड़ी चीन की फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 47 मिनट में 20-22, 17-21 से हार गई।

# पोलार्ड अब गेल की लिस्ट में शामिल

### T20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-10 बैटर, सिर्फ एक भारतीय सूची में शामिल

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान किरोन पोलार्ड ने बेहद तेज पारी खेली और वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 8 छक्के और एक चौके की मदद से 64 रन बनाए। ये उनके टी20 क्रिकेट करियर का 70वां अर्धशतक था साथ ही इन 8 छक्कों के दम पर किरोन पोलार्ड ने अब क्रिस गेल की खास लिस्ट में भी जगह बना ली।

**किरोन पोलार्ड ने टी20 में पूरे किए 1000 छक्के-** किरोन पोलार्ड अब टी20 प्रारूप में 1000 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस लिस्ट में पहले अकेले सिर्फ क्रिस गेल ही थे, लेकिन अब पोलार्ड ने उन्हें ज्वाइन कर लिया है। क्रिस गेल ने अपने टी20 क्रिकेट करियर में खेले 463 मैचों की 455 पारियों में कुल 1056 छक्के लगाए थे। वहीं पोलार्ड की बात करें तो वो सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं और उन्होंने 746 मैचों की 663 पारियों में कुल 1001 छक्के लगाए हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आंद्र रसेल हैं जिन्होंने 600 मैचों की 517 पारियों में 792 छक्के लगाए थे। वहीं निकोलस पूरन इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। पूरन ने भी मेजर लीग क्रिकेट 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क के लिए 106 रन की शतकीय पारी खेली और इस दौरान 13 छक्के और 5 चौके लगाए। इन 13 छक्कों के दम पर अब टी20 क्रिकेट में उनके छक्कों की संख्या 764 हो गई है। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप10 बल्लेबाजों की लिस्ट में सिर्फ एक भारतीय रोहित शर्मा मौजूद हैं। रोहित शर्मा इस लिस्ट में सबसे आखिरी पायदान पर यानी 9वें स्थान पर हैं जिन्होंने अब तक खेले 472 टी20 मैचों की 459 पारियों में कुल 568 छक्के लगाए हैं जबकि इस लिस्ट में ग्लेन मैक्सवेल 8वें स्थान पर हैं जिन्होंने अब तक खेले 517 मैचों की 480 पारियों में कुल 577 छक्के जड़े हैं।



# अर्जेंटीना फाइनल में

## इंग्लैंड को 2-1 से हराया

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड को 2-1 से हराया और फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल में उनका मुकाबला स्पेन से होगा जहां वे अपना खिताब बचाने और ऐसा करने वाली दूसरी टीम बनने की कोशिश करेंगे। अर्जेंटीना की इस जीत में लियोनेल मेसी एक बार फिर अहम भूमिका में रहे उन्होंने अपनी टीम के उन दोनों गोलों में असिस्ट किया जो एंजो फर्नांडीज और लॉटारो मार्टिनेज ने किए थे।

### जर्मनी के फ्रिट्स वाल्टर का रिकार्ड तोड़ा

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी लियोनेल मेसी सबसे उम्रदराज आउटफील्ड खिलाड़ी बने और सेमीफाइनल मुकाबला खेलने वाले 39 साल से ज्यादा उम्र के पहले आउटफील्ड खिलाड़ी बने। उन्होंने वेस्ट जर्मनी के फ्रिट्ज वाल्टर का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 37 साल और 236 दिन की उम्र में 1958 का फीफा वर्ल्ड कप सेमीफाइनल खेला था। लियोनेल मेसी डिएगो माराडोना ( 1986, 1990 ) के बाद अपनी टीम को लगातार दो फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचाने वाले पहले कप्तान भी बन गए।

### मेसी ने तोड़ा 68 साल पुराना रिकॉर्ड माराडोना की बराबरी की

#### फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

फाइनल में पहुंचने के साथ ही मेसी ने एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। 39 साल 25 दिन की उम्र में लियोनेल मेसी फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाले सबसे उम्रदराज आउटफील्ड खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने स्वीडन के गुन्नार ग्रेन का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 37 साल 241 दिन की उम्र में इटली के खिलाफ 1958 का वर्ल्ड कप फाइनल खेला था। इस तरह मेसी 39 साल की उम्र के बाद फाइनल खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

#### फीफा वर्ल्ड कप फाइनल खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

| प्लेयर | देश | उम्र | साल |
|---|---|---|---|
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 39 साल 25 दिन | 2026 |
| गुन्नार ग्रेन | स्वीडन | 37 साल 241 दिन | 1958 |
| निल्टन सैंटोस | ब्राजील | 37 साल 32 दिन | 1962 |
| ओलिवियर गिरौड | फ्रांस | 36 साल 79 दिन | 2022 |
| मिरोस्लाव क्लोज | जर्मनी | 36 साल 34 दिन | 2014 |
| निल्स लीडहोम | स्वीडन | 35 साल 264 दिन | 1958 |

## वैभव, अभिषेक, पंत का रिकॉर्ड एक साथ टूटा

### ● निकोलस पूरन ने ठोका तूफानी शतक, लगाए 13 छक्के 5 चौके

**नई दिल्ली।** एमआई न्यूयॉर्क के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने मेजर लीग क्रिकेट 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ तूफानी शतकीय पारी खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा और ऋषभ पंत का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया। पूरन ने इस मैच में अपना शतक 31 गेंदों पर पूरा किया और इन तीनों दिग्गजों से टी20 क्रिकेट में कम गेंदों पर शतक लगाने के मामले में आगे निकल गए।

# वाशिंगटन फ्रीडम की शानदार जीत, स्मिथ और गौस चमके

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 का एलिमिनेटर मुकाबला वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयॉर्क के बीच खेला गया। इस मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने कप्तान स्टीव स्मिथ और एंड्रिस गौस की शतकीय पारी के दम पर एमआई न्यूयॉर्क को 6 विकेट से हरा दिया और चैलेंजर राउंड में जगह बना ली जहां उसका मुकाबला सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से होगा। इस मैच में जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। इस मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने टी20 इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया और पंजाब किंग्स का रिकॉर्ड टूट गया। वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयॉर्क के बीच खेला गया काफी रोमांचक और हाई स्कोरिंग रहा। इस मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 266 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, लेकिन वाशिंगटन फ्रीडम ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 270 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस मैच में कुल 536 रन बने और एंड्रिस गौस को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एमआई न्यूयॉर्क के लिए खेली गई निकोलस पूरन की शतकीय और कप्तान किरोन पोलार्ड की अर्धशतकीय पारी बेकार हो गई।



### स्टीव स्मिथ और गौस ने लगाए शतक

वाशिंगटन फ्रीडम को जीत के लिए 267 रन का टारगेट मिला था जो काफी मुश्किल था, लेकिन इस टीम के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने 48 गेंदों पर 9 छक्के और 7 चौकों के साथ नाबाद 110 रन की पारी खेली। स्मिथ ने अपना शतक इस दौरान 40 गेंदों पर पूरा किया। वहीं एंड्रिस गौस ने 12 छक्के और 10 चौकों की मदद से 51 गेंदों पर 132 रन की पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। स्मिथ और गौस के बीच तीसरे विकेट के लिए 89 गेंदों पर 241 रन की साझेदारी भी हुई। एमआई न्यूयॉर्क के लिए शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।एमआई न्यूयॉर्क ने इस मैच में पर्याप्त स्कोर बनाया था, लेकिन इस टीम के गेंदबाज 267 रन के स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाए। एमआई न्यूयॉर्क के लिए निकोलस पूरन ने तूफानी पारी खेलते हुए 33 गेंदों पर 13 छक्के और 5 चौकों के साथ 106 रन की पारी खेली जबकि कप्तान किरोन पोलार्ड ने भी तूफानी अंदाज में बैटिंग करते हुए 8 छक्के और एक चौके के साथ 25 गेंदों पर 64 रन की बेहद तेज पारी खेली।

# स्मिथ-गौस के शतक से जीता वाशिंगटन फ्रीडम

### टूटा पंजाब किंग्स का रिकॉर्ड; पूरन-पोलार्ड की पारी बेकार, MI न्यूयॉर्क बाहर

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 का एलिमिनेटर मुकाबला वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयॉर्क के बीच खेला गया। इस मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने कप्तान स्टीव स्मिथ और एंड्रिस गौस की शतकीय पारी के दम पर एमआई न्यूयॉर्क को 6 विकेट से हरा दिया और चैलेंजर राउंड में जगह बना ली जहां उसका मुकाबला सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से होगा।

इस मैच में जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंच जाएगी। इस मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने टी20 इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया और पंजाब किंग्स का रिकॉर्ड टूट गया। वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयॉर्क के बीच खेला गया काफी रोमांचक और हाई स्कोरिंग रहा। इस मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था।



### स्टीव स्मिथ और गौस ने लगाए शतक

वाशिंगटन फ्रीडम को जीत के लिए 267 रन का टारगेट मिला था जो काफी मुश्किल था, लेकिन इस टीम के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने 48 गेंदों पर 9 छक्के और 7 चौकों के साथ नाबाद 110 रन की पारी खेली। स्मिथ ने अपना शतक इस दौरान 40 गेंदों पर पूरा किया। वहीं एंड्रिस गौस ने 12 छक्के और 10 चौकों की मदद से 51 गेंदों पर 132 रन की पारी खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। स्मिथ और गौस के बीच तीसरे विकेट के लिए 89 गेंदों पर 241 रन की साझेदारी भी हुई। एमआई न्यूयॉर्क के लिए शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

# लक्ष्य ने श्रीलंका के खिलाफ लगाया दोहरा शतक

### 295 रन की साझेदारी कर तोड़ा 29 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** श्रीलंका अंडर 19 टीम के खिलाफ पहले अनाधिकारिक टेस्ट मैच की पहली पारी में इंडिया अंडर 19 टीम के ओपनर बल्लेबाज लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने गजब का पारी खेली और दोहरा शतक लगाया। उन्होंने पहली पारी में सागर विर्क के साथ पहले विकेट के लिए 295 रन की साझेदारी की और 29 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा जो यूथ टेस्ट में जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने बनाए थे। हालांकि लक्ष्य और सागर, गौतम गंभीर और विनायक माने से आगे नहीं निकल पाए।



**लक्ष्य ने लगाया दोहरा शतक-** लक्ष्य ने इस मैच में गजब की पारी खेली और इंडिया अंडर 19 की पारी को संभालने का काम किया। उन्होंने अपना शतक पहली पारी में 148 गेंदों पर चौका लगाकर पूरा किया जबकि उन्होंने अपना दोहरा शतक 310 गेंदों पर लगाया। हालांकि दोहरा शतक पूरा करने के बाद वो ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं पाए और आउट हो गए। पहली पारी में उन्होंने 324 गेंदों पर 207 रन बनाए और इस दौरान उनके बल्ले से 3 छक्के और 22 चौके भी

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक तीन दिनों से लापता

हसपुरा (औरंगाबाद)(नि. सं.)। जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत सोनबरसा गांव निवासी 32 वर्षीय दीपक कुमार पिछले तीन दिनों से लापता हैं। मानसिक रूप से अस्वस्थ दीपक 13 जुलाई को घर से निकले थे और उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों की शिकायत पर पौथु थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। दीपक के 80 वर्षीय पिता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि उनका बेटा 13 जुलाई को घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पौथु थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### रिसियप में थाने से चंद कदम दूर तीसरी बार चोरी का प्रयास

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। जिले के रिसियप थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक ही भवन को तीसरी बार निशाना बनाने का प्रयास किया। 15-16 जुलाई की रात चोरों ने बाउंड्रीवाल के सुरक्षा तार काट दिए, मुख्य ड्रॉप गेट को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा पहचान छिपाने के उद्देश्य से परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे और बल्ब तोड़ दिए। घटना थाना मोड़ स्थित एनएच-139 के किनारे स्थित एक भवन में हुई, जो रिसियप थाना से महज 50-60 मीटर की दूरी पर है। रिसियप निवासी ओम प्रकाश पांडेय ने रिसियप थाना में दिए आवेदन में बताया कि रात करीब 12 बजे से 2 बजे के बीच अज्ञात चोर उनके भवन परिसर में घुसने का प्रयास कर रहे थे। चोरों ने पहले बाउंड्रीवाल पर लगे सुरक्षा तार काटे, फिर मुख्य गेट को क्षतिग्रस्त किया और परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं बल्ब तोड़ दिए, ताकि उनकी पहचान न हो सके। हालांकि, सीसीटीवी कैमरा पूरी तरह बंद होने से पहले उसमें तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गईं। पीड़ित का कहना है कि यही फुटेज अब पुलिस जांच का महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। उन्होंने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

20-21 जुलाई के रेड अलर्ट को देखते हुए राहत शिविर

# संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट सभी प्रखंडों में तैयारियों की हुई समीक्षा

- सभी बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ और एमओ को सतर्क रहने के निर्देश।
- नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार मौसम विभाग द्वारा 20 एवं 21 जुलाई के लिए जारी रेड अलर्ट को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित प्रखंडों में बैठक कर संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अंचल अधिकारी (सीओ), प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ), प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संभावित बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए तथा सभी विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें।

जिला प्रशासन ने सभी प्रखंडों में संभावित राहत शिविरों के लिए पूर्व से ही उपयुक्त स्थलों का चयन कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही जलजमाव की समस्या से बचाव के लिए नालियों की साफ-सफाई एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में गोताखोरों, आपदा मित्रों एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य संसाधनों की उपलब्धता और उनकी तत्परता की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी आवश्यक संसाधन हर समय उपयोग के लिए तैयार रहें, ताकि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

इस दौरान बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को एसओपी का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सूचना का आदान-प्रदान, राहत एवं बचाव कार्य तथा प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों में कंट्रोल रूम सक्रिय रखने तथा 24 घंटे निगरानी व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संभावित बाढ़ की किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया है।

# बीपीआरओ लिखी स्कॉर्पियो से शराब बरामद, एक गिरफ्तार, सरकारी बोर्ड के दुरुपयोग की जांच शुरू

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)



जिले के जम्होर थाना क्षेत्र में बीपीआरओ बारुण और बिहार सरकार लिखी स्कॉर्पियो से शराब बरामद होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने वाहन को जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि चालक समेत दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में सरकारी पदनाम और बोर्ड के कथित दुरुपयोग की भी जांच शुरू कर दी गई है। जम्होर थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहार सरकार लिखी एक स्कॉर्पियो में शराब और शराब का सेवन करने वाले लोग सवार हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने जगदीशपुर गांव के समीप घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही स्कॉर्पियो सवार भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने जोकहरी गांव निवासी सूरजभान पासवान को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि चालक और एक अन्य व्यक्ति फरार हो गए। वाहन की तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो में छिपाकर रखा हुआ 500 एमएल का एक कैन बीयर बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने शराब और वाहन को जब्त कर थाना लाया। पूछताछ में गिरफ्तार सूरजभान पासवान ने बताया कि स्कॉर्पियो भावेश चौबे चला रहा था और उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था, जो पुलिस कार्रवाई के दौरान फरार हो गया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सूरजभान पासवान, फरार चालक भावेश चौबे तथा स्कॉर्पियो के मालिक के विरुद्ध बिहार राज्य संशोधित उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस बीच, जब्त स्कॉर्पियो के आगे 'बीपीआरओ बारुण' तथा पीछे 'बिहार सरकार' लिखा हुआ मिलने से मामला और गंभीर हो गया है। इस संबंध में बारुण प्रखंड के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) विनोद कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया कि उक्त स्कॉर्पियो से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि वह किसी स्कॉर्पियो का उपयोग नहीं करते और वर्तमान में निजी कार से आवागमन करते हैं। यदि किसी व्यक्ति ने उनके पदनाम का बोर्ड लगाकर अवैध गतिविधियों के लिए वाहन का इस्तेमाल किया है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि वाहन पर सरकारी बोर्ड किसने और किस उद्देश्य से लगाया था। प्रारंभिक जांच में मामला न केवल शराबबंदी कानून के उल्लंघन, बल्कि सरकारी पहचान और पदनाम के कथित दुरुपयोग से भी जुड़ा माना जा रहा है। वहीं, इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गिरफ्तार आरोपी थाने में चौकी पर बैठकर भोजन करता दिखाई दे रहा है। हालांकि, इस वीडियो को लेकर पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

दाउदनगर थाने का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

# एसपी ने लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन और शराबबंदी के सख्त पालन का दिया निर्देश

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने गुरुवार को दाउदनगर थाना का वार्षिक सह औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने निरीक्षण के दौरान थाना भवन, सिरिस्ता कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, थाना गार्ड, हाजत एवं पुलिस बैरक का जायजा लिया। इसके साथ ही अपराध पंजी, स्टेशन डायरी, आगंतुक पंजी, वारंट एवं कुर्की पंजी सहित विभिन्न अभिलेखों की बारीकी से जांच कर उनके अद्यतन संधारण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष तथा सभी अनुसंधानकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में थाने के लंबित एवं गंभीर मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एसपी ने वारंट एवं कुर्की के लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने, गंभीर मामलों में फरार अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने के साथ-साथ अवैध बालू खनन एवं उसके परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नियमित कार्रवाई करने पर भी जोर दिया। उन्होंने थानाध्यक्ष को थाना परिसर, बैरक एवं हाजत की साफ-सफाई बेहतर बनाए रखने, आम नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं शालीन व्यवहार करने तथा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए जिससे आम लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो, जबकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

# 13 अगस्त तक 4280 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य, बीडीओ ने कर्मियों को दिए निर्देश



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर प्रखंड में आगामी 13 अगस्त तक 4 हजार 2 सौ 80 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त आशय को लेकर कल गुरुवार को बीडीओ मो. जफर इमाम ने कर्मियों के साथ एक आवश्यक बैठक की और निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश भी जारी किया। प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित इस खास बैठक में सीओ सतीश कुमार के अलावे पंचायत सचिव, स्वच्छता पर्यवेक्षक और विकास मित्र मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार द्वारा 14 जुलाई से नए राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। स्मार्ट पीडीएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए जा रहे हैं और 13 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी करनी है। दाउदनगर प्रखंड के लिए 4280 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अलग - अलग टीमें गठित की गई हैं। बीडीओ ने निर्देश दिया कि विकास मित्र गांव - गांव घूमकर लोगों को जागरूक करें और ऑफलाइन आवेदन जमा कराएं। ऑफलाइन आवेदन पंचायत सरकार भवन या नगर पर्षद में कार्यपालक सहायक/डाटा एंट्री ऑपरेटर से एंट्री कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार जानकारी के अभाव में राशन कार्ड से वंचित नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक में संभावित बाढ़ और जलजमाव की स्थिति से निपटने की तैयारी की भी समीक्षा की गई। बिहार मौसम केंद्र द्वारा 20 और 21 जुलाई को रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसे देखते हुए बीडीओ ने कर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने और इस दौरान कोई छुट्टी नहीं लेने का निर्देश दिया।

भखरूआं मोड़ पर जलजमाव की समस्या

# सड़क पर उतरे एडीएम और एसडीओ अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

भखरूआं मोड़ पर उत्पन्न जल जमाव की समस्या के स्थाई समाधान को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने पूरी तरह मोर्चा संभाल लिया है। इसी उद्देश्य से गुरुवार को दाउदनगर एसडीएम अमित राजन के अलावे औरंगाबाद एडीएम आपदा उपेंद्र पंडित सड़क पर उतरे इसका निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ मो. जफर इमाम, सीओ सतीश कुमार सिंह, नगर पर्षद ईओ ऋषिकेश अवस्थी, राजस्व अधिकारी रोहित कुमार टाउन स्वच्छता पदाधिकारी अमन कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने बाजार रोड और एनएच -139 पर जल जमाव व जाम नालियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने नालियों की तुरंत सफाई कराने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा गया कि बरसात को देखते हुए यह काम प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए, ताकि बारिश में जलजमाव से लोगों को परेशानी न हो। एसडीओ अमित राजन ने स्वयं ढके हुए नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय दुकानदारों से अपील की कि कूड़ा - कचरा नाली में न डालकर डस्टबिन में डालें। बताया गया कि बिहार मौसम विभाग द्वारा 20 और 21 जुलाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसे देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। भखरूआं मोड़ पर बरसात से पहले साफ - सफाई कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि जलजमाव की स्थिति न बने।

# शांति समिति की पहल रंग लाई, एनएच-139 किनारे जाम नाले की सफाई शुरू

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



शांति समिति की बैठक में उठाए गए जनहित के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर ओबरा प्रखंड कार्यालय से थाना मोड़ तक जाम पड़े नाले की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। लंबे समय से नाला अवरुद्ध रहने के कारण बारिश का पानी सड़क पर बह रहा था, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई थी। सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल ने शांति समिति की बैठक में इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंता तुलसी प्रसाद को लिखित आवेदन देकर नाले की तत्काल सफाई कराने की मांग की थी। लगातार किए गए प्रयासों के बाद संबंधित विभाग ने कार्रवाई करते हुए सफाई कार्य शुरू करा दिया। स्थानीय लोगों ने नाले की सफाई शुरू होने पर खुशी व्यक्त की। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में जलजमाव के कारण सड़क पर आवागमन बाधित हो जाता था और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता था। नाले की नियमित सफाई होने से जलनिकासी व्यवस्था बेहतर होगी, सड़क पर जलभराव नहीं होगा और लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

स्थानीय नागरिकों ने जनहित की इस समस्या के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग की पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे सार्वजनिक मुद्दों का समय पर समाधान किया जाएगा।

# बराही बाजार में सार्वजनिक जमीन को लेकर बढ़ा विवाद, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बराही बाजार में सार्वजनिक भूमि को लेकर विवाद गहरा गया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1962-63 में गांव की एक समिति द्वारा हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सार्वजनिक उपयोग के उद्देश्य से यह जमीन छह लोगों के नाम पर खरीदी गई थी। उनका दावा है कि इस भूमि का उपयोग विद्यालय, सामुदायिक भवन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य जनहित के कार्यों के लिए किया जाना था।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अब कुछ लोग इस सार्वजनिक भूमि पर निजी स्वामित्व का दावा करते हुए कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसे लेकर पूरे गांव में असंतोष का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि यह जमीन गांव की साझा धरोहर है और इसे किसी भी परिस्थिति में निजी संपत्ति नहीं बनने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने शिवरतन राम, राजदेव सिंह, एजाज अहमद और चुन्नी लाल पर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में आरोपित पक्षों की ओर से कोई प्रतिक्रिया या बयान सामने नहीं आया है। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से भूमि के अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराने, सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखने तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन समय रहते हस्तक्षेप करे, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या तनाव उत्पन्न न हो। फिलहाल इस मामले को लेकर बराही बाजार और आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का माहौल है। प्रशासन की ओर से मामले की जांच और आगे की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# ऑटो की टक्कर से टोटो पलटा चालक और छात्रा घायल



निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत अंबा थाना क्षेत्र में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक टोटो चालक और उस पर सवार छात्रा घायल हो गए। यह हादसा नरहर-अंबा गांव के समीप उस समय हुआ, जब पीछे से आ रहे एक ऑटो ने टोटो में टक्कर मार दी। घायलों की पहचान गौरा गांव निवासी 14 वर्षीय कलावती कुमारी तथा चंदौत गांव निवासी 45 वर्षीय टोटो चालक नरेश बैठा के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल, कुटुंबा पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. प्रदीप पाठक ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रा कलावती कुमारी प्रतिदिन की तरह गुरुवार सुबह टोटो से अपने घर से पढ़ाई के लिए निकली थी। इसी दौरान नरहर-अंबा मार्ग पर पीछे से आए ऑटो ने टोटो को टक्कर मार दी, जिससे टोटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और चालक व छात्रा घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद पुलिस ने ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया। हालांकि, अंबा थाना प्रभारी राहुल राज ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि संभवतः डायल-112 पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की होगी और मामला अभी तक थाना स्तर पर नहीं पहुंचा है।

# दुकान का ताला तोड़कर चोरी, ₹15 हजार नकद समेत कीमती सामान ले उड़े चोर



निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)

जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच अंबा बाजार में चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 15 हजार रुपये नकद और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना अंबा थाना क्षेत्र के सतबहिनी मंदिर के समीप की है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से स्थानीय लोगों में दहशत और नाराजगी है। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। पीड़ित दुकानदार महादेव प्रसाद ने बताया कि गुरुवार सुबह जब वह रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो गल्ला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर उसमें रखे लगभग 15 हजार रुपये नकद और अन्य सामान गायब थे। उन्होंने आशंका जताई कि दुकान के मुख्य गेट के बगल में बनी संकरी जगह का फायदा उठाकर चोरों ने किसी छोटे बच्चे को अंदर भेजा, जिसने भीतर से गल्ला तोड़कर नकदी और सामान बाहर पहुंचा दिया। घटना की सूचना मिलते ही अंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि अभी तक इस मामले में लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# लोक शिकायतों की सुनवाई में डीएम ने दिए त्वरित निष्पादन के निर्देश

- भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, पंचायत भवन निर्माण समेत कई मामलों की द्वितीय अपील पर हुई सुनवाई।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार की निर्धारित कॉज लिस्ट के अनुसार विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान परिवादियों की शिकायतों को विस्तार से सुनने के साथ संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले की निष्पक्ष, तथ्याधारित एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में लोकहित एवं व्यक्तिगत शिकायतों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मामलों पर सुनवाई हुई। इनमें अशोक यादव द्वारा वर्ष 2012 में एनटीपीसी के तहत भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामला, नवीन कुमार द्वारा निजी भूमि से बिजली के पोल एवं तार हटाने की अपील, सुनील कुमार केसरी द्वारा फर्जी केवाला के आधार पर सरकारी भूमि पर निर्माण का मामला, कमलेश सिंह द्वारा अंचल अधिकारी, मदनपुर से संबंधित शिकायत, विकेश कुमार सिंह द्वारा सात वर्षों से अधूरे पंचायत सरकार भवन निर्माण को पूरा कराने की अपील, मुकेश कुमार सिंह द्वारा दाखिल-खारिज से जुड़ा मामला, मुखदेव सिंह द्वारा जमाबंदी में कथित छेड़छाड़ की शिकायत, रामदयालु सिंह एवं ग्रामीणों द्वारा निजी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग, मनीष कुमार द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने की अपील तथा रामदुलारी देवी द्वारा पति की हत्या के बाद पुनर्वास एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने संबंधी अपील सहित अन्य मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को सभी मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# रफीगंज पंचायत समिति प्रमुख को डीएम का नोटिस, भुगतान में अनियमितता और कमीशन मांगने के आरोपों पर मांगा जवाब

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



डीएम ने रफीगंज पंचायत समिति की प्रमुख गीता सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। नोटिस में 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के भुगतान में कथित अनियमितता, भुगतान लंबित रखने तथा कमीशन मांगने जैसे गंभीर आरोपों का उल्लेख किया गया है। यह कार्रवाई पंचायत समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा की गई शिकायतों और उसके बाद हुई प्रशासनिक जांच के आधार पर की गई है। पंचायत समिति सदस्य अजबुन निशा ने शिकायत में कहा था कि 15वें वित्त आयोग की योजना संख्या 34/2025-26 एवं 80/2025-26 का कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) स्तर से भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद प्रमुख के स्तर से इसे स्वीकृति नहीं दी गई, जिससे भुगतान लंबित है। वहीं, पंचायत समिति सदस्य जैनब फहमी ने आरोप लगाया कि योजना संख्या 26, 27 एवं 28/2025-26 में सामग्री आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान हो चुका है, लेकिन मजदूरों और वेंडरों के भुगतान के लिए 30 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई। शिकायत में कहा गया कि कथित कमीशन नहीं देने पर भुगतान को जानबूझकर रोके रखा गया। एक अन्य पंचायत समिति सदस्य जनेश्वर पासवान ने भी भुगतान अस्वीकृत किए जाने की शिकायत मगध प्रमंडल, गया के क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी से की थी। इन शिकायतों के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) द्वारा संयुक्त जांच कराई गई। संयुक्त जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कुछ योजनाओं में मेकर लॉगिन से भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद प्रमुख के लॉगिन से बार-बार भुगतान अस्वीकृत किया गया। इसके कारण मजदूरों और वेंडरों का भुगतान अब तक लंबित है। जिला पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायत समिति प्रमुख द्वारा अपने वैधानिक दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया तथा पद की शक्तियों का दुरुपयोग किया गया है।